कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 01:15 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 259, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





चरम पर पहुंचा 11 वर्षीय सूर्य का सौरचक्र 16

है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण 15


## एक नजर

### सलमान के घर फायरिंग मामले में शूटर गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने नवी मुंबई में पनवेल के पास बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के फार्महाउस की टोह लेने वाले और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक व्यक्ति को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार यहां इसकी पुष्टि की। हाल ही में पंजाब और महाराष्ट्र पुलिस के संयुक्त अभियान में पानीपत के सेक्टर-29 पुलिस थाना क्षेत्र से संदिग्ध सुखबीर बलबीर सिंह उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि सुक्खा, अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश के मामले में फरार था।

### ईडी ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से की पूछताछ



**गुवाहाटी।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में यहां गुरुवार को पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐप के जरिये बिटकॉइन और कुछ अन्य क्रिप्टोकरेंसी के रूप में अत्यधिक रिटर्न दिलाने के बहाने कई निवेशकों से कथित तौर पर ठगी की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि भाटिया (34) का बयान यहां एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि भाटिया को ऐप कंपनी के एक कार्यक्रम में सेलिब्रिटी के रूप में शामिल होने के लिए कुछ धनराशि मिली थी और उनपर मामले में उनकी संलिप्तता होने का कोई आरोप नहीं है।

### बाराबंकी में देवा महोत्सव का आगाज आज

**देवा (बाराबंकी)।** कौमी एकता का महाकुंभ कहे जाने वाले देवा महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होगा। पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया कुमारी आज शाम पांच बजे शेख मोहम्मद हसन द्वार पर फीता काटकर दस दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगी। यह मेला महोत्सव 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा मेले में आने वाले जायरीनों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले का पशु बाजार भी पशुओं की आमद से गुलजार है।

# रेल आरक्षण सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन की गई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 1 नवंबर से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण में होगा बदलाव

रेलवे ने यात्री गाड़ियों के लिए आरक्षण कराने की अधिकतम सीमा 120 दिन से घटाकर फिर से 60 दिन कर दी है। रेल मंत्रालय ने इस सदर्भ में बुधवार को आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि 01 नवंबर से ट्रेनों के अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तिथि को छोड़कर) कर दी जाएगी, हालांकि, 120 दिनों के 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। 01 नवंबर से, एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) 60 दिनों (यात्रा के दिन को छोड़कर) की होगी और बुकिंग उसी के अनुसार की जाएगी। तथापि, 60 दिनों की एआरपी के बाद की गई बुकिंग को रद करने की अनुमति होगी। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां वर्तमान में अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार एआरपी को 60 दिन करने का फैसला इसलिए लिया गया है ताकि अनुरक्षण कार्य के लिए प्लानिंग में आसानी होगी।

# दीपावली पर 1.86 करोड़ परिवार को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- शासनादेश जारी होते ही वितरण शुरू, 1,890 करोड़ खर्च होगा

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बीते साल की तरह इस दीपावली पर भी निशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का शासनादेश जारी कर दिया है। सरकार के इस कदम से उप्र. के 1.86 करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सीधा लाभ होगा। वहीं मुख्यमंत्री के आदेश के बाद दीपावली से पहले ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है।

साल में दो बार होली और दीपावली पर ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण किया जाता है। पिछले साल जहां 1.85 करोड़ लाभार्थी परिवार और 85 लाख से अधिक महिलाओं को इसका लाभ दिया गया था। वहीं इस साल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 1.86 करोड़ परिवार हो गयी है। इसपर 1,890 करोड़ रुपये खर्च होगा। उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार दे रही है जबकि शेष छूट राज्य सरकार देती है। योजना के तहत लाभार्थियों को 14.2 किग्रा. का सिलेंडर रिफिल दिया जाता है।

# महज 46 रनों पर सिमटी टीम इंडिया



**37** सालों बाद घरेलू मैदान पर बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

**5** विकेट न्यूजीलैंड के हेनरी ने चटकाए

**बेंगलुरू।** 37 सालों बाद घरेलू मैदान पर भारतीय टीम लड़खड़ा गई। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भारत ने अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने भारत को रिकॉर्ड 46 रन पर समेट दिया। इसके बाद डेवोन कोंवे के 91 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाए लिए। डेरिल मिचेल 14 और रचिन रविंद्र 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं। न्यूजीलैंड के पास 134 रन की बढ़त है। चिन्नास्वामी में खेले जा रहे मैच में न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने सिर्फ 15 रन देकर 5 विकेट झटके। हेनरी ने सरफराज खान, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव को अपना शिकार बनाया। पहली पारी में खराब प्रदर्शन की वजह से टीम इंडिया बैकफुट पर आ गई है। ये पहला मौका नहीं है जब भारतीय टीम होम टेस्ट की किसी पारी में धाराशायी हो गई हो। इससे पहले भी 1987 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान (अब अरूण जेटली) पर वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलते हुए भारतीय टीम मात्र 75 रनों पर ऑल-आउट हो गई थी।

# हत्याकांड के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़

**बहराइच हिंसा**

## पांचों आरोपी गिरफ्तार, दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में लगी गोली

## नेपाल की सीमा पर नानपारा थानाक्षेत्र में असलहा बरामदगी के दौरान हुई मुठभेड़

- अब तक 57 आरोपी हो चुके गिरफ्तार, 13 एफआईआर दर्ज

**संवाददाता, बहराइच/लखनऊ**

**अमृत विचार :** नानपारा थानाक्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2:50 बजे बहराइच हिंसा के दो मुख्य आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों आरोपी जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रामगोपाल की हत्या के मामले में तीन नामजद और दो अन्य आरोपियों सहित कुल पांच आरोपियों को अरेस्ट किया है। महराजगंज मामले में अब तक 57 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। हिंसा के तहत अब तक अलग-अलग 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। साथ ही लापरवाह सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ निलंबित हैं।

एसपी वृंदा शुक्ला के मुताबिक गुरुवार को पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने हिंसा और रामगोपाल मिश्रा की हत्या में नामजद आरोपियों समेत पांच को गिरफ्तार किया। इसमें मो. फहीन, मो. तालीब उर्फ सबलू, मो. सरफराज उर्फ रिंकू, अब्दुल हमीद और मो. अफजल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद असलहा बरामद कराने के लिए नानपारा इलाके में नेपाल मार्ग पर हांडा बसेहरी लेकर गई। जहां हत्या में प्रयुक्त में लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक छिपाकर रखी गई थी। पुलिस अभी बरामदगी की कार्रवाई कर ही रही थी। इसी बीच आरोपी मो. सरफराज उर्फ रिंकू और मो. तालिब उर्फ सबलू ने बंदूक से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी। दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को पहले सीएचसी नानपारा भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है। एसपी ने जिला अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी के जवान तैनात कर दिया है। वहीं अन्य तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। सरफराज की बहन बोलीं- बुधवार को पुलिस ने उठा लिया था

महाराजगंज के जिस मकान में रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या की गई थी। वह अब्दुल हमीद का था। हमीद की बेटी रुखसार ने एसटीएफ पर आरोप लगाया कि बुधवार शाम चार बजे उसके पिता अब्दुल हमीद, भाई सरफराज, फहीम और उनके साथ एक अन्य युवक को उठा लिया था। मेरे पति और देवर को पहले ही पकड़ लिया था। किसी भी थाने से उनकी कोई खबर नहीं मिल पा रही है। हमें डर है कि उनका एनकाउंटर कर हत्या की जा सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने परिजनों की सुरक्षा की अपील की है। वहीं रुखसान के बयान का वीडियो जाकिर अली त्यागी नाम के व्यक्ति के ट्विटर अकाउंट से अपलोड किया गया है।



मुठभेड़ के बाद आरोपियों को अस्पताल ले जाती पुलिस।

### बहराइच हिंसा उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की विफलताः अखिलेश



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बहराइच जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की विफलता करार दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि जब इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था तो वहां कोई पुलिस सुरक्षा क्यों नहीं थी। यादव ने लखनऊ में कहा यह बहराइच प्रशासन और सरकार की विफलता है। वे अपराध को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और हर कार्यक्रम को बहुत शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने की बात करते हैं।

### आरोपियों के खिलाफ होगी रासुका की कार्रवाई



एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि महराजगंज मामले में अभी और लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है। इस मामले में हिंसक घटना में शामिल लोगों के साथ अफवाह फैलाने वाले, साजिश रचने वाले और आरोपियों को शरण देने वाले सभी के लिए खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। सभी आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**हरियाणा में मुख्यमंत्री का शपथग्रहण**

# नायब सैनी ने ली शपथ भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के नायक बने नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को एक भव्य समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता मौजूद रहे।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को ओबीसी नेता सैनी और 13 अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाते हुए देखने के लिए हजारों लोग पंचकूला में जमा हुए थे। इस समारोह के लिए वाल्मीकि जयंती का दिन चुनकर और अपने शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और राजग सहयोगियों के लिए मंच सजाकर भाजपा ने एक साथ दो-दो संदेश दिए। ऋषि-कवि वाल्मीकि हिंदू महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं और विशेष रूप से दलितों के बीच पूजनीय हैं। मोदी ने सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और उनकी टीम को सुशासन व अनुभव का अद्भुत मिश्रण बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह सरकार लोगों के सपनों को साकार करेगी और राज्य के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के अलावा समाज के अन्य सभी वर्गों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



मोदी से शिष्टाचार मुलाकात करते सैनी।

### समारोह के बाद राजग के नेताओं ने की बैठक

शपथ ग्रहण समारोह के बाद, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों समेत राजग के नेता विकास के मुद्दों पर चर्चा के लिए यहां आयोजित एक बैठक में भी शामिल हुए। बैठक से पहले एक बयान में भाजपा ने कहा कि देशभर में 13 मुख्यमंत्री और 16 उपमुख्यमंत्री भाजपा के हैं, जबकि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, सिक्किम, नगालैंड और मेघालय के मुख्यमंत्री उसके सहयोगी दलों के हैं, जो इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। पिछले कई वर्षों में राजग का इस तरह का यह पहला सम्मेलन है।

# मुंबई आने वाली दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहने के बीच इसी तर्ज पर गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस की दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों में बुधवार को बम होने की धमकी मिली थी।

एयरलाइन के अनुसार, जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई आ रहे विस्तारा एयरलाइन के एक विमान को, बम की धमकी मिलने के बाद गुरुवार को आपात स्थिति में मुंबई हवाई अड्डे पर उतारा गया। उसने बताया कि बोइंग 787 विमान को अनिवार्य सुरक्षा जांच करने के लिए अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया है।

### नो-फ्लाई सूची में शामिल करने के विकल्प पर सरकार कर रही विचार

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय विमानों में बम होने की धमकी की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नियम लागू करने और दोषियों को 'नो फ्लाई' सूची में शामिल करने की योजना बना रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

### 8 सोशल मीडिया खाते निलंबित

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानों में बम रखे होने की धमकी देने वाले कई सोशल मीडिया खातों को साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने निलंबित या ब्लॉक कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि साइबर, विमानन सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की एक संयुक्त टीम ने विश्लेषण किया।

# मुरादाबाद में डबल मर्डर महिला की सिर कटी लाश व बच्चे का शव मिला

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई। महिला का शव गुरुवार को देवापुर के जंगल में कल्याणपुर जाने वाले चकरोड पर रामगंगा नदी के पास मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू की तो शव से लगभग 25-30 मीटर दूर सिर बरामद हुआ। इस दौरान फोरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन में जुटी थी, तभी करीब 200 मीटर दूर एक बच्चे का शव और मिला। बच्चे के शरीर पर सिर्फ अंडरवीयर है। दोनों ही शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सपा के सात प्रत्याशी मैदान में, दो सीट कांग्रेस को मिली

**उप्र. विस उपचुनाव**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर उतारा उम्मीदवार
- गाजीपुर और खैर सीट पर कांग्रेस से गठबंधन के उम्मीदवार उतरेंगे

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में सीटों का बंटवारा हो गया है। नौ सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में सपा, कांग्रेस को दो सीटें दे सकती है। सूत्रों के अनुसार, श्रीनगर में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच सीटों को लेकर बातचीत में कांग्रेस को दो सीट गाजियाबाद और खैर देने की सहमति बनी है।

इधर, गुरुवार को सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर सुम्बुल राणा को अपना उम्मीदवार बना दिया है। ऐसे में अब तक कुल सात सीट के लिए अखिलेश यादव ने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। सपा ने गाजियाबाद और खैर विधानसभा सीट पर अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इन्हीं दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार गठबंधन के तहत उतरेंगे। हालांकि, इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

# भाजपा-रालोद की मांग, 13 की जगह 20 नवंबर को कराएं मतदान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- तिथि बदलने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम मांगपत्र सौंपा
- कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की जताई आशंका

**अमृत विचार :** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की आशंका जताते हुए भाजपा और रालोद नेताओं ने गुरुवार को उप चुनाव के मतदान की तिथि 13 की जगह 20 नवंबर करने की मांग उठाई।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान समेत चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक अखिलेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत मतदान तिथि में परिवर्तन के लिए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मांगपत्र सौंपा। मांग की गई कि प्रदेश में उप चुनाव की तिथि 13 नवंबर घोषित की गई है जबकि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व है। विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद व प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में लोग तीन-चार दिन पूर्व ही पहुंच जाते है। ऐसे में मतदान की तिथि न बदली गई तो बहुसंख्यक मतदाता मतदान से वंचित रह सकते हैं। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि चुनाव आयोग शत् प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित है। भाजपा और रालोद को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि चुनाव आयोग नई दिल्ली से यथोचित पत्र व्यवहार किया जाएगा।

# तीन लाख के नकली नोट पकड़े

## उन्नाव पुलिस और एसओजी ने एक कार से किए बरामद, लखनऊ में छापते थे

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**



- प्रिंटर, वाईफाई मोडम, मानिटर, सीपीयू आदि बरामद
- लखनऊ के हाजी सलीम काम्प्लेक्स में छापते थे जालसाज

**अमृत विचारः** औरास पुलिस और एसओजी ने एक कार में छिपाकर ले जाए जा रहे करीब तीन लाख के जाली नोट व नोट छापने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने साथ ही दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद जाली नोट 100 और 500 के हैं। युवकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे लखनऊ के हाजी सलीम काम्प्लेक्स में जाली नोट छापने का काम करते थे।

पुलिस गिरोह के बारे में और जानकारी जुटा रही है। उन्नाव एसपी दीपक भूकर ने बताया कि औरास पुलिस व एसओजी को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में जाली नोटों को खपाने का कारोबार चल रहा है। इसके चलते पुलिस चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम ने औरास में एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली तो कार में डेस्क बोर्ड से 100 रुपये के 988 जाली नोट बरामद हुए। कार की डिग्गी में एक प्रिंटर, वाईफाई मोडम, एक मानिटर, एक सीपीयू, एक पेपर कटर, एक लैपटाप आदि बरामद हुए। पुलिस ने कार सवार मो. शोएब पुत्र मो. शरीफ निवासी गांव तिलोइया कला थाना संडील हरदोई व फुरकान निवासी तकिया रहीमाबाद थाना रहीमाबाद लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 500 रुपये के 394 जाली नोट व दो मोबाइल फोन भी बरामद किये।

# चीन ने भूटान में बसाई आबादी, अब डोकलाम पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए



चीन ने भूटान की पारंपरिक सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए हैं। एक रिसर्च रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार चीन के इन 22 गांवों में से 19 पूर्ण रूप से रिहायशी गांव हैं, जबकि तीन में आबादी अभी कम ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन 22 गांवों में से सात में निर्माण कार्य शुरू होने का खुलासा 2023 की शुरुआत में हो गया था।

चीन ने डेढ़ साल में इन इलाकों में तेजी से निर्माण कार्य भी किया है। इनके माध्यम से चीन की नजर डोकलाम पर है। ये क्षेत्र वही है, जिसे लेकर 2017 में भारत और चीन की सेनाएं आमने सामने थीं। भारत-चीन और भूटान के ट्राई-जंक्शन पर पड़ने वाले डोकलाम को चीन अपना बताता है। तिब्बती विश्लेषकों के नेटवर्क टरकोइस रूफ की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने 2016 में भूटान के क्षेत्र के तौर पर जाने जाने वाले अपनी सीमा के पार वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। चीन ने इन 22 गांवों में 752 रिहायशी ब्लॉक बनाए हैं, जिनमें 2284 परिवारों के रहने की व्यवस्था की गई है। इन क्षेत्रों में अधिकारियों, निर्माण कार्य में लगे कर्मियों, सीमा पुलिस और सेना के करीब 7000 लोगों को बसाए जाने की तैयारी है। यह गांव काफी ढलान वाली इलाके और ऊंची घाटी वाले क्षेत्रों में बनाए गए हैं, जिसकी समुद्र से ऊंचाई 3832 मीटर तक है। चीन का बसाया सबसे ऊंचा गांव मेनचुमा समुद्री से करीब 4670 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। चीन की तरफ से भूटान के क्षेत्र पर कब्जे की एक बड़ी वजह थिंपू की छोटी सेना और कमजोर रक्षा तैयारियां भी बताई जाती हैं। भूटान के पास इस वक्त सिर्फ 8000 सैनिक हैं, जो कि रक्षा के मकसद से तैनात किए गए हैं।

### डोकलाम पर कब्जे पर चीन की नजर

चीन ने भूटान में जिन गांवों का निर्माण किया है, उनकी लोकेशन काफी अहम है। दरअसल, चीन की तरफ से यह गांव पश्चिम और पूर्वोत्तर में स्थापित किए गए हैं। इनमें से आठ गांव पश्चिमी भूटान में हैं, जिसे 1913 में तत्कालीन भूटान के शासक 13वें दलाई लामा द्वारा भूटान को सौंप दिया गया था। इन गांवों के जरिए चीन की पश्चिम में अहम कूटनीतिक लक्ष्य पर भी नजर है। यह क्षेत्र है 89 किमी का डोकलाम का पठार।

### झूठे पैकेज डील देना चाहता है चीन

चीन की तरफ से जो गांव बसाए गए हैं, वह पूर्वोत्तर भूटान में स्थित हैं, जो कि कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए खतरा नहीं हैं। हालांकि, चीन ने 1990 तक इन्हें भूटान के नक्शे पर दिखाने के बाद फिर अपने नक्शे पर दिखाना शुरू कर दिया। आखिर चीन को भारत के खिलाफ कूटनीतिक फायदा न मिलने के बावजूद उसने पूर्वोत्तर भूटान के गांवों पर कब्जा क्यों किया? टरकोइस रूफ की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन इन इलाकों को भूटान के पश्चिम में स्थित डोकलाम पठार पर कब्जा करने के इरादे से रख रहा है।

# धर्म पर चलने से समाज और राष्ट्र का कल्याण संभव : आत्मानंद

▸▸ आध्यात्मिक प्रवचन और संत महासम्मेलन का आयोजन

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई


जगदगुरु आत्मानंद सरस्वती महाराज।


प्रज्ञा भारती पंछी देवी।

**अमृत विचार।** शांति सत्संग के 51 वें वर्ष के चतुर्थ दिन आध्यात्मिक प्रवचन और संत महासम्मेलन में जगतगुरु महामंडलेश्वर आत्मानंद सरस्वती महाराज ने धर्म की महत्वता पर जोर देते कहा कि धर्म के वास्तविक स्वरूप को पहचान कर उसे पर चलने वाला मनुष्य ही समाज, देश व राष्ट्र का कल्याण कर सकता है।

उन्होंने कहा कि बिना आचरण व संस्कार के हम स्वयं में परिवर्तन नहीं ला सकते। प्रभु श्रीराम विषम परिस्थितियों में भी एक समान रहते हैं। कहां राज्याभिषेक के बजाय वनवास जाने पर सभी परिस्थितियों में एक है माया का अधिकार ईश्वर पर नहीं जीव पर होता है, क्योंकि जीवात्मा परमात्मा का ही एक अंश है ईश्वर। अंश जीव अविनाशी रामचरितमानस हमें यह शिक्षा देता है कि मानव को जीवन में क्या करना चाहिए। हरिद्वार से आईं वेदांत विदुषी प्रज्ञा भारती गिरी पंछी देवी ने कहा कि सच्ची भक्ति से आत्म साक्षात्कार किया जा सकता है और ईश्वर से संबंध स्थापित हो सकता है। हनुमत द्वार झांसी पीठाधीश्वर जगतगुरु धीरेंद्राचार्य महाराज ने माता-पिता के साथ गौ माता की सेवा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा से ईश्वर प्रसन्न होते हैं। गौ माता की सेवा के लिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन अपना कुछ अंश व समय निकालना चाहिए। मध्य प्रदेश से आए राघवेंद्र दास महाराज ने बताया कि ईश्वर को प्राप्त करने के लिए हमें दृष्टि नहीं दृष्टिकोण बदलना चाहिए। जबलपुर मध्य प्रदेश से पधारीं पंडित आस्था दुबे एवं हरदोई जनपद के पंडित अशोक शास्त्री ने अपने प्रवचनों द्वारा कई प्रसंगों के माध्यम से मानव जीवन को श्रेष्ठ मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान की। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ल, सभासद विनोद स्वर्णकार, पूर्व सभासद विपिन सोनी सहित कई गणमान्य लोगों ने जगतगुरु एवं संत महात्माओं का पूजन अर्चन एवं स्वागत किया। संत सम्मेलन की व्यवस्था प्रकाश चंद्रगुप्त और उनके भाइयों ने संभाली। मंच का संचालन अहमदाबाद से आए डॉ अशोक चंद्रगुप्त ने किया।

## एक नजर

### चोरी के सामान के साथ दो शातिर गिरफ्तार



टोंडरपुर/ हरदोई, अमृत विचार। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत सकाहा गांव में को चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को चोरी के सामान के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित जगरूप पुत्र छोटेलाल निवासी सकाहा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मोती पुत्र रामसिंह व अंकुल यादव पुत्र आशाराम निवासी सकाहा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों के पास से पुलिस ने मोटरसाइकिल, जेवर सहित लगभग डेढ़ लाख का सामान बरामद किया है। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला महोत्सव शुरू


गणेशजी का पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** श्री राम एवं श्री कृष्ण उत्थान समिति की ओर से रामाधार दीक्षित की स्मृति में 75 वें वर्ष की श्रीरामलीला एवं मल्लावां सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन प्रमुख व्यवसायी समित पटेल ने फीता काट कर किया। तत्पश्चात गणेश जी का पूजन किया गया। प्रथम दिन श्री हरि दर्शन रामलीला नाट्य कला मंच मुंशी पुरवा के कलाकारों ने श्री गणेश पूजन, नारद मोह, रावण जन्म, रावण दिग्विजय की लीला का सुंदर वर्णन किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा, महामंत्री अरुण कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र यज्ञ सैनी, महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राम सिंह कुशवाहा, गोविंद कुमार शुक्ला, अनुराग मिश्रा, महेश यादव मौजूद रहे।

### पुलिस ने मां दुर्गा की मूर्ति की कराई प्राण-प्रतिष्ठा


प्राण-प्रतिष्ठा में मौजूद एसएचओ टड़ियावां व अन्य लोग।

**संवाददाता, टड़ियावां/हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अहिरोरी के पंथवारी देवी मंदिर में तोड़ी गई मां दुर्गा की मूर्ति गोमती में विसर्जित कर दूसरी मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। कुछ अराजकतत्वों ने पंथवारी देवी मंदिर में स्थापित मूर्ति तोड़ दी थी। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने तोड़ी गई मूर्ति को गोमती में विसर्जित कराया। नैमिषारण्य से दूसरी मूर्ति मंगाकर उसकी प्राण-प्रतिष्ठा कराई। गुरुवार को आचार्य रोहित तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। भण्डारे का आयोजन हुआ। भड़ायल पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार शुक्ला, राहुल गुप्ता, कुलदीप त्रिपाठी, अमर सिंह, राम रहीश गुप्ता, छोटे सिंह व पिंटू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनायी गयी वाल्मीकि जयंती

## विभिन्न स्थानों पर निकाली गयी शोभायात्रा, आयोजित किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरदोई कार्यालय


शाहाबाद में शोभा यात्रा से पूर्व पूजन-अर्चन करतीं उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी। अमृत विचार


महर्षि वाल्मीकि का पूजन करते पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र।


जिले के बेनीगंज में महर्षि वाल्मीकि के चित्र की आरती करता श्रद्धालु और कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वाल्मीकि जयंती समारोहपूर्वक जिले में मनाई गई। नगर में शोभायात्रा निकाली गयी। वाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया।

वाल्मीकि मंदिर में पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर ने पूजन-अर्चन किया। उन्होंने वाल्मीकिजी के बताए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। नगर में शोभायात्रा में सजाई गई झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। जगह-जगह शोभायात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

संवाददाता शाहाबाद के अनुसार मौलागंज स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर शोभा यात्रा निकाली गयी। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने पूजा अर्चना करके शोभायात्रा रवाना की।

गुरुवार को दोपहर तकरीबन एक बजे उच्च शिक्षा मंत्री ने शोभा यात्रा को रवाना किया। तत्पश्चात कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह शोभायात्रा ब्लाक चौराहा, नवीन मंडी स्थल अल्लापुर तिराहा सारी दरवाजा नगर पालिका घास मंडी, गुलाब बैंड चौराहा, सिनेमा तिराहा बस स्टैंड होते हुए वापस महर्षि वाल्मीकि मंदिर मौलागंज पहुंची। जहां पर शोभा यात्रा का समापन किया गया। उसके बाद सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण शास्त्री, विश्व हिंदू परिषद के नेता हर्षवर्धन सिंह, भाजपा के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष मुकेश वाल्मीकि, सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष बुद्धिमान सिंह, नगर अध्यक्ष सूरज सिंह, राजा वाल्मीकि, राजेंद्र बाल्मीकि, श्यामू बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

संवाददाता बेनीगंज के अनुसार नगर में वाल्मीकि समाज द्वारा धूमधाम से महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। वाल्मीकि समाज व नगर के सभ्रांत व्यक्तियों द्वारा महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। अस्थायी ठेका सफाई कर्मचारी संघ के नगर अध्यक्ष संदीप कुमार ने वाल्मीकि चौराहे पर जयंती मनाने के इंतजाम किये।

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कोटेदार राकेश कुमार वैश्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित श्री रामायण ग्रंथ की रचना से सद्मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। वहीं नगर के दुर्गा शरण वर्मा ने कहा कि वाल्मीकि जी के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें समाज की भलाई के काम करने चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती पर उन्हें याद करने मात्र से ही समाज के भले के काम नहीं हो जाते बल्कि उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से चलना होगा। उन्होंने कहा कि संत-महापुरुष समाज को नई दिशा व प्रेरणा देना का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने आपसी भाईचारे के साथ सद्भावना को मजबूत करने की अपील की, ताकि मजबूत समाज का विकास हो सके।

इस अवसर पर राकेश वैश्य, राजेश चौधरी, सुरेश सोनी, दुर्गा शरण वर्मा सहित नगर के अन्य सभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गन्ना सहकारी समिति के अध्यक्ष बने रंजीत

संवाददाता, हरदोई


रंजीत सिंह का स्वागत करते समर्थक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गन्ना समिति के चुनाव में रंजीत सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। भाजपा कार्यालय पर चुने गए सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी के अति निकट वरिष्ठ पत्रकार रंजीत सिंह गन्ना समिति हरदोई ग्रोवर्स अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इसी के साथ उपाध्यक्ष प्रीतू त्रिवेदी, बघौली सहकारी गन्ना समिति अध्यक्ष देवसेन अवस्थी, उपाध्यक्ष राजीव सिंह, सहकारी गन्ना समिति मल्लावां अध्यक्ष लल्लन सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष राम मंगल सिंह पटेल, सहकारी गन्ना समिति हरदोई (गेट) अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह 'लाल', उपाध्यक्ष कृष्ण किशोर मिश्रा, सहकारी गन्ना समिति रूपापुर अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा, उपाध्यक्ष श्याम सिंह एवं शासन द्वारा नामित निदेशक रूपापुर राजेश अग्निहोत्री, बघौली संदीप सिंह, मल्लावां शिवराज बाबा, हरदोई (गेट) नंद लाल शास्त्री, हरदोई (ग्रोवर्स) सत्येंद्र राजपूत को जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

सम्मान कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ने क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र एवं क्षेत्रीय महामंत्री एवं सहकारी गन्ना समिति चुनाव संयोजक विजय प्रताप सिंह का आभार जताया। इस मौके पर जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, ओम वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष आजाद भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**साथियों ने किया स्वागत :** जिले के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत सिंह का साथी पत्रकारों ने भी स्वागत किया। सुधांशु मिश्रा अध्यक्ष पत्रकार एसोसिएशन ने कहा कि रंजीत ने सदैव सभी को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि यह सुखद अवसर है। इस मौके पर करीममुल्ला फारूकी, सौरभ त्रिपाठी, विनोद द्विवेदी, आसिफ खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# घर में फंदा लगाकर महिला ने दी जान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** एक 35 वर्षीया महिला ने अपने घर में कमरे के अंदर दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का पति झांसी में था और वह अपने बच्चों के साथ गांव में रह रही थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

बताया गया है कि पिहानी कोतवाली के अम्बारी गांव निवासी रमन सिंह झांसी में काम करता है और उसकी 35 वर्षीया पत्नी मनीषा अपने एक बेटे सोनेंद्र और तीन बेटियों के साथ गांव में रह रही थी। बुधवार की शाम को उसने घर में कमरे के अंदर दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता होते ही मनीषा के घर पहुंचे उसके पिता शिवकुमार सिंह निवासी हरकिशन पुरवा थाना इमलिया सुल्तानपुर ज़िला सीतापुर ने बताया कि उसने करीब 15 साल पहले मनीषा की शादी की थी। फिलहाल महिला के पिता ने अभी कोई भी आरोप नहीं लगाया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### कॉन्सेप्ट हीरो ने मनाई 10वीं वर्षगांठ


10वीं वर्षगांठ पर केक काटते कांसेप्ट ग्रुप के चेयरमैन सजीव अग्रवाल।

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** कॉन्सेप्ट हीरो ने गुरुवार को दसवीं वर्षगांठ मनाई इ स मौके पर कॉन्सेप्ट ग्रुप के सजीव अग्रवाल, यशवर्धन अग्रवाल व सूर्यवर्धन अग्रवाल ने केक काटकर खुशियां मनाईं। इस मौके पर ग्राहकों को स्मार्टफोन व चांदी के सिक्के भेंट करके उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वाइस प्रेसिडेंट प्रवीण सिंह, नेक्शा के जीएम संदीप पांडे के अलावा बड़ी संख्या में कॉन्सेप्ट ग्रुप के अधिकारी व कर्मचारी और ग्राहक मौजूद रहे।

### भ्रष्टाचार की जांच रोक आरोपी प्रधान को दिया वॉक ओवर

**संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत भराव में प्रधान के विरुद्ध हुई शिकायत पर जांच को रोककर आरोपी प्रधान को जांच अधिकारी ने वॉक ओवर दे दिया है। बता दें कि ग्राम पंचायत भराव निवासी ग्रामीण पृथ्वी पाल, सर्वेश कुमार, सुधा, पिंकी और सुशीला ने ग्राम पंचायत के मुखिया पर मनरेगा योजना और पक्के कामों में हेराफेरी करते हुए लाखों रुपए बजट गबन करने का आरोप लगाया था। तकरीबन दो माह पहले हुई शिकायत पर डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने मामले में डीडीओ और डीपीआरओ को जांच सुपुर्द करते हुए आख्या तलब की, लेकिन तब करीब डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद आरोपित प्रधान तक जांच की आंच नहीं पहुंच सकी है। हालांकि डीडीओ कमलेश कुमार ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी।

### अश्लील इशारे का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** गांव में सीसी सड़क बनने को लेकर एक साधुवेषधारी बुजुर्ग का उसकी पड़ोसी महिला से झगड़ा हो गया। आरोप है कि गाली-गलौज कर रहे साधु ने महिला से अश्लील इशारे किए। इसी बीच किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस ने पड़ताल की और केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साधु की वेश-भूषा में एक बुज़ुर्ग हाथ में डंडा लिये गाली-गलौज करते हुए अश्लील इशारे कर रहा है। पड़ताल करने पर पता चला कि वीडियो पचदेवरा थाने के मुर्तज़ा नगर का है। बताया गया है कि मुर्तज़ा नगर में सीसी सड़क बन रही है, उसी को ले कर साधु वेशधारी बुज़ुर्ग का उसकी पड़ोसी महिला से झगड़ा हो गया, उसी में बुज़ुर्ग उसे गाली-गलौज करते हुए अश्लील इशारे करने लगा। इस मामले में पुलिस ने दी गई तहरीर पर केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### योजनाओं का लाभ उठायें पशुपालक



शिविर में पशुपालकों को टिप्स देते पशु चिकित्साधिकारी डा. मोहित सिंह।

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** आरोग्य पशु मेला/शिविर में पहुंचे पशुपालको को गायों या भैंसों में होने वाली ब्रुसेलोसिस बीमारी के लक्षण और उससे बचाव के तरीके बताए गए। पशु चिकित्साधिकारी ने कहा कि टीकाकरण से ही इसका बचाव किया जा सकता है। उन्होंने पशुपालकों को और भी तमाम जानकारियां दी, साथ ही सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। बावन ब्लाक की ग्राम पंचायत तत्यौरा के मजरा जोगीपुर में बुधवार को पशुपालन विभाग के बैनर तले आरोग्य मेला/शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्साधिकारी डा .मोहित सिंह ने बताया कि गौ पशुओं और भैंसो में होने वाली ब्रुसेलोसिस बीमारी एबोर्ट्स जीवाणु से होती है, टीकाकरण से ही उसका बचाव संभव है। उन्होने पशुओं के रहन-सहन और खान-पान के बारे में उचित सलाह दी, साथ ही पशुपालकों के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस बीच पंचायत सचिव मानवेंद्र शुक्ला ने कहा कि सरकार ने पशुपालकों के हितो में ध्यान में रख कर तमाम योजनाएं शुरू की हैं। पशुपालक अधिक से अधिक उन योजनाओं का लाभ उठाए। कार्यक्रम में प्रधान मुनीर, प्रधान प्रतिनिधि गगन सिंह ने आए हुए अतिथियों और पशुपालकों का स्वागत किया।

# अचानक धू-धूकर जल गयी खड़ी कार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बीच शहर में बैंक के बाहर खड़ी एक कर में अचानक आग लग गई आग लगते ही वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। किसी अनहोनी की आशंका से लोग इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने शाहजहांपुर रोड पर जाने वाले वाहनों को रोक दिया। आनन-फानन फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई तब तक आग बुझ चुकी थी।

जानकारी के अनुसार स्वर्ण जयंती चौराहा के पास स्थित बैंक आफ इंडिया आंचलिक कार्यालय के बाहर एक कार खड़ी थी। अचानक उसमें आग की लपटें निकलने लगीं। देखते ही देखते कार पूरी तरह जल गयी। बैंक के बाहर कार को जलता देख अफरा तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने शाहजहांपुर मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों को रोक दिया। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती तब तक आग बुझ गई। आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है। यह तो गनीमत थी कि उस समय वहां पर अन्य वाहन नहीं खड़े थे। बैंक होने के कारण वहां पर लगातार वाहन खड़े रहते हैं।

# संदिग्ध हालात में दो बच्चों के साथ महिला लापता

रहस्य गहराया

▸▸ ससुराल से बच्चों के साथ मायके जाने के लिए निकली थी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मां अपने 12 वर्षीय बेटे और 9 वर्षीया बेटी के साथ मायके जाने के लिए रोडवेज़ बस पर सवार हुई, लेकिन पूरा दिन बीत गया, घर नहीं पहुंची। काफी तलाश करने के बाद कुछ भी पता नहीं चला। उसके बाद गुरुवार को पुलिस को तहरीर दी गई है।

बघौली थाने के बघौली चौराहा निवासी मुनील कुमार पुत्र कल्लू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी बहन रोशनी की शादी कोतवाली शहर के न्यू सिविल लाइन (डीएम आवास) निवासी मोहित पुत्र मूल चंद्र के साथ हुई थी। रोशनी के एक 12 वर्षीय बेटा गौरव व 9 वर्षीया बेटी गौरी है। रोशनी बुधवार को अपने दोनों बच्चों के साथ मायके जाने के लिए घर से निकली थी। तीनों लोग रोडवेज़ बस अड्डे पर पहुंचे और वहां से बघौली के लिए बस पर सवार हुए। उधर घर वालों को पहले से ही पता था कि रोशनी मायके आ रही है, लेकिन सारा दिन निकल गया, वह मायके नहीं पहुंची।

मुनील ने बताया कि जब उसने लोकेशन का पता लगाने के लिए रोशनी के मोबाइल पर काल की तो पता चला कि वह अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गई है। बकौल मुनील इधर-उधर काफी तलाश की, लेकिन उन तीनों का कुछ भी पता नहीं चला। मुनील और उसके घर वाले किसी अनहोनी से घिरे हुए हैं। उसने गुरुवार को बघौली पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तीन दिन बाद भी नर्सिंग कॉलेज की छात्रा का नहीं चला पता

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** नर्सिंग का कोर्स कर रही छात्रा सुबह घर से निकली और उसके बाद से लापता हो गई। बुधवार को तीन दिन हो चुके हैं लेकिन इधर-उधर ढूंढने के बाद उसका कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस ने दी गई तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। उधर छात्रा के घर वाले उसके साथ कोई अनहोनी के होने से घबराए हुए है। पुलिस का कहना है कि छात्रा की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के धर्मशाला रोड नवीपुरवा निवासी संजय कुमार सिंह का कहना है कि उसकी 23 वर्षीया पुत्री अनुष्का सिंह उर्फ मुस्कान सोमवार की सुबह घर से निकली हुई थी, उसके बाद वापस नहीं लौटी। रात होने पर भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो घर वाले तलाश में जुट गए। अनुष्का सिंह उर्फ मुस्कान नर्सिंग का कोर्स कर रही है, उसके इस तरह लापता होने से घर के लोग कोई अनहोनी के होने से काफी घबराए हुए है। उसकी लगातार तलाश की जा रही है। पुलिस ने छात्रा के पिता संजय कुमार सिंह की तहरीर पर बीएनएस की धारा 87 के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई धर्मेन्द्र गिरि को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि हर एक पहलू से जांच की जा रही है।

लापरवाही | पांच वर्ष पूर्व बना था राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन, छात्र हो रहे परेशान

# शाहाबाद आईटीआई का नहीं हो रहा संचालन

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** स्टेशन मार्ग पर पिछले 5 साल से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन बनकर तैयार खड़ा है, परंतु विभागीय कमियों के चलते इस भवन में कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं। इससे यहां के छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चले कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में स्टेशन मार्ग पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन बनना प्रारंभ हुआ था। पिछले 5 साल से भवन बनकर तैयार खड़ा है, लेकिन इसमें कक्षाएं संचालित नहीं हो सकी। राज्य की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का डिप्लोमा लेने वाले छात्र-छात्राओं को हरदोई शाहजहांपुर जिला मुख्यालयों पर भाग दौड़ करनी पड़ती है, जिससे उनका पैसा भी बर्बाद होता है और समय भी बर्बाद होता है। परंतु शाहाबाद स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का संचालन शुरू नहीं कराया जा सका। कोई भी अधिकारी इस भवन में कक्षाएं संचालन न होने के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा है। यहां के लोगों ने प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कक्षाएं संचालित करवाने की मांग की है।



स्टेशन मार्ग पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन। अमृत विचार

# खाटू श्याम के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

संवाददाता, संडीला, हरदोई


बाबा का सजा दरबार।


भजन गाता गायक।

**अमृत विचार।** नगर के एक मैरिज हॉल में बुधवार की शाम विशाल श्री श्याम बाबा का जागरण हुआ। इमें नगर के सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत बाबा श्याम नाम जप श्री राधा नाम जप एवं श्री शिवाय नमस्तुभयं के साथ साथ हनुमान जप के साथ आरम्भ हुई। जागरण मे बाबा श्याम के साथ साथ श्री राम, हनुमानजी, भोले नाथ सहित अन्य देवी देवताओं की झांकियो का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ-साथ लखीमपुर से आए कृष्णा रस्तोगी, कानपुर से आईं शर्मा सिस्टर, हरिधर से आये विमल दीक्षित उर्फ़ पागल एवं हरियाणा से आई आठ वर्षीया पल्लवी शर्मा ने सुन्दर भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।




# नकली खून के सौदागरों पर होगी कड़ी कार्रवाई

फॉलोअप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** नकली खून का सौदा करने वाले सौदागरों की करतूतों का खुलासा होने से सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कौन है जो दूसरों की ज़िंदगी के साथ इस तरह से खेल खेल रहे हैं। फिलहाल आगे कुछ भी हो, लेकिन इतना तय माना जा रहा है कि एक पूरा गिरोह है जो इस तरह की हरकतों को अंजाम दे रहा है। उधर, इस मामले में एसपी ने कहा कि जो भी इस मामले में शामिल हैं, उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली देहात के बहर निवासी कौशल किशोर का कहना था कि उसके ससुर कृष्ण मुरारी मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। डाक्टर ने उन्हे एक यूनिट ब्लड की ज़रूरत बताई थी। उनका ब्लड ग्रुप 'ओ- पाज़िटिव' था। इसलिए उसके घर वाले आपस में बात कर रहे थे। इसी बीच विपिन तिवारी नाम का एक शख्स आया और उसने 7 हज़ार में ओ-पाजिटिव ग्रुप का ब्लड दिलाने के लिए हां कर दी।

कौशल किशोर के मुताबिक उसे उसके मुंह मांगे पैसे दे दिए गए और रात में शिवा नाम का युवक हाथ में हरदोई ब्लड बैंक के नाम से ब्लड यूनिट ले कर पहुंच गया। कौशल किशोर ने बताया कि रात होने पर डाक्टर ने अगले दिन ब्लड चढ़ाने के लिए कहा तो उसने उस यूनिट को ब्लड बैंक के रेफ्रिजरेटर में रखा दिया। बुधवार की सुबह वह ब्लड लेने ब्लड बैंक पहुंचा तो वहां के लैब टेक्नीशियन अकील खां ने देखा कि ब्लड बैग में 5416 नंबर पड़ा था, जोकि ब्लड बैंक का नहीं था और बैग भी वहां का नहीं है।

लैब टेक्नीशियन ने इतना देखा और सारा खेल समझ गए। उन्होंने पहले तो ब्लड बैंक के इंचार्ज पवन कुमार और फिर सीएमएस डा.जेके वर्मा को इस बारे में जानकारी दी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.वर्मा और इंचार्ज डा.कुमार ब्लड बैंक पहुंचे जहां खरीदी गई यूनिट की पड़ताल की तो और भी चौंकाने वाली बातें सामने आईं। मसलन एक तो बाउचर मिलान नहीं खा रहा था और दूसरी सबसे बड़ी बात कि ब्लड के बैग पर 4.50 एमएल लिखा था, जबकि सरकारी ब्लड बैंक के बैग पर 3.50 एमएल लिखा होता है। इसका खुलासा होने से मेडिकल कालेज में खलबली मच गई। हरदोई ब्लड बैंक के नाम से बाहर से लाकर बेचा जा रहा ये कैसा ब्लड है, यह तो जांच होने के बाद ही पता चल सकेगा

### एसपी बोले...वेरी सीरियस मैटर

**हरदोई, अमृत विचार।** मेडिकल कालेज में हरदोई ब्लड बैंक के नाम से खरीद कर आए ब्लड के मामले में गुरुवार को सीएमएस डा.जेके वर्मा ने एसपी नीरज कुमार जादौन से मुलाकात की। सीएमएस की तरफ से दी गई तहरीर को पढ़ने के बाद एसपी जादौन ने कहा...वेरी सीरियस मैटर। उन्होंने सीएमएस को पूरा भरोसा दिलाया कि जिन्होंने ऐसा किया है, उन्हे हर हाल में सामने लाया जाएगा और गहराई से छानबीन कर जो भी इनवाल्व है, उन्हें किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा।

### लैब टेक्नीशियन ने बताई बारीकी

**हरदोई, अमृत विचार।** ब्लड के बारे में तमाम बारीकियां हैं। सीएमएस के साथ एसपी से मिलने पहुंचे लैब टेक्नीशियन अकील खान ने ब्लड कलेक्शन से लेकर उसके ट्रान्सफ्यूजन होने तक की सारी बातें बताईं। उन्होंने एसपी को बताया कि ब्लड कलेक्ट करने के बाद उसकी कई जांचें होती हैं। बगैर जांचा-परखा ब्लड चढ़ाने से मरीज की जान खतरे में भी पड़ सकती है।

# पूजन के बाद उधरनपुर में शुरू हुआ रामलीला का मंचन


फीता काटकर रामलीला मंचन का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

**संवाददाता, उधरनपुर, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** उधरनपुर की रामलीला आरती पूजन के साथ शुरू हुई। मोहल्ले के सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी पुनीत शुक्ला ने आरती पूजन करके उद्घाटन किया। हाईवे स्थित रामलीला ग्राउंड पर गुरुवार की शाम से रामलीला शुरू हो गयी। अयोध्या के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। इस मौके पर अतुल अग्निहोत्री, श्रीप्रकाश अग्निहोत्री, डॉ. राकेश पाठक, श्री राम मिश्रा, अमित त्रिपाठी, आनंद किशोर अग्निहोत्री, राकेश अवस्थी, रवि शंकर शुक्ला, प्रशांत पांडे, अनुराग शुक्ला सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### गन्ने की अच्छी उपज के लिए प्रगतिशील किसान संजय को किया सम्मानित

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** हरियावां निवासी प्रगतिशील कृषक संजय कुमार शुक्ल को गन्ना शोध परिषद सहजनपुर में प्रमुख सचिव चीनी एवं गन्ना विकास विभाग वीना कुमारी व गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह ने प्रगतिशील कृषक संजय कुमार शुक्ल को प्रशस्ति पत्र व शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। पूर्व में भी जिले में लगभग सात -आठ बार गन्ने की अच्छी पैदावार करने वाले कुशल व जागरूक कृषक के रूप मे सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने गन्ने की अच्छी उपज करके जनपद का नाम रोशन किया है।

### पूर्व एमएलसी ने दी श्रद्धांजलि

**हरदोई, अमृत विचार।** पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप गुरुवार को हरदोई पहुंचे। उन्होंने व्यापारी नेता अतुल शुक्ला के अवास पर जाकर उनकी माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। बताते चलें कि व्यापारी नेता श्री शुक्ल की माताजी का गत माह निधन हो गया था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रेडक्रास के सदस्य रविशंकर शुक्ला, भानु प्रताप सिंह सहित श्री शुक्ल के करीबी मौजूद थे।

# अधेड़ की हत्या कर खेत में फेंका शव

## भगवंतपुर गांव में घास लेने गया था, परिजनों ने किसी से दुश्मनी से किया इनकार

दुस्साहस

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के भगवंतपुर गांव में खेत से घास लेने गए अधेड़ का उनके ही खेत में शव मिला। परिजनों हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत ममरेजपुर के मजरे गांव भगवंतपुर निवासी रामविलास (58) पुत्र पुत्तूलाल के परिजनों ने बताया रामविलास घर से दिन में लगभग दो बजे घास लाने के लिए खेत गए थे, कुछ देर बाद ही उनके ही खेत में उनके शव की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर कई थानों की पुलिस, फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुटी हुई है।


घटनास्थल की जांच करती पुलिस व फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

परिजनों ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी और विवाद नहीं था और गुरुवार को पारिवारिक लोगों के खेत की पैमाइश होनी थी। यह एक माह से गांव के ही कुछ दूरी पर स्थित धर्मकांटा पर चौकीदारी का कार्य कर रहे थे। मृतक चार भाइयों में से तीसरे नंबर के थे। रामविलास के तीन पुत्र हैं। एक पुत्र की शादी हो चुकी है, वहीं दो पुत्र छोटे हैं। मौके पर एएसपी, सीओ हरियावां, कोतवाली प्रभारी सहित कई थानों का पुलिस बल मौजूद रहा।

# ओपीडी में उमड़ी मरीजों की भीड़

मौसम का असर

संवाददाता, कोथावां, हरदोई

**अमृत विचार।** मौसम में हो रहे बदलाव के चलते संक्रामक बीमारियों ने भी पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। इसके चलते स्वास्थ्य केन्द्रों की ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है।

बताते चलें कि दिन में हो रही गर्मी व रात को मौसम के ठण्डे होने के कारण क्षेत्र में सर्दी-जुकाम, बुखार व खांसी जैसी संक्रामक बीमारियों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं जिसके चलते स्वास्थ्य केन्द्रों पर मरीजों की लम्बी लम्बी लाइनें लग रही हैं। चिकित्सा सुविधाएं मुहैया होने से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की संख्या में हो रहा इजाफा कोथावां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहले की अपेक्षा अब अधिक चिकित्सा सुविधाएं मुहैया होने के चलते यहां मरीजों की भीड़ लग रही है।



सीएचसी पर लगी मरीजों की लंबी लाइन। अमृत विचार

# पुलिस के हत्थे चढ़ा पिता का हत्यारोपी पुत्र

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पिता की ईंट से हमला कर उसकी हत्या के आरोपी पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि बीती 9 अक्टूबर की रात में शहर के मोहल्ला भट्टापुरवा में इस तरह की वारदात होने के बाद से पुलिस फरार हुए हत्यारोपी की तलाश कर रही थी।

शहर के मोहल्ला भट्टापुरवा निवासी सुनील गुप्ता का पुत्र कुलदीप गुप्ता 9 अक्टूबर की रात में नशे की हालत में घर पहुंचा, उसे ऐसी हालत में देख कर अधेड़ पिता सुनील गुप्ता ने डांटा-डपटा, पिता के डांटने से झल्लाया कुलदीप ने पहले तो हाथ चला दिया, फिर उसी बीच ईंट उठाई और अपने पिता के सिर पर दे मारी।हमले से लहूलुहान सुनील को उसके पड़ोसियों ने मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सुनील की पत्नी की तहरीर पर कुलदीप के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी थी। एसएचओ कोतवाली शहर नारायण कुशवाहा ने एसआई रामशंकर पाण्डेय और कांस्टेबिल विनीत कुमार के साथ हत्यारोपी कुलदीप को दबोच लिया।

# घर के सामने खेल रही बच्ची को ट्रैक्टर ने रौंदा




संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 3 साल की एक बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी। इसी बीच उधर से ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीरर रूप से घायल हो गयी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरानन उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिलग्राम कोतवाली के नूरपुर हथौड़ा निवासी सूरज सिंह की 3 वर्षीय बेटी सिमरन गुरुवार की सुबह गांव में अपने घर के सामने खेल रही थी। इसी बीच उधर से गुजर रही ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली ने बच्ची को टक्कर मार दी। सिमरन घायल हो गई।

हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। परिजनों ने घायल बच्ची को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, वहां उसकी कुछ ही देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच की जा रही है। उधर, इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

### वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई मौत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** बाइक से जा रहे बुज़ुर्ग को एक तेज़ रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। आनन-फानन में पहले उसे सीएचसी पहुंचाया गया, वहां से मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया। उसी बीच उसकी रास्तें में ही मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि उसके पास फिलहाल ऐसी कोई तहरीर नहीं आई है, तहरीर आते ही कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि पिहानी कोतवाली के हुल्लापुर निवासी 70 वर्षीय रामबहादुर सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह बाइक से गोपामऊ इलाके में आया हुआ था। गुरुवार की सुबह वहीं से पिहानी जा रहा था। उसी बीच गोपामऊ-पिहानी रोड पर गैस गोदाम के पास एक तेज़ रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार रामबहादुर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसका पता होते ही आस-पास के लोग दौड़ पड़े और उसे सीएचसी टड़ियावां पहुंचाया, जहां के डाक्टरो ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। घर वाले उसे ला रहे थे, उसी बीच रास्तें में ही उसकी मौत हो गई। रामबहादुर के परिवार में पत्नी मालती के अलावा बेटा अतुल और दो बेटियां है। उन सभी की शादी हो चुकी है। उधर, इस संबंध में पुलिस का कहना है कि फिलहाल उसके पास ऐसी कोई तहरीर नहीं आई है, उसके आते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

▸▸ गोपामऊ-पिहानी मार्ग पर वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

## सार-संक्षेप

### श्री बाबूलाल गुप्ता स्कूल में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर


कार्यक्रम की जानकारी देते अविनाश गुप्ता। अमृत विचार

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ एवं श्री बाबूलाल गुप्ता स्मारक समिति हरदोई और दोसर वैश्य सेवा समिति द्वारा नि : शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 19 अक्टूबर को दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक होगा। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए पूर्व शासकीय अधिवक्ता अविनाश चंद्र गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ और हड्डी रोग, सामान्य रोग विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे अनुभवी चिकत्सको की टीम द्वारा रोगियों को परामर्श दिया जायेगा। शिविर में ब्लड शुगर, बीपी, ईसीजी और बीएमडी की नि :शुल्क जांच भी होगी। उन्होंने बताया कि यह शिविर श्री प्रकाश चंद्र गुप्ता की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। बैठक में दोसर वैश्य सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि मेदांता हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सक शिविर में उपलब्ध रहेंगे। रोगी अपने रोग से संबंधित परामर्श भी ले सकते हैं। बैठक में प्रमुख रूप से सचिव श्यामजी गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, विवेक दीक्षित, अभिनव गुप्ता, तन्मय गुप्ता, आदर्श गुप्ता, शिशिर गुप्ता योगेंद्र गुप्ता, गोपालजी गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारी एवं श्री बाबूलाल गुप्ता स्मारक समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### शिक्षकों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक


बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष आलोक मिश्रा। अमृत विचार

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** एफएलएन ट्रेनिंग का बकाया भुगतान दिलाने, महंगाई भत्ते का अवशेष दिलाने सहित तमाम समस्याओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ संयुक्त कार्यसमिति की एक बैठक आयोजित की गई। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के वेतन का भुगतान कराने, नवनियुक्त शिक्षकों के वेतन अवशेष का भुगतान कराने, परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का ब्लड ग्रुप जांच कराने के लिए सीएमओ से पत्राचार करने, पुरानी पेंशन पत्रावलियों की जांच कमेटी जल्द बनाए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में बैठक का संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश दीक्षित नं द्वारा किया। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष प्रभाशंकर, जिला उपाध्यक्ष अनूप दीक्षित, बीना वर्मा, नीलिमा देशभाल, जिला संयुक्त मंत्री आशीष दीक्षित, जिला संगठन मंत्री विनोद सिंह, मनीष राठौर, राघवेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह, राधा तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी शोभित शुक्ला, ब्लॉक संयुक्त मंत्री बेहेन्दर वर्तिका सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आयेदिन बंद रहते हैं आंगनबाड़ी केंद्र

**संवाददाता, टोंडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्र आए दिन बंद रहते हैं तो कहीं केंद्रों पर सिर्फ सहायिका ही अपनी जिम्मेदारी निभाती नजर आई है और केंद्र के बच्चे विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के साथ बैठे नजर आये हैं। केंद्र पर तैनात आंगनबाड़ी सिर्फ घर पर बैठकर कागजों में अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। प्रदेश सरकार के निर्देशों की जमकर अवहेलना की जा रही हैं, जिसकी जिम्मेदारों को भनक तक नहीं लग रही है। विकास खंड क्षेत्र के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यकत्रियों द्वारा अनियमितता की जाती है। कई जगह पर कार्यकत्रियां नाममात्र पर ही सेंटरों पर पहुंचती हैं, लेकिन अधिकांश समय सहायिकाओं द्वारा ही केंद्र चलाए जाते हैं। जिन आंगनबाड़ी केंद्र के नजदीक विद्यालय हैं वहां के बच्चे विद्यालयों में ही रहते हैं। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते सरकार की मंशा पर पानी फेरा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।


स्पोर्ट्स स्टेडियम में फुटबॉल को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

### जिलास्तरीय अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता में टीमों ने लिया भाग

**हरदोई, अमृत विचार।** दो दिवसीय जिला स्तरीय अंडर -19 आयु वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच स्टेडियम -बी और केबी की टीमों के मध्य खेला गया। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम की ओर से अनस ने 1, ताज ने 2 और कृष्णा ने 2गोल किए। 5-0से टीम विजेता बनीं। दूसरा मैच स्टेडियम -बी और आईडीएफसी के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम-बी 4-1विजेता बनीं। जिसमें सनी ने 1, कृष्णा ने 2 ,यश ने 1 गोल किया। आईडीएफसी की ओर से करन ने 1गोल किया। तीसरा मैच वाईएफए और आईडीएफसी के मध्य खेला गया। जिसमें वाईएफए 3-1 से विजेता बनीं। जिसमें अनुराग ने 1अनुकल्प ने 2गोल किए। मैच में अक्षय, सनी और आयुष ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस मौके पर फुटबॉल कोच महताब अहमद, हाकी कोच शशी राठौर, नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने फाइल से पेज हटाने को कहा

## बोलीं- चाहे 50 हज़ार तक क्यों न हो खर्च, ऑडियो वायरल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** हैलो...वो जो 28/6 में दस्तखत हुए थे, वह फाइल कहां है? मैम वो फाइल तो अभिलेखागार में जमा हो चुकी है। अरे आपने क्या किया...कुछ भी करिए, उस फाइल में लगा दस्तखत वाला पन्ना वहां से हटाइए। उसके लिए चाहे 10,20,50 हज़ार खर्च क्यों न हो जाएं। एसडीएम सण्डीला अरुणिमा श्रीवास्तव की इस तरह की बातचीत का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता। एसडीएम पद पर प्रमोशन होने के बाद भी अरुणिमा श्रीवास्तव ने दाखिल-खारिज की फाइल पर सवायजपुर तहसीलदार की हैसियत से बैक डेट में दस्तखत किए थे लेकिन अब मामले में जांच शुरू हुई तो एसडीएम अपने को बचाने के लिए अभिलेखागार पहुंच चुकी फाइल में छेड़छाड़ करने के लिए चाहे जो भी पैसें खर्च हों, खर्च करने की बात कर रही हैं। एसडीएम सण्डीला का आडियो वायरल हो रहा है, जिसमें किसी मुन्ना बाबू का नाम लेकर उससे पूछ रहीं हैं। एडीएम प्रियंका सिंह ने कहा है कि मामला उनके संज्ञान में है, आडियो संज्ञान में आया है।जांच करायी जाएगी।

### आखिर क्या है मामला

**हरदोई, अमृत विचार।** सवायजपुर तहसील के डिघासर में 0 .975 हेक्टेयर और उसी तहसील के बरौली में 0 .0510 हेक्टेयर ज़मीन के दाखिल-खारिज मामले में जांच चल रही है। अरुणिमा श्रीवास्तव सवायजपुर तहसीलदार थीं लेकिन 30 जून 2023 को प्रमोशन पाकर एसडीएम बन गयीं। डीएम ने उन्हें सवायजपुर एसडीएम की ज़िम्मेदारी सौंप दी थी, उसी बीच एसडीएम का प्रमोशन पा चुकी अरुणिमा श्रीवास्तव ने 28 जून 2023 को तहसीलदार की हैसियत से दाखिल-खारिज की। उन दोनों फाइलों में अपने दस्तखत किए थे। वहीं पेच फंस गया। अब एसडीएम सण्डीला अपना बचाव करते हुए अभिलेखागार पहुंच चुकी सरकारी फाइल से छेड़छाड़ करने के लिए न सिर्फ कह रहीं हैं, बल्कि उसके लिए 10,20,50 हज़ार रुपये तक खर्च करने की बात कहती सुनी जा रही हैं।

रंग लाया प्रयास | सरकारी अभिलेखों में दर्ज है गुलाब बैंड चौराहा

# मामूली शख्सियत के नाम पर हो गया चौराहे का नाम

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कभी-कभी लोग अपना नाम करने के लिए बड़े-बड़े प्रयास कर जाते हैं और लाखों करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा देते लेकिन अपना नाम चमत्कृत करने में कामयाब नहीं हो पाते। लेकिन एक मामूली आदमी जब मामूली प्रयास करे और उसके प्रयास का नाम सरकारी अभिलेखों में दर्ज हो जाए तो इससे बड़ी उपलब्धि कहा जाएगा।

शाहाबाद में भी एक मामूली व्यक्ति ने अपने प्रयास से चौराहे का नाम बदल दिया। आज यह चौराहा सरकारी अभिलेखों में दर्ज हो चुका है और इसे उसे मामूली आदमी द्वारा दिए गए नाम से ही जाना जाता है। बात कर रहा हूं शाहाबाद के खत्ता जमाल खां मोहल्ला स्थित गुलाब बैंड चौराहे की। तकरीबन 25 वर्ष पूर्व मास्टर एजाज खां ने गुलाब बैंड के नाम से इस चौराहे पर अपनी बैंड बाजे की दुकान खोली थी। सुबह से लेकर देर रात तक यहां पर मास्टर कारीगरों के बीच बैठकर धुनों का रिहर्सल किया करते थे। सड़क के किनारे गुलाब बैंड की दो ठेलियां खड़ी होती थीं। तब लोग इसे गुलाब बैंड वाला चौराहा बोलने लगे थे। मास्टर एजाज खां ने भी नहीं सोचा होगा कि इस चौराहे का नाम ही गुलाब बैंड चौराहा हो जाएगा। मास्टर एजाज खान दिवंगत हो चुके हैं लेकिन इस चौराहे को अब गुलाब बैंड चौराहा के नाम से पहचाना जा रहा है। चौराहा को गुलाब बैंड चौराहा नाम देने का मास्टर एजाज का कोई प्रयास नहीं था लेकिन उनके द्वारा रखे गए दुकान के नाम से गुलाब बैंड चौराहा बन गया और यह चौराहा आज नगर पालिका परिषद के अभिलेखों में दर्ज हो चुका है । अब हर व्यक्ति गुलाब बैंड चौराहे के नाम से ही इस चौराहे को जानता है।

**इस चौराहे पर रहती हैं बड़ी हस्तियां : शाहाबाद।** जिस चौराहे को आज गुलाब बैंड चौराहे के नाम से जाना जाता है। इस चौराहे के आसपास शहर की बड़ी-बड़ी हस्तियां रही हैं। इन बड़ी हस्तियों में जनसंघ से पूर्व विधायक रहे डॉक्टर प्यारेलाल का नाम हर कोई जानता होगा। उसके बाद उनके पुत्र और स्थानीय राजनीति के माहिर खिलाड़ी डा. राम नाथ मिश्र का नाम भी आता है। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी शासन काल में स्थापित राष्ट्रपिता म्युनिसिपल इंटर कॉलेज भी इस चौराहे के नजदीक है, लेकिन इस चौराहे को इन लोकप्रिय लोगों के नाम से नाम नहीं मिल सका। एक अदना से दुकानदार द्वारा रखी गई दुकान के नाम से इस चौराहे को पहचान मिली।

# फरियादी को 4 घंटे थाने में रोककर रखा !

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** युवक को बेहोश कर उसका ई-रिक्शा और कैश लूटने के मामले में पुलिस का रवैया ठीक नही है। पहले तो सुरसा और बघौली पुलिस तहरीर ले कर पहुंचे फरियादी को टहलाती रही। पीड़ित का आरोप है कि बघौली पुलिस ने उसे 4 घंटे थाने रखा, लेकिन जब बात सीओ बघौली के कानों तक पहुंची और उन्होंने एसएचओ को लाइन पर लिया, उसके बाद फरियादी को बाहर किया गया।

बात मंगलवार की है, बघौली थाने के गंगूपुरवा मजरा पिपोना निवासी सुधीर पुत्र ई-रिक्शा लिए हुए बघौली चौराहे पर खड़ा था, उसी बीच दो युवक उसके पास पहुंचे और खजुरमई तिराहे से रेफ्रिजरेटर लाने की बात कह कर उसे अपने साथ लिए गए। उसके बाद से सुधीर का कुछ पता नहीं चला। अगले दिन बुधवार को सुधीर सुरसा थाने के कटिघरा के पास बेहोश मिला। ई-रिक्शा और कैश सब गायब था। सुधीर के मौसेरे भाई अविनाशी का कहना है कि सुधीर को मेडिकल कालेज में भर्ती कराने के बाद वह तहरीर ले कर पहले सेमरा चौराहा पुलिस चौकी और फिर सुरसा थाने पहुंचा, जहां उसे बघौली थाने का मामला बताया। अविनाशी का आरोप है कि पुलिस लूट को नकार रही है।

# डीएम ने की खाद गोदाम में छापेमारी

## उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी दिखे सख्त, रजिस्टर का किया आंकलन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** किसानों को उर्वरक की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी ने खाद गोदामों पर छापेमारी कर वहां का निरीक्षण किया। उन्होंने गोदाम में उर्वरकों के स्टॉक रजिस्टर का आंकलन किया, इस दौरान उनके साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। वहीं उनके निर्देश पर शहर से लेकर तहसील क्षेत्रों में भी अन्य अधिकारियों ने भी स्टॉक पंजिका और रजिस्टर चेक किए।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नगर स्थित विजय लक्ष्मीनगर में थोक उर्वरक विक्रेता मैसर्स मूसाराम शिवरामदास के गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मौके पर उप कृषि निदेशक उपस्थित रहे। गोदाम के प्रतिनिधि अमित शुक्ला द्वारा फर्म से सम्बन्धित अभिलेख स्टॉक पंजिका, बिक्री पंजिका प्रस्तुत की गयी। स्टॉक पंजिका के अनुसार, डीएपी 52 बोरी, एमओपी 480 बोरी, एनपीके 174 बोरी, एसएसपी 1145 बोरी पायी गयी। गोदाम में भण्डारित उर्वरक का मिलान किया गया। ऐसे में डीएपी का 1 नमूना ग्रहित कर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। प्रतिनिधि शुक्ला द्वारा कराया गया कि 300 बोतल नैनो डीएपी प्राप्त हुई थी, जिसके सापेक्ष 124 बोतल का वितरण किया गया है। अभी भी 176 बोतल नैनो डीएपी अवशेष है। थोक विक्रेता को अभिलेखों का रख-रखाव सही ढंग से करने के साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गोदामवार भण्डारित उर्वरकों का अलग-अलग स्टॉक रजिस्टर बनाया जाये तथा स्टॉक बोर्ड प्रदर्शित किया जाये। इसी कड़ी में सिधौली, महोली, बिसवां और महमूदाबाद में भी स्टॉक रजिस्टर चेक किये गए। अलग- अलग स्थानों पर हुए औचक निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



स्टॉक की जानकारी लेते खाद गोदाम पहुंचे जिलाधिकारी। अमृत विचार

### विधायक ने निर्माण कार्यों की कराई सैंपलिंग

**संवाददाता थानगांव, सीतापुर :** विधायक ज्ञान तिवारी ने इलाके में हो रहे नाला निर्माण कार्य स्थल का जायजा लिया। एई सुमित शुक्ला और जेई विनोद कुमार से निर्माण कार्य में प्रयुक्त ईंटों के अलावा सामान की गुणवत्ता को जाना। गुणवत्ता के विपरीत कराए जा रहे कार्य के उठे दावे को लेकर निर्माण सामग्री की सैंपलिंग भी करवाई गई। विधायक ज्ञान तिवारी ने बताया कि किसी के घर को क्षतिग्रस्त नहीं किया जाएगा। नाला निर्माण होने से ग्रामीणों को जलभराव की समस्या से सहूलियत मिलेगी।

## एक नजर

### लोक अदालत को लेकर किया विचार-विमर्श

**सीतापुर :** अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा एक बैठक फाइनेन्स कम्पनियों के अधिकारियों के साथ की गयी। बैठक की अध्यक्षता भगीरथ वर्मा अपर जिला जज, कोर्ट-14/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा ली गयी। उक्त बैठक में अपर जिला जज/सचिव द्वारा उपस्थित समस्त फाइनेन्स कम्पनी द्वारा नामित कर्मचारीगणों से 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक फाइनेन्स के रिकवरी वादों को निस्तारित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किये जाने पर विचार-विमर्श किया गया।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**लहरपुर, सीतापुर :** नगर के मोहल्ला अम्बर सराय निवासी ज्ञानू की शादी 9 माह पूर्व सलारपुर निवासी 22 वर्षीय प्रिया के साथ हुई थी। प्रिया अपनी ससुराल अम्बर में थी। देर रात बेड पर लेटी थी, इसी दौरान सांप ने काट लिया। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# कृषि उत्पादन बढ़ाने को किया विचार-विमर्श

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें कृषि तथा उद्यान, पशुपालन, गन्ना, सिंचाई, नहर विद्युत, मत्स्य, सहकारिता आदि विभागों द्वारा आगामी रबी सीजन में कृषि उत्पादन को बढ़ाए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही उत्पादन बढ़ाने के लिए संबंधित विभाग की तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में डीएम अभिषेक आनंद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सत्र के लिए कृषि निवेशों की आवश्यकता का आंकलन करते हुए कृषि निवेशों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को किसान सम्मान निधि से वंचित किए जाने पर भी विचार किया जा रहा है। उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि खेत में पड़े फसल अवशेषों पर बायो-डिकम्पोजर का प्रयोग कर किसान खेत में ही डिकम्पोज कर (सड़ा) सकते हैं अथवा पैडी स्ट्राचापर, श्रेडर, मल्चर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लेशर, हाइड्रोलिक रिवर्सेबल एमबी पलाऊ, सुपर सीडर, बेलर, सुपर स्ट्रा, मैनेजमेंट सिस्टम यंत्रों के माध्यम से फसल अवशेषों को खेत में मिला सकते हैं। इससे भूमि की दशा में सुधार होता है और उत्पादन बढ़ता है। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, लघु सिंचाई अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, अधिशाषी अभियन्ता नहर, जिला कृषि अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

**डीएम ने दी लहरपुर सीएचसी प्रभारी को शाबाशी, सीतापुर:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक में ब्लॉकों के चिकित्सा अधीक्षक एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां-जहां आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्टीडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर, वजन मशीन आदि खराब हैं। उनको जेएस फंड से खरीदवाना सुनिश्चित करें। लहरपुर के चिकित्सा अधीक्षक की तारीफ की गई, जिन्होंने अपने जेएस फंड से कई स्टीडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर एवं वजन मशीन है आदि खरीदवा दीं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, आईएएस नितिन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह रहे।

# युवक की मौत पर अड़े परिजन, केस दर्ज

संवाददाता कमलापुर, सीतापुर

- परिजनों ने बिसवां-सिधौली मार्ग किया जाम, पुलिस ने युवक के दोस्त के विरुद्ध दर्ज किया अभियोग

**अमृत विचार:** लापता युवक की मौत का मामला गहरा गया। सिधौली- बिसवां मार्ग पर परिजनों और ग्रामीणों ने जाम लगाया। बढ़ते हंगामें के बीच युवक के दोस्त पर हत्या किये जाने का अभियोग दर्ज हुआ है। पुलिस आरोपी की तलाश में है।

कमलापुर थाना क्षेत्र के सीतारसोई गांव से लापता हुए अच्छेलाल का शव दो दिन बाद एक गांव के बाहर मिला था। शरीर पर चोटों के निशान का दावा करते हुए पीड़ित पक्ष ने युवक के दोस्त और गांव निवासी संजू मिश्रा पर हत्या किये जाने का आरोप लगाया। देर रात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरुवार सुबह परिवार के लोग और गांव के कई सैकड़ा ग्रामीण सिधौली-बिसवां मार्ग पर जमा हो गए और जाम लगा दिया। बढ़ते हंगामे के बीच एसओ कमलापुर प्रदीप सिंह मौके पर पहुंचे, पीछे से सीओ कपूर कुमार भी आ गए। परिवार को केस दर्ज करने का आश्वासन दिया। इसी के बाद अच्छेलाल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने संजू मिश्रा के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया।



बिसवां- सिधौली मार्ग पर सड़क जाम कर प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

मामले में थानाध्यक्ष का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है। फिलहाल अन्य साक्ष्यों को भी आधार बनाया गया है ताकि घटना से जुड़ी सारी स्थितियां सामने आ सकें। गांव में पुलिस बल तैनात है।

### दौलतियापुर गांव में युवक पर धारदार हथियार से हमला

**संवाददाता, पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार :** पिसावां थाना क्षेत्र के दौलतियापुर गांव में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि पत्नी से नजदीकी संबंध रखने वाले आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। दौलतियापुर निवासी कल्लू पुत्र वीरपाल का गांव के ही अतुल पुत्र कुंवर पाल सिंह पर धारदार हथियार से हमला का आरोप है। कल्लू का दावा है कि विपक्षी की उसकी पत्नी से करीबियां है। इस बात को लेकर उसका अपनी पत्नी से कुछ समय से विवाद चला आ रहा है। इसी को लेकर जब उसने थाने जाकर शिकायत की। तो विपक्षी विपक्षी हमलावर हो गया। कल्लू के मुताबिक, वो अपने खेत में मूंगफली खोद रहा था, तभी अतुल आ गया। इसी के बाद उसने धारदार हथियार से हमला कर दिया। बढ़ते बवाल के बीच आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# गेस्ट हाउस में मिले पटाखे, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

- आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने दर्ज किया केस
- मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में एसडीएम ने की छापेमारी

**अमृत विचार:** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में उपजिलाधिकारी ने देवा गेस्ट हाउस में छापेमारी की, इसके हड़कंप मच गया। यहां भारी मात्रा में पटाखों की खेप मिली। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध केस दर्ज किया है।

मिश्रिख कस्बा स्थित मछरेहटा मार्ग पर देवा गेस्ट हाउस है। एसडीएम पंकज सक्सेना के मुताबिक, सूचना मिली थी कि बड़ी संख्या में पटाखे छिपाकर रखे गए हैं। इन्हें दीपावली में अवैध तरीके से बेचा जाएगा। इसी सूचना पर एसडीएम और क्षेत्राधिकारी मिश्रिख के अलावा इंस्पेक्टर शैलेंद्र श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और देवा गेस्ट हाउस में छापेमारी की। निचले तल पर बने गोदाम में भारी मात्रा में पटाखों की खेप मिली। इसमें बड़ी मात्रा में महंगे पटाखे शामिल थे। जांच पड़ताल के दौरान कोई भी रसीद नहीं मिली। इंस्पेक्टर मिश्रिख का कहना है कि अवैध तरीके से रखे पटाखे को जब्त करते हुए गेस्ट हाउस के मालिक देवा गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। तहसील प्रशासन की ओर से मिली तहरीर के आधार पर देवा गुप्ता सहित दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।




# दोषी को 10 साल का कारावास

**विधि संवाददाताा, सीतापुर, अमृत विचार:** घर में घुसकर विवाहिता के साथ छेड़छाड़ और बलात्कार के बाद क्षुब्ध पीड़िता द्वारा आत्महत्या करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट ने दोषसिद्ध अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास और 27 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। इस मामले में मछरेहटा थानाक्षेत्र के भारासेनी निवासी शत्रोहन लाल पुत्र नत्था को आरोपी बनाया गया था। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश ने दोषसिद्ध अभियुक्त शत्रोहन लाल पुत्र नत्था को 10 वर्ष कठोर कारावास एवं 27,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। उधर, जमीन के विवाद में महिला पर बांके से प्रहार कर देने से हुई मृत्यु के मामले में न्यायालय विशेष न्यायाधीश ने रामश्री पत्नी ज्वाला सिंह और ज्ञानी सिंह पुत्र ज्वाला सिंह निवासीग्राम बिरैंचा को 5 वर्ष कठोर कारावास एवं 17-17 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पहला सीतापुर**

पत्रांकः 1994 / पं0वि0 / पन्द्रहवां वि0 / निविदा सू0 / 2024–25 दिनांक :–– 16.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से पं0वि0 /– पन्द्रहवां वि0 योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18–10–2024 से 24–10–2024 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पहला से प्राप्त की जा सकती है। मोहरबंद निविदा दिनांक 25–10–2024 को अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनाँक 25–10–2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा ।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत GST- सहित | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत धैला मजरा रहिका में रामप्रसाद भार्गव के घर से सागर भार्गव के घर की ओर इंटरलाकिंग व कवर्ड नाली निर्माण कार्य । | 997521.00 | 100000.00 | 1000.00 | 03 माह | क्षे0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

**निविदा की पात्रता :** – 1 – निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक 24–10–2024 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पहला सीतापुर से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभिव (ग्रा0अभि0वि0) से प्राप्त की जा सकती है । 2 – निविदा प्रपत्र के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीयन, श्रम विभाग में पंजीयन का प्रमाण पत्र, धरोहर धनराशि का खण्ड विकास अधिकारी पहला के पक्ष में बंधक एफ0डी0आर0 अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। उक्त के अभाव में निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**पहला, सीतापुर**

# 10 फिट का निकला अजगर, मचा हड़कंप



अजगर को पकड़ते ग्रामीण और वन्यकर्मी। अमृत विचार

संवाददाता पिसावां, सीतापुर

**अमृत विचार:** खेत पर काम करने जा रहे लोगों ने खेत में अचानक अजगर को निकलते देखा तो लोगों में हड़कंप मच गया। अजगर निकलने की बात पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई, जिसके बाद उन्होंने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे उस पर काबू नहीं कर पाए। वहीं लोगों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया।

पिसावां थाना क्षेत्र के भिठौरा गांव के बाहर पूरब दिशा में खेत पर काम करने जा रहे लोगों ने खेत में करीब 10 फीट बड़ा अजगर देखा तो उनके होश उड़ गए। अजगर निकलने की सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। लोगों ने अजगर को पकड़ने के लिए वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ कर कठिना नदी के किनारे जंगल मे छोड़ दिया। वन दरोगा विनीत सक्सेना ने बताया कि अजगर की लंबाई करीब दस फिट और वजन पचास किलो के ऊपर था। उन्होंने बताया अजगर को पकड़ कर कठिना नदी के किनारे जंगल में छोड़ दिया गया है।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै SAMSHYUDDHIN S/O SARAFAT ALI निवासी ग्राम– ओझवा, ग्राम पंचायत व पोस्ट–मोहरबा, थाना– मटेरा, जनपद–बहराइच ने अपना नाम SAMSHY UDDHIN से बदल कर SHAMSUDDIN ALI कर लिया है। आजसे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रंजीता पत्नी कमलेश गौतम, निवासिनी– 13, मान खेड़ा, मल्हौर रोड, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0,** मेरी भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी जिसका नं0 –319604780 में मेरा नाम रिनित गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम रंजीता है जो आधार कार्ड में भी दर्ज है। अतः मुझे रंजीता के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अगस्तेय कुमार पाठक पुत्र स्व0 दशरथ पाठक, निवासी– सैनिक इक्लेव, बिजनौर, लखनऊ उ0प्र0 मो0नं0– 6005503907,** मेरी पुत्री कुमारी राधा पाठक का 12वीं पासिंग का के0वी0सी0आर0 बिजनौर लखानऊ द्वारा जारी (Transfer Certificate) टी0सी0 () वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **पार्वती देवी पत्नी विश्वनाथ गुप्ता, निवासी–मकान नं0–15/37, मुंशी पुलिया, इंदिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0–226016,** मेरे पैन कार्ड जिसका नं0 –AOFDP4735A में पार्वती देवी (Parvati Devi) एवं उनके पिता का नाम विश्वनाथ (Vishwanath) त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि मेरा नाम पार्वती देवी तथा पिता का नाम भगवान दीन जायसवाल है।, अतः मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम भगवान दीन जायसवाल (Bhagwan Deen Jaiswal) अंकित किया जाय। जो कि सत्य एवं सही है।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरा पुत्र अशोक कुमार उर्फ मोनू व उसकी पत्नी कोमल का चाल चलन अच्छा नही है। दोनो के कार्य व्यवहार को देखते हुए अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए कार्यो का उत्तदायित्व मेरा नहीं होगा। **–रामबाबू पुत्र रामदीन निवासी– ग्राम 260 बाघपुर, तहसील मैथा, थाना शिवली, कानपुर देहात**

**सूचना**

मेरे राशन कार्ड संख्या 215840612286 में मेरा नाम त्रुटिवश गुड़िया दर्ज हो गया है , जो गलत है । जबकि आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों के मेरा नाम शाबिरा है , जो सही है । अतः मेरे राशन कार्ड के मेरा सही नाम शाबिरा दर्ज किया जाए। **शाबिरा पत्नी आशिक अली निवासिनी – ग्राम असलाहपुर मजरे – खालिकपुर कला ब्लाक व तहसील – ऊंचाहार जिला – रायबरेली**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड नंबर 339588871851 में मेरा नाम त्रुटिवश यधुवीर सिंह पुत्र सुनील कुमार जन्मतिथि 15–07–2001 गलत अंकित हो गया था जबकि मेरे सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम शैलेंद्र यादव पुत्र विधाराम व जन्मतिथि 11–04–1998 अंकित है। अतः मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम शैलेंद्र यादव व पिता का नाम विधाराम, जन्म तिथि 11–04–1998 अंकित करना चाहता हूं जो कि सही व सच है। **शैलेंद्र यादव पुत्र विधाराम, निवासी– ग्राम शंकरपुर, पोस्ट लोकपुर, थाना विशुनगढ़, तहसील छिबरामऊ, (कन्नौज)**

**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?**

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK **वाचक आयुर्वेद** ®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा ?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
**7080239313**
**7570060266**

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

## एक नजर

### पुलिस ने अभियान चलाकर पकड़े वांछित

**सीतापुर :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित और वारण्टियों के विरुद्ध जिले में अभियान चलाया जा रहा है। प्रभावी कार्रवाई के तहत आरोपी जेल भी भेजे गए हैं। थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा तालगांव के रामलखनऊ निवासी चन्द्रभाल पुत्र केशवराम को गिरफ्तार किया गया। थाना थानगांव पुलिस टीम द्वारा वारंटी हिस्ट्रीशीटर सुरेश सिहं पुत्र हजारी सिहं निवासी करौत थाना थानगांव को दबोचा गया। थाना पिसावां पुलिस टीम द्वारा वांछित फूलचन्द पुत्र पुत्तूलाल पासी निवासी ग्राम ढखियाकलां को जेल भेजा गया। इमलिया सुल्तानपुर पुलिस टीम ने अमित शुक्ला पुत्र विमलेश निवासी कौरेया उदयपुर को गिरफ्तार किया। थाना मिश्रिख पुलिस टीम द्वारा उचौलीपुरवा निवासी नन्हू पुत्र पुतु पासी, सन्तराम पुत्र रामपाल पासी, इन्द्रपाल उर्फ इन्दल पुत्र चन्द्रिका पासी उदन पुत्र मालिकराम पासी और पाल्हापुर निवासी रामऔतार पुत्र गुरदीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### असलहा-कारतूसों के साथ पकड़ा गया शातिर

**सीतापुर :** तंबौर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर को गिरफ्तार किया। दावा है कि आरोपी के कब्जे से असलहा और कारतूसें भी मिली हैं। क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि तंबौर पुलिस टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी छतांगुर गांव के करीब से बरछता निवासी अजय उर्फ चौधरी पुत्र लालाराम को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास असलहा और कारतूसें मिली हैं। आरोपी के विरुद्ध लखीमपुर खीरी और सीतापुर जनपद में एक दर्जन के करीब गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

### लहरपुर में चौराहों से होकर गुजरी शोभायात्रा

**लहरपुर, सीतापुर :** महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर के मोहल्ला बेहटी से वाल्मीकि मंदिर से भगवान वाल्मीकि की शोभा यात्रा निकली गई। ये कस्बे के खत्रियाना चौराहा होते हुए पाटन दिन चौराहा और आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज होते हुए वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर शोभा यात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में वाल्मीकि समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# किसानों को अनुमन्य है दस लाख रुपये तक का अनुदान

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजनान्तर्गत 30 लाभार्थियों का राजकीय पौधशाला-स्वरूप नगर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही द्वारा किया गया।

लाभार्थियों को जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अन्तर्गत कृषकों के प्रस्ताव पर अधिकतम प्रोजेक्ट लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपये का अनुदान अनुमन्य है। साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उपस्थित कृषकों को विशेषज्ञ निहारिका सिंह, मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार, एलडीएम संजय सिंह ने प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक संदीप सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकुल श्रीवास्तव, प्रबन्धक एसबीआई भूपति ने संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# गन्ना समितियों पर भाजपा का कब्जा, गुड़िया बनीं अध्यक्ष

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिले की छह गन्ना समितियों पर भाजपा काबिज हुई। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन निर्विरोध हुआ। गन्ना समितियों के चुनाव में सभापति और उप सभापति के अलावा अन्य प्रतिनिधियों का चुनाव भी संपन्न हुआ।

जिले की बहुचर्चित सीट पर महोली गन्ना समिति से धीरेंन्द्र सिंह चौहान की पत्नी गुड़िया सिंह अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुईं। अनुरुद्ध कुमार मिश्र उपाध्यक्ष पद


महोली में जीत का प्रमाण पत्र लेतीं गुड़िया। अमृत विचार

के लिए चुने गए। श्रीनाथ बाजपेई का चयन नामित संचालक के रूप में हुआ। सीतापुर गन्ना समिति में अनुपमा सिंह निर्विरोध अध्यक्ष बनी वहीं केके बाजपेई को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। हरगांव गन्ना

- **सीतापुर समिति की अध्यक्ष बनीं अनुपमा, अन्य में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर चुने गए निर्दलीय**

विकास समिति में अध्यक्ष पद के लिए शांति मिश्रा निर्विरोध चुनी गईं। उपाध्यक्ष पद पर नत्थाराम निर्विरोध निर्वाचित हुए। गन्ना समिति कमलापुर में अध्यक्ष पद के लिए गीता सिंह निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। उपसभापति गौरव मिश्रा को चुना गया। गीता सिंह को गन्ना संघ, अशोक कुमार को इफको लिमिटेड, श्रीकृष्ण को जिला सहकारी बैंक के अलावा आशा देवी को शासन द्वारा नामित सदस्य बनाया गया। बिसवां गन्ना समिति में अध्यक्ष पद पर सुधाकर शुक्ला व राकेश वर्मा को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। गन्ना सहकारी विकास समिति रामगढ़ सरवा के चेयरमैन रामगोपाल अवस्थी चुने गए। वहीं रामगढ़ में शासन की तरफ से अरुण त्रिपाठी का चयन किया गया। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान सांसद अशोक रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव, विधायक शशांक त्रिवेदी, विधायक ज्ञान तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# शहर से गांव तक फैला डेंगू का डंक

## जिला अस्पताल में एक सप्ताह के भीतर तेजी से बढ़े मरीज, मेडिकल वार्ड के करीब बनाया गया डेंगू वार्ड

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** बदले मौसम के बीच बीमारियां बढ़ चली हैं। सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या जिला अस्पताल में बढ़ी है। शहर से लेकर गांव तक डेंगू बढ़ने के कारण अस्पताल में वार्ड भी बना दिया गया है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन का मानना है कि डेंगू शरीर को बेहद कमजोर बना देती है, इसलिए समय रहते इस बीमारी से बचाव आवश्यक है।

जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड के करीब डेंगू वार्ड में सात मरीज भर्ती हैं। परिजनों के अनुसार, सभी को तेज बुखार आने के बाद लाया गया, परीक्षण में डेंगू की पुष्टि होने पर मरीज को भर्ती कराया गया। अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. अनुपम मिश्रा का कहना है कि बदल रहे मौसम के कारण बुखार के मरीज बढ़े हैं। डेंगू मच्छरों के काटने से भी मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। वहीं इससे जुड़ा बुखार खतरनाक है। यदि सही समय पर इलाज नहीं मिलता, तो ये जानलेवा भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि इसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं। फिलहाल अस्पताल


जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार


चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती तेज बुखार की चपेट में आए बच्चे। अमृत विचार

### घरों में नियमित रूप से साफ-सफाई आवश्यक

घर और आसपास नियमित रूप से सफाई करना आवश्यक है। साथ ही पानी जमा न होने दें, क्योंकि मच्छर रुके हुए पानी में अंडे देते हैं। कूलर, टायर आदि में जमा पानी रोजाना खाली करके साफ करें। पानी की टंकी और बर्तन को ढककर रखें ताकि मच्छर उसमें अंडे न दे सकें।

### घरों में लगवाएं जाली और मच्छरदानी है जरूरी

चिकित्सक ने सलाह दी है कि घरों की खिड़कियों और दरवाजों पर जाली लगवाएं, जिसके कि मच्छर घर के अंदर न घुस सकें। वहीं सोने के दौरान मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें, जिससे कि मच्छर से बचाया किया जा सके। घर के आसपास झाड़ियों और घास को समय-समय पर काटें, इसके चलते मच्छर नहीं पनपेंगे।

में भर्ती मरीजों की हालत पहले से बेहतर है।

**लक्षणों को पहचाने और शुरू करें इलाज:** डॉ. अनुपम मिश्रा के मुताबिक, डेंगू के लक्षण संक्रमित मच्छर के काटने के 4 से 10 दिन बाद लक्षण दिखाई पड़ने लगते हैं। इसमें तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, थकान व कमजोरी, उल्टी होना, त्वचा पर लाल चकत्ते और नाक या मसूड़ों से खून आने लगता है। ऐसे में तत्काल उपचार आवश्यक है।

**इस तरह से करें मच्छरों से बचाव:** शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहनें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग आवश्यक है। वहीं मच्छर भगाने वाले संसाधनों का इस्तेमाल करें।

**चिकित्सक ने दी सलाह:** वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. अनुपम मिश्रा का कहना है कि शरीर में डेंगू की पुष्टि होने पर घर पर आराम करें। अधिक से अधिक तरल पदार्थ जैसे पानी, नारियल पानी, जूस, सूप आदि का सेवन करें, क्योंकि डेंगू के दौरान शरीर में पानी की कमी हो सकती है, इसलिए हाइड्रेटेड रहना आवश्यक है। नियमित रूप से ब्लड टेस्ट कराते रहें, ताकि प्लेटलेट्स की संख्या का पता चल सके।

## सार-संक्षेप

### डॉ. एहतिशामुल रशीद को डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** जिले के बाढ़ और कटान पीड़ितों के लिए मददगार बने डॉ. एहतिशामुल रशीद को उप मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। प्रोत्साहन के बीच तमाम सी बातें भी साझा हुईं। मौका था लखनऊ में अमृत विचार की ओर से आयोजित यूपीकॉन अवार्ड 2024 में चिकित्सा जगत से जुड़ी हस्तियों को सम्मानित करने का, प्रदेश के हर जनपदों से चिकित्सा क्षेत्र में जुड़े लोगों को एक पावदान पर लाने का कार्य अमृत विचार की ओर से किया गया। कार्यक्रम में सूबे के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि थे। सम्मानित होने वाले चिकित्सकों की सूची में सीतापुर से डॉ. एहतिशामुल रशीद भी शामिल हुए। इनके द्वारा जनपद के बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के बीच नि:शुल्क दवा वितरण के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता संबंधी व्यापक प्रचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। इन्हें उप मुख्यमंत्री की ओर से सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के पूछने पर डॉ. एहतिशामुल रशीद ने बताया कि उनके पिता डॉ. शमीमुल रशीद भी 40 वर्षों तक आमजन की सेवा में लगे रहे हैं। जिनसे प्रेरणा लेकर मुझे भी परेशान लोगों की मदद करने में सुखद अनुभव होता है।


डॉ. रशीद को सम्मानित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

### सच्चाई का दामन पकड़ें कामयाबी जरूर मिलेगी


दुआ करते कारी इस्लाम आरफी। अमृत विचार

**संवाददाता खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** हजरत सैय्यदना शेख अब्दुल कादिर जीलानी सुप्रसिद्ध बड़े पीर साहब के नाम से कस्बे के लोगों ने 11 वीं शरीफ श्रद्धा के साथ मनाया। इस दौरान अमन शांति और सौहार्द के लिए दुआएं भी मांगी गईं। खैराबाद कस्बा स्थित हजरत छोटे मखदूम साहब की दरगाह में एक जलसे का आयोजन किया गया। उन्नाव से आए हुए मुख्य अतिथि मौलाना सैय्यद फैज हसन सफवी ने कहा कि हमें बड़े पीर साहब की शिक्षाओं को अपनी जिंदगी में उतारना होगा और उनके बताए रास्तों पर चलना होगा तभी कामयाबी मिलेगी। जलसा सज्जादा नशीन सैय्यद मदनी मियां की उपस्थिति में हुआ। दरगाह हजरत बड़े मखदूम साहब में सज्जादा नशीन शोएब मियां की सरपरस्ती में जलसे का आयोजन हुआ। इसमें हाफिज व कारी इस्लाम अहमद आरफी ने कहा कि अल्लाह के रसूल ने जो रास्ता चुनने के लिए बताया, उसी पर ही हमें चलना होगा। हजरत बड़े पीर साहब ने हमेशा सच्चाई और हक बात पर चलने की शिक्षा दी, इसलिए हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। इसलिए सच्चाई का दामन पकड़ें कामयाबी जरूर मिलेगी। दरगाह हाफिज असलम मियां में सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी ने कहा कि बड़े पीर साहब की जिंदगी हम सबके लिए एक सफल जीवन बिताने का उदाहरण है। इस दौरान हाफिज सैय्यद शारिक किरमानी, एहतिशाम अहमद, जावेद मुस्तफा टीटू खान, सैय्यद ताज मियां, सैय्यद मोहम्मद कबीर, हाजी यूसुफ खान, हाजी सैय्यद इश्तियाक अली वारसी, इमरान सिद्दीकी, हबीब अहमद सिद्दीकी, शेख इशरत अली आदि मौजूद रहे। उधर, मौलाना तौकीर के निर्देशन में जुलूस गौसिया निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

### भक्तिमय गीत सुनकर जमकर झूमे श्रद्धालु


कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते कलाकार। अमृत विचार

**संवाददाता, पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में बुधवार को मां भगवती जागरण कमेटी द्वारा मां भगवती का छठवां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। माता के जगराता में गायक संदीप मस्ताना ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। भजन गायक संदीप मस्ताना ने पड़ोसी देश पाकिस्तान पर तंज कसते हुये कहा कि तेरे झंडे में चंदा है, मेरा चांद पे झंडा है तेरे पास बम के गोले हैं, मेरे पास बम बम भोले है, जिस पर श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूंज गया। भजन गायिका कंचन त्रिवेदी द्वारा गाए भक्ति गीत छुम-छुम छन-नन बाजे मइया पांव पैजनियां को सराहा गया। मां के जगराता में कानपुर की मानसी त्रिवेदी द्वारा प्रस्तुत गीत तूने मुझे बुलाया शेरा वालिए, बिगड़ी मेरी बना दे, को भी पसंद किया गया। जागरण के आयोजन के भक्तिमय गीत सुनकर श्रद्धालु जमकर झूमे। वहीं मंच संचालन जूनियर राजपाल ने अपनी कॉमेडी से श्रद्धालुओं को ओतप्रोत कर दिया। सुबह तारारानी की कथा, आरती व प्रसाद वितरण के साथ जागरण का समापन हुआ। इस दौरान मां भगवती जागरण कमेटी के सभी सदस्यों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा


महमूदाबाद की शोभायात्रा में निकलती झांकी। अमृत विचार


विभिन्न वेशभूषा व मुद्राओं में सजे नन्हें-मुन्ने बच्चे। अमृत विचार

अमृत विचार टीम

## महर्षि वाल्मीकि जयंती

- **जिलेभर में हुए विविध आयोजन बिसवां और महमूदाबाद में भारी पुलिस बल रहा तैनात**

**सीतापुर:** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर क्षेत्र से लेकर कस्बों तक विविध आयोजन किये गए। शोभायात्रा बड़े धूमधाम व गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। बिसवां और महमूदाबाद कस्बे में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के मोहल्ला नई बाजार में स्थित श्रीमहर्षि वाल्मीकि मंदिर से बाजे गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकली। जिसका शुभारम्भ विधायक आशा मौर्या ने किया। शोभा यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से निकाली गई। शोभा यात्रा में घोड़ा पकड़े हुए लवकुश, श्री राम दरबार, महर्षि बाल्मीकि, बाबा भीम राव अम्बेडकर, राधा कृष्ण, शिव पार्वती का नृत्य सहित विभिन्न भव्य आकर्षक झांकियां के साथ यह शोभा यात्रा श्री महर्षि वाल्मीकि मंदिर से निकलकर जिला पंचायत गेस्ट हाउस, रामकुंड, बस स्टाफ, बजाजा चौराहा, चिकमंडी होते हुए मोहल्ला भट्ठा स्थित श्री महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर यह शोभायात्रा समाप्त हुई। इसी कड़ी में बिसवां में बाल्मीकि नव युवक समिति द्वारा बाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर में समिति अध्यक्ष महेन्द्र बाल्मीकि की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में नन्हे- मुन्ने बच्चे विभिन्न स्वरूपों में सजाए गए थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। उधर शोभा यात्रा के चलते बिसवां जाने वाले बड़े वाहनों का रूट परिवर्तित किया गया।

**दीपदान व शोभायात्रा के साथ महर्षि दधीचि स्मृति महोत्सव का समापन, मिश्रिख, सीतापुर :** महर्षि दधीचि की तपस्थली मिश्रिख में शोभा यात्रा वा दीपदान के साथ महर्षि दधीचि स्मृति महोत्सव कार्यक्रम का समापन हो गया।

13 अक्टूबर से कलश पूजन के साथ दधीचि स्मृति महोत्सव का शुभारंभ होने के साथ निरंतर रात्रि में वृन्दावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया गया। साथ ही भजन संध्या आदि के कार्यक्रम हुए। भक्तों द्वारा मिश्रिख की पंचकोसीय परिक्रमा एवं संपूर्ण नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसमें तरह-तरह की झांकियों का प्रदर्शन हुआ। मंदिर के महंत देवानंद गिरी ने बताया कि इस महोत्सव का आयोजन महर्षि दधीचि की स्मृति में प्रत्येक वर्ष आयोजित होता है।

# जवाबी कीर्तन में पूरे चरम पर दिखा श्रोताओं का उत्साह


कीर्तन के दौरान कलाकारों के साथ उपस्थित विधायक व समिति के सदस्य।

संवाददाता नेरी, सीतापुर

**अमृत विचार:** विकास खण्ड पिसावां की ग्राम पंचायत नेरी में मां दुर्गा जागरण समिति नेरी द्वारा जवाबी कीर्तन का आयोजन सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पुरानी बाजार में किया गया। कार्यक्रम में चन्द्रभान निडर एंड पार्टी बहराइच व कमलेश्वरी कंचन एंड पार्टी छतरपुर मध्यप्रदेश ने अपना खूब जलवा बिखेरा। जवाबी कीर्तन में श्रोताओं का उत्साह पूरे चरम पर दिखा। देर रात तक भीड़ कार्यक्रम स्थल पर उमड़ी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ महोली विधायक शशांक त्रिवेदी द्वारा दीप प्रज्वलित व पूजन अर्चन कर कराया गया। जिसके बाद सरस्वती वंदना हुई। चन्द्रभाल निडर द्वारा सवाल किया गया कि रंग महल के दस दरवाजे न जाने कौन से खिड़की खुली थी, सौम्य फंस गए, सिर को झुकाए तो अकेली खड़ी थी। दूसरे कड़ी में जीवन साथी छूट गया, जिसके क्रम में कमलेश्वरी कंचन द्वारा जैसे ही सटीक जवाब देना शुरू किया गया, पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पिसावा मिथिलेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा, मानस केसरी महराज श्रीकांत मिश्रा, राघवेंद्र गुप्ता, संजय मिश्र, नूर हसन शाह, अरुण सिंह, अमित मिश्रा, विजय मिश्रा आदि लोग रहे।

## आस्था

### आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला के 9वें दिन कलाकारों द्वारा भरत-मिलाप का किया गया मंचन

# लोगों की नम हुईं आंखें, लगे जय श्रीराम के जयकारे

संवाददाता लहरपुर सीतापुर

**अमृत विचार:** आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे रामलीला के 9 वें दिन कलाकारों द्वारा भरत मिलाप का मंचन किया गया। इसको देखने के लिए कस्बा वासियों सहित पास के गांव के लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी। राम भरत मिलन के मंचन को देखकर लोग भावुक हुए और आंखें नम हो गईं।

रामलीला के नौवे दिन रावण वध के पश्चात राम भरत मिलन के मंचन का आयोजन किया गया। इसमें रावण का वध करके जब पुष्पक विमान से राम - लक्ष्मण सीता वापस अयोध्या आते हैं। जहां भरत राम के खड़ाऊ लेकर कुटिया


रामलीला मंचन के दौरान भरत-राम के गले मिलते हुए। अमृत विचार

में बैठकर राम के वापस आने का इंतजार कर रहे होते हैं और उनको सूचना मिलती है कि रावण का वध करके पुष्पक विमान से वापस राम- लक्ष्मण सीता अयोध्या आ गए हैं। सूचना मिलते ही भरत राम के खड़ाऊ को लेकर उनसे मिलने के लिए अपनी कुटिया से निकल पड़ते हैं और पहुंच कर भरत ने राम के चरण वंदन कर उन्हें गले लगाते हैं। यह भावुक दृश्य को देखकर कार्यक्रम में मौजूद लोगों की भारी भीड़ की आंखें नम हो जाती है और गगन भेदी जय श्री राम के नारे लगने शुरू हो जाते हैं। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद टंडन, महामंत्री अखिलेंद्र यादव, रामनारायण शास्त्री, निरंकार मेहरोत्रा, पंकज यादव, निखिल मेहरोत्रा, उमेश मेहरोत्रा, रामकरन बाजपेई, अतुल पांडे, वीरेंद्र पुरी, उमंग मेहरोत्रा, बलराम लोधी, रामानंद अवस्थी, नाके लोधी शिवसागर मिश्रा, देवेंद्र पांडे, सहित बड़ी संख्या में दर्शक और कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### गायत्री चेतना केंद्र पर हुआ सामूहिक कन्यापूजन

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा मनाए जा रहे नारी सशक्तिकरण वर्ष 2024 के अंतर्गत गायत्री परिवार द्वारा कन्या कौशल प्रशिक्षण के लिए शांतिकुंज जा रहीं 300 कन्याओं का गायत्री चेतना केंद्र संतनगर (सहसापुर) पर भव्य स्वागत किया गया। देवांशनगर मोहल्लेवासियों ने सभी कन्याओं पर अक्षत-पुष्प की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया।

गायत्री चेतना केंद्र पर सभी कन्याओं का चंदन-तिलक कर उनकी आरती उतारी गई। जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गंगासागर वर्मा ने सभी कन्याओं को शांतिकुंज शिविर का उद्देश्य बोध कराया। इसके बाद सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा स्मारक पर दीप प्रज्वलित कर सभी ने गायत्री मंत्र से सामूहिक आहुतियां देकर शिविर की सफलता की प्रार्थना की। गायत्री परिजन डॉ. इंद्रेश वर्मा ने सभी कन्याओं का कन्याभोज कराया। शांतिपाठ कर सभी कन्याओं को पुन: शांतिकुंज यात्रा पर रवाना कर दिया गया। इस दौरान गायत्री परिवार के रामू वर्मा, रमाकांत अवस्थी, अवधेश वर्मा, काशीराम वर्मा, अनिल त्रिवेदी, रोहित मौर्य, संत कमल, गायत्री देवी, मीना वर्मा, डॉ. इंद्रेश वर्मा, हरीश चंद्र, अर्चना मौर्य आदि मौजूद रहे।

## सत्संग भलाई के मार्ग पर चलने को करता है प्रेरित

**नेरी, सीतापुर:** ब्राह्मदेव बाबा स्थान पर कथा के अंतिम दिन कथा वाचक राजन मिश्रा महाराज ने कहा कि सत्संग हमें भलाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। इसके लिए मनुष्य को निर्मल भाव से कथा सुनने और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। भागवत की महिमा सुनाते हुए कहा कि एक बार नारद जी ने चारों धाम की यात्रा की, लेकिन उनके मन को शांति नहीं हुई। नारद जी वृंदावन धाम की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि एक सुंदर युवती की गोद में दो बुजुर्ग लेटे हुए थे, जो अचेत थे। युवती बोली कि महाराज मेरा नाम भक्ति है। यह दोनों मेरे पुत्र हैं, जिनके नाम ज्ञान और वैराग्य है। इस अवसर पर आकाश मिश्रा, अवधेश सिंह, राधा मिश्रा, ललित किशोर शर्मा, हरिश्चंद्र सुरेश सक्सेना आदि भक्त मौजूद रहे।

### ईश्वर प्राप्ति के लिए श्रीमद् भागवत ही एक सच्चा मार्ग


आरती कर कथा का शुभारंभ करते विधायक महोली शशांक त्रिवेदी।

**संवाददाता, महोली, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे के प्रज्ञान सत्संग आश्रम पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बुधवार सुबह मुख्य यजमान इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा समेत महिलाओं ने कठिना नदी से 11 कलश भरकर कथा पंडाल में स्थापित किए। जिसका वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। विधायक शशांक त्रिवेदी ने आरती कर कथा का शुभारंभ कराया। श्रीमद् भागवत कथा जीव योनि से लेकर मृत्यु के पश्चात भी कल्याणकारी है। यह बात कठिना तट स्थित प्रज्ञान सत्संग आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान महामंडलेश्वर श्रीराघव दास महाराज ने कही। उन्होंने श्रीमद् भागवत का महत्व बताते हुए कहा कि ईश्वर प्राप्ति के लिए श्रीमद् भागवत ही एक सच्चा मार्ग है। कथा के अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान विधायक शशांक त्रिवेदी, इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा, अवधेश वर्मा, डॉ. रेनू वर्मा, मनोज मिश्रा, दिनेश मिश्रा पिंटू, अरविंद बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पंखे में उतरे करंट से महिला झुलसी

त्रिवेदीगंज, अमृत विचार : हैदरगढ़ क्षेत्र के अमिलहरा गांव निवासी सावित्री देवी पत्नी सियाराम 55 ने दोपहर घर पर पंखे को बंद करने के लिये जैसे ही बटन दबाना चाहा। तभी पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। पंखे से स्पर्श होने से महिला झुलस गई। परिजनों ने उसे सीएचसी त्रिवेदीगंज पर भर्ती कराया है। जहां डाक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है।

### तमंचा समेत गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : देवा पुलिस ने अभियुक्त अंकुल यादव उर्फ जंगली निवासी ग्राम टिकरिया थाना देवा को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना देवा पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत हुआ।

### हेल्थ एटीएम पर एसडीएम ने की अपनी जांच

निंदूरा, अमृत विचार : बृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी फतेहपुर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड्डूपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था देखने के साथ ही मरीजों से सवाल किया कि अगर किसी को इलाज में कोई समस्या हो रही हो तो बताए, जवाब में किसी ने कोई दिक्कत नहीं बताई। हेल्थ एटीएम मशीन पर एसडीएम ने स्वयं अपनी जांच की। एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण दौरान सभी डॉक्टर समय पर मौजूद थे। साफ सफाई मिली, सभी दवाइयां उपलब्ध थी। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक आरपी वर्मा व डॉ. प्रवीण कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दस दिनों तक दिखेगी कला संस्कृति की अनूठी झलक

## कौमी एकता के महाकुंभ देवा महोत्सव का आगाज आज




देवा, बाराबंकी


देवा महोत्सव को लेकर तैयार हाजिर वारिस शाह बाबा की मजार। अमृत विचार

अमृत विचार: जो रब है वही राम का संदेश देकर दुनिया को कौमी एकता का पैगाम देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली शाह की याद में लगने वाले दस दिवसीय विश्व विख्यात देवा मेला का शुभारंभ आज परंपरागत तरीके से किया जाएगा। इसी के साथ 10 दिनों तक कला व संस्कृति के वैभव की अनूठी छठा यहां बिखरेगी।


डॉ. अरुण कुमार सिंह।

कौमी एकता का महाकुंभ कहे जाने वाले देवा महोत्सव का आज से होगा। पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया कुमारी आज शाम पांच बजे शेख मोहम्मद हसन द्वार पर फीता काटकर 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलने वाले दस दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगी। इसको लेकर शेख हसन गेट को दुल्हन की तरह सजाया गया है। इस मेले को भव्यता देने की प्रशानिक कवायद पूरी हो चुकी है। मेले का ऑडिटोरियम भी कलाकारों की मेजबानी करने को तैयार हो चुका है। पुलिस प्रशासन द्वारा मेले में आने वाले जायरीनों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले का पशु बाजार भी पशुओं की आमद से गुलजार है। 10 दिनों तक चलने वाले इस मेले का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजन गली में लगने वाले झूले और सर्कस होते हैं। मेला परिसर में अधिकांश दुकानें सज गई हैं। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी और दंगल समेत अन्य प्रतियोगिताएं भी होनी हैं। जिनका दर्शक आनंद ले सकेंगे। मेला का मुख्य मिष्ठान खजले की दुकानों पर भी कई प्रकार के खजले मौजूद हैं। उधर, शाम को एडीएम ने मेला परिसर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

### देवा मेला में आज

मेला का उदघाटन शाम 5 बजे
प्रस्तुति : बहार सुगम संगीत प्रभाग
प्रस्तुति : आकांक्षा स्टेपिंग स्टोन
प्रस्तुति : अरुणोदय पब्लिक स्कूल
प्रस्तुति : संस्कार एकेडमी
रात्रि 8 बजे से बिरहा
नोट...बिरहा को छोड़ उक्त कार्यक्रम सांस्कृतिक मंच पर शाम पांच बजे से रात्रि सात बजे तक होंगे।

> देवा महोत्सव के आगाज को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार शाम पांच बजे शेख हसन द्वार पर फीता काटकर जिलाधिकारी की धर्म पत्नी इसकी शुरुआत करेंगी। मुख्य आकर्षण बॉलीवुड के नामचीन सिंगर रूप कुमार राठौर व सोनाली राठौर, सूफी गायक अल्ताफ रजा अपनी गायकी से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अलावा मंच पर बिरहा, कव्वाली, भजन, म्यूजिक कान्फ्रेंस, कवि सम्मेलन, मुशायरा के रंगारंग कार्यक्रम होंगे।
>
> –डॉ. अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी/मेला सचिव

## बाइकों की टक्कर में तीन घायल

रामसनेहीघाट, अमृत विचार: थाना असंद्रा अंतर्गत पुरा शुक्लान के सुपामऊ गांव निवासी देवता प्रसाद अपनी पोती काजल ओर उसकी सहेली रूबी को मोटर साइकिल से लेकर विद्यालय जा रहे थे। तभी देवीगंज सुबेहा मार्ग पर रामपुर गांव के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज था कि तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए।। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को बुलाया। इसके बाद घायलों को सीएचसी रामसनेहीघाट लाया गया। जहां तीनों के इलाज के बाद देवता प्रसाद की हालत ज्यादा खराब होने के चलते डाक्टरों द्वारा उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कथक से नित नई ऊंचाइयों को छू रहीं पर्णिका श्रीवास्तव

देवा, बाराबंकी



अमृत विचार: प्रत्येक वर्षों की तरह इस वर्ष देवा मेला के प्रेक्षागृह में 19 अक्टूबर की शाम पर्णिका श्रीवास्तव अपना कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। पर्णिका छह साल की अवस्था से नृत्य की शिक्षा ले रही हैं। वह कक्षा नौ की छात्रा है और राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा सम्मानित अंतरराष्ट्रीय गुरु डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव से कथक नृत्य का प्रशिक्षण ले रही हैं।

लखनऊ की पर्णिका अब तक यूपी के विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले महोत्सव में पांच वर्षों से प्रस्तुति देती आ रही हैं। लखनऊ महोत्सव, बस्ती महोत्सव, सिद्धार्थनगर महोत्सव, इटावा महोत्सव, विंध्य महोत्सव, मिर्जापुर, कबीर महोत्सव, मगहर, महादेवा महोत्सव, देवा मेला, कजरी महोत्सव, अलीगढ़, हमीरपुर, श्रावस्ती, बुलंदशहर, महोबा, बांदा, मैनपुरी, एटा, मेरठ, रायबरेली, महाराजगंज, आजमगढ़, अमेठी, फर्रुखाबाद, मुरादाबाद, रामोत्सव अयोध्या, कुंभ प्रयागराज, औरैया महोत्सव, रामपुर, कानपुर देहात, बिठूर महोत्सव, गंगा महोत्सव, घाट संध्या वाराणसी और रामायण कांक्लेव के साथ ही साथ संस्कृति विभाग द्वारा भी आयोजित कार्यक्रमों में इत्यादि शामिल हैं। बाल एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश लोकमत सम्मान, लोकायुक्त विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश बाल प्रतिभा सम्मान सहित अनेकों सम्मान से सम्मानित है और वह देवा मेला के प्रतिष्ठित मंच पर 2018 से लगातार अपनी प्रस्तुति दे रही हैं।

# खाद के लिए हो रही मारमारी

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी


खाद के लिए समिति पर लगी भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार: रबी फसलों की बुवाई शुरू होते ही खाद की किल्लत बढ़ने लगी है। सहकारी समितियों पर खाद लेने को किसान सुबह से लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने लगते हैं। गुरुवार को रसूलपुर सहकारी समिति पर खाद लेने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी।

क्षेत्र में इस समय आलू की बुवाई चल रही है। किसान गेहूं और सरसों की बुवाई की तैयारी में लगे हैं। लेकिन समितियों पर पर्याप्त खाद न होने की वजह से किसान निराश होकर वापस लौट रहे हैं। गुरुवार को रसूलपुर समिति पर सुबह से किसानों की लम्बी लाइन लग गई। जिसके बाद सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव आशीष वर्मा व सहायक विकास अधिकारी कृषि रंजीत वर्मा ने सहकारी समिति रसूलपुर पहुंच कर सचिव रेहान खां के द्वारा वितरण की जा रही खाद की उपलब्धता और वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सचिव रेहान खान को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी किसानों को खाद आधार कार्ड से ही उपलब्ध कराएं। एडीओ कोऑपरेटिव आशीष वर्मा ने बताया कि रसूलपुर सहकारी समिति पर एक हजार एमपीके खाद किसानों में वितरित की गई है। समिति पर और खाद उपलब्ध कराने के लिए मांग की गई।

## करंट की चपेट में आए युवक की मौत

बनीकोडर, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र में चौदह वर्षीय किशोर घर में सामान हटाते हुए करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की सूचना पर पूरे गांव में कोहराम मच गया। नगर पंचायत रामसनेहीघाट के बेल्हा वार्ड निवासी इंदल प्रजापति का पुत्र सुभाष घर में सामान हटा रहा था कि उसका हाथ स्टेबिलाइजर से छू गया, जिससे उसे करंट का झटका लगा और जमीन पर गिर कर छटपटाने लगा। परिजनों ने तत्काल उसे नजदीकी सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया किंतु वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।


प्रतियोगिता का उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

## एसपी ने शुरू की वैज्ञानिक अनुसंधान प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : रिजर्व पुलिस लाइंस में पुलिस अधीक्षक ने लखनऊ जोन की 67 वीं अन्तर्जनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइंस में लखनऊ जोन की 3 दिवसीय 67 वीं अन्तर्जनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। प्रतियोगिताएं 19 अक्टूबर तक चलेंगी। प्रतियोगिताओ में बाराबंकी, अयोध्या, सुलतानपुर, अंबेडकरनगर, अमेठी, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, उन्नाव, रायबरेली की टीमों ने प्रतिभाग किया है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स हर्षित चौहान, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक गरिमा पंत, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रभु श्रीराम के हाथों धराशायी हुआ दशानन

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के मऊ गोरपुर गांव में आयोजित दशहरा मेले की रामलीला में लंका दहन सहित तमाम लीलाओं का कुशल मंचन कलाकारों द्वारा किया गया साथ ही गुरुवार को रावण का पुतला दहन किया गया।


लीलाओं का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के अंतर्गत मऊगोरपुर गांव में चल रही रामलीला के अंतिम दिन लंका दहन, मेघनाद, कुम्भकर्ण, अहिरावण वध सहित तमाम लीलाओं का मंचन हुआ। 14 वर्षो के लिए पिता के वचनों को मानकर पत्नी सीता व भाई लक्ष्मण के साथ निकले भगवान राम जंगलों में विचरण कर रहे थे। इसी बीच सीता का रावण द्वारा हरण कर लिए जाता है। सीता की खोज में राम और लक्ष्मण निकल पड़ते है तभी उनकी मुलाकात हनुमान व सुग्रीव से होती है। सुग्रीव की समस्या का समाधान भगवान राम द्वारा किया जाता है जिसके बाद सुग्रीव की सेना श्रीराम के कार्य सीता की खोज में लग जाती है। सीता की खोज करते हुए सेना के साथ हनुमान समुद्र के निकट पहुचते हैं जहां पर सम्पाती गिद्ध सीता की जानकारी देते हुए लंका में होने की बात बताता है। जिसके बाद हनुमान जी समुद्र पार करके लंका पहुंचकर सीता का पता लगाते है तथा वहां पर लंका दहन करके श्रीराम को वापस आकर सारी बात बताते हैं। जिसके बाद युद्ध की तैयारी शुरू होती है और मेघनाद, कुम्भकर्ण, अहिरावण सहित तमाम राक्षसी सेना का वध होता है। वहीं राम रावण युद्ध के वाद रावण का पुतला दहन किया गया। इस दौरान दिलीप वर्मा, उत्तम, प्रदीप, नक्का सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एएसपी ने दी पुलिस सेवाओं की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने ब्रिटानिया फैक्ट्री के कर्मियों से संवाद किया और उन्हे पुलिस सेवाओं की जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा की मौजूदगी में देवा मार्ग स्थित ब्रिटानिया फैक्ट्री में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कर्मियों को पुलिस की सेवाओं तथा शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, साथ ही अच्छे कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अजय कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### शिकायत पर हुई धांधली की जांच


पंचायत भवन में ग्रामीणों की समस्या सुनते एडीओ पंचायत। अमृत विचार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम पंचायत हमीदनगर में कराए जा रहे विकास कार्यों में धांधली के आरोप की जांच एडीओ पंचायत ने किया। शिकायत के बाद जांच करने पहुंचे सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभू नाथ पाठक ने शिकायतकर्ता मैकू लाल के साथ नाली एवं पंचायत भवन तथा सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने पंचायत भवन में ग्रामीणों से बातचीत भी किया। ग्राम पंचायत हमीदनगर के निवासी मैकूलाल ने शिकायत किया था कि गांव में नाली निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है। इस शिकायत का संज्ञान लेकर सहायक विकास अधिकारी शंभू नाथ पाठक सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन तथा गांव की नालियों का निरीक्षण कर उन्होंने पंचायत सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिदिन सामुदायिक शौचालय व पंचायत घर खोला जाए तथा गांव में साफ सफाई समय से करवाई जाए।

### पंप खराब होने से ठप हुई जलापूर्ति


कस्बा देवा का खराब पड़ा पंप। अमृत विचार

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : देवावासियों को जल आपूर्ति करने वाले पंप खराब होने से समूचे कस्बे की पानी आपूर्ति ठप हो गई। जिसके चलते कस्बा वासी पानी को तरस रहे हैं। नगर पंचायत प्रशासन ने पंप को सही करवाने का काम शुरू कर दिया है। मालूम हो कि आदर्श नगर पंचायत देवा नगर निवासियों को दो पंप के जरिए पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन कुछ माह पहले एक पंप की बोरिंग फेल हो गई थी तभी से एक पंप के सहारे कस्बे की जल आपूर्ति की जा रही थी। गुरुवार की सुबह दूसरे पंप की मोटर भी जल गई। इससे नगर पंचायत में जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई और लोग पानी के लिए इधर उधर भटकने लगे। समाचार लिखे जाने तक जल की आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। ईओ और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अनुराग सिंह ने कहा कि समस्या की जानकारी मिली है। पंप को ठीक कराया जा रहा है।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : संदिग्ध हालात में 24 वर्षीय एक युवक गंभीर अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। सीएचसी पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, परिजनों ने हत्या कर फेंके जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस का कहना है कि वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आया है। हालांकि पुलिस ने समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूरतगंज-महादेवा मार्ग पर अंदीपुर चौराहे से पहले घोषिनपुरवा के पास युवक घायल अवस्था में मिला। राहगीरों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची मोहम्मदपुर खाला की पुलिस ने युवक की पहचान इसी थाने के बैरानामऊ मंझारी के निवासी अमर सिंह पुत्र रामकरन चौहान के रूप में कर घर वालों को सूचित किया। वहीं घटनास्थल पर खड़ी सही सलामत बाइक को देखने के बाद सीएचसी पहुंचे परिवार वालों ने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सूरतगंज चौकी के प्रभारी श्रीराम शुक्ल ने भी उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन घर वाले संतुष्ट नहीं हुए और कार्रवाई की मांग पर अड़े। करीब दो घंटे बाद इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने समझा-बुझाकर कार्रवाई करने का अश्वासन दिया।

# सुधा सिंह सभापति, माया देवी चुनीं गईं निर्विरोध उपसभापति

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार: सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड बुढ़वल के संपन्न हुए चुनाव में सुधा सिंह सभापति व माया देवी उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित हुई।

चुनाव अधिकारी अभिषेक कुमार के अनुसार बृहस्पतिवार को सभापति पद के लिए सुधा सिंह व उपसभापति के लिए माया देवी का एकल नामांकन होने के चलते जांचोंपरांत सुधा सिंह को सभापति तथा माया देवी को उपसभापति के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित सभापति सुधा सिंह ने कहा कि गन्ना किसानों के हितों के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। सुधा सिंह के सभापति चुने जाने पर पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सूरतगंज आशीष सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश बक्श सिंह, छेदी सिंह, प्रधान अजय पांडेय, पूर्व प्रधान राम सहारे, अधिवक्ता दक्षराज सिंह, कुलदीप, विनय ने बधाई दी।


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ पूर्व विधायक शरद अवस्थी। अमृत विचार

## ठग पीड़ितों का धरना 47वें दिन भी जारी

बाराबंकी, अमृत विचार: ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन का धरना 47वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन देश की 3 लाख चिटफंड कंपनियों में ठगी के शिकार हुए पीड़ित निवेशक 42 करोड़ लोगों के भुगतान की मांग को लेकर एक सितंबर से असहयोग आंदोलन के रूप में किया जा रहा है। आंदोलन में संगठन के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर, जिला महासचिव सुभाष चंद्र वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, जिला संरक्षक लायक राम वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष सूरतगंज शिवानंद वर्मा, संगठन के सदस्य विवेक कुमार आदि लोगों की उपस्थिति में अनिश्चितकालीन राष्ट्रव्यापी असहयोग आंदोलन जारी रखा है।

# तस्कर की ढाई करोड़ की अचल संपत्ति होगी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले मुनव्वर गिरोह के सक्रिय सदस्य जासिम द्वारा स्वयं के नाम अर्जित की गयी करीब ढाई करोड़ की अचल सम्पत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया जायेगा।

पंजीकृत यूपी गैंगस्टर एक्ट के सक्रिय सदस्य जासिम निवासी हटिया के सरगना मुनव्वर निवासी जैदपुर के साथ 15-20 वर्षों से आर्थिक लाभ के लिए मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त हैं। गिरोह की ओर से अवैध तरीके से की जा रही मादक पदार्थ की तस्करी जैसे आपराधिक कृत्यों से आम जनमानस पर असर के साथ ही युवा वर्ग को नशे की लत में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आपराधिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने को जासिम की ओर से अपने नाम पर अर्जित की गई सम्पत्ति की कीमत 2 करोड़ 56 लाख को थाना जैदपुर व सफदरगंज पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की थी। इसी क्रम में अन्तर्गत गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कुर्की का आदेश निर्गत किया गया।


टीम को पुरस्कृत करते बैजनाथ रावत। अमृत विचार

## साईं क्लब ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : जौरास स्थिति हनुमान मंदिर परिसर में हुई कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले में साईं क्लब लखनऊ ने 24 अंक लेकर देवरिया क्लब को हरा दिया। मुकाबले में देवरिया क्लब की टीम मात्र 4 अंक ही हासिल कर सकी। इस तरह साईं क्लब लखनऊ को 20 अंक से विजयी घोषित किया गया। साईं क्लब लखनऊ टीम के खिलाड़ी आसू को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनते हुए सम्मानित किया गया। अनुसूचित आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने विजयी टीम को 5 हजार, उप विजेता टीम को ढाई हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया। सभी खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश की कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया।

## जान से मारने का लगाया आरोप

बनीकोडर, अमृत विचार: थाना असंद्रा क्षेत्र के एक प्रधान ने गांव के ही एक व्यक्ति पर जान से मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। विनोद कुमार पुत्र जगजीवन जो कि गैरिया पंचायत के प्रधान भी है ने पुलिस से लिखित शिकायत की है कि गांव सभा के ही बद्री किसी कार्य से दरवाजे पर आए थे। पर घर पर मुलाकात नहीं हो सकी। इस पर घर वालों को गालियां देकर वापस लौट रहे थे इसी बीच रास्ते में मुलाकात होने पर गालियां देने लगे और विरोध करने पर लाठी लेकर मारने दौड़े। और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# राम-सीता की झांकी पर हुई पुष्पवर्षा

निंदूरा, बाराबंकी 18

अमृत विचार: टिकैतगंज के दशहरा मेला में पहुंचे कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने राम व लक्ष्मण की आरती उतारकर वंदन किया तथा राम के जीवन से सीख लेने की बात कही।

मोहसंड ग्राम पंचायत अंतर्गत कस्बा टिकैतगंज में दशहरा मेला का आयोजन हुआ। जिसमे मंझे हुए कलाकारों ने रामलीला का सुंदर मंचन किया। शुरुआत पंचवटी के दृश्य से हुई जिसके बाद सीता हरण, सुग्रीव मित्रता, हनुमान मिलन, लंका दहन, मेघनाथ के हाथों लक्ष्मण को शक्ति बाण लगना, लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध का मंचन हुआ। राम रावण युद्ध के बाद रावण का पुतला दहन किया गया। इससे पहले गाजे बाजे के साथ भगवान श्री राम की बारात कस्बा टिकैतगंज बाजार से होते हुए दशहरा मेला मैदान तक निकाली गई। महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया।


श्रीराम और सीता की आरती करते भाजपा विधायक। अमृत विचार

कस्बा टिकैतगंज की रामलीला का इतिहास करीब एक सौ 25 वर्ष से अधिक पुराना है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कुर्सी गजेंद्र प्रताप सिंह, मुनवा काका, मंडल अध्यक्ष निंदूरा विनय मौर्य, प्रदीप रावत, विशाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, शिवम गुप्ता, मुकेश सिंह, पवन गुप्ता, अनु मौर्य, राम गुप्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पराली जलाने में अब तक 78 पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** खेतों में पराली जलने के मामलों में अब तक 78 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही एक लाख 95 हजार का जुर्माना लगाया जा चुका है। उपकृषि निदेशक प्रसार श्रवण कुमार ने बताया कि पूर्व में की गई कार्रवाई के तहत बिना एसएमएस के संचालित आठ कंबाइन मशीन को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त आठ व्यक्तियों अखिलेश ग्राम असोहना, संतराम ग्राम गंगौली, राम नारायण ग्राम धौसार, मिथिलेश कुमारी ग्राम तिलरन, कमलेश कुमार वाजिदपुर, सुरेश ग्राम खैरातपुर, कमल ग्राम असोहना रामसरन वाजिदुपर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### शिविर में 80 मवेशियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**जैदपुर, अमृत विचार :** जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मानपुर में गुरुवार को पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर शिविर लगाया गया। इस दौरान पशु चिकित्सक डा. सुनील कुमार, डा. भानु प्रताप ने 80 मवेशियों के स्वास्थ्य की जांच की और दवाएं दी। इस मौके पर पशुपालकों को वेटनरी एम्बुलेंस सेवा के बारे में बताया और इस मौसम में बदलाव को लेकर पशुओं में होने वाली बीमारी से बचाव के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर डा. सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

### श्रीरामलीला सेवा समिति के मुख्य श्रृंगारी का निधन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामलीला सेवा समिति में श्रृंगारी के रूप में योगदान दे रहे पं. सुखनंदन महाराज सांवरिया का गुरुवार को देहांत हो गया। वह श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाली रामलीला में राम सीता एवं लक्ष्मण के स्वरूप को लेकर आते रहे हैं एवं उनके श्रृंगार की जिम्मेदारी निभाते रहे।

# जिले में धूमधाम से मनायी गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

## निकाली गई शोभायात्रा, हवन-पूजन के साथ भंडारे का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती गुरूवार को जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। कहीं हवन-पूजन तो कहीं भंडारा तो कहीं शोभायात्रा निकाली गईं। जगह-जगह लोगों ने आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

शहर में संतोषी माता मंदिर के समीप वाल्मीकि आश्रम में हवन-पूजन हुआ। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। छाया चौराहे पर भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रमों में बताया गया कि महर्षि वाल्मीकि ने अपने कृतित्व के जरिए समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उधर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड रामनगर के कार्यकर्ताओं के द्वारा कस्बा स्थित वाल्मीकि मंदिर पर मनाई गई।

महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पदाधिकारीयों ने वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ पूजा अर्चना की। मंदिर के अध्यक्ष राजू वाल्मीकि, अमित, विनय, नीलम सहित एक दर्जन से अधिक वाल्मीकि समाज के लोगों का अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया। इसी तरह वाल्मीकि मंदिर पर चेयरमैन रामशरण पाठक ने महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प माल अर्पित किया और बाल्मिक समाज के लोगों के साथ हवन पूजन कर जयंती मनाई। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपना जीवन परिवर्तित कर रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की। संसार को भगवान राम के जीवन से परिचय कराया। कस्बा मसौली में भी हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। निवर्तमान सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सचिन वाल्मीकि ने कहा कि वाल्मीकि जी ने समाज को एक ही माला पिरोने का काम किया है। उनके बताये हुए सन्देश आज हम सभी लोगों के लिए आदर्श हैं।


फतेहपुर में शोभायात्रा के दौरान महर्षि वाल्मीकि के रूप में सजा कलाकार।


वाल्मीकि मंदिर पर भंडारे में प्रसाद बांटते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

### गाजे-बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा

फतेहपुर के मोहल्ला ब्रम्हणी टोला स्थित वाल्मीकि मंदिर में हवन-पूजन के बाद गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में लव और कुश की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा जोशी टोला, ब्लॉक चौराहा, तहसील चौराहा, मोहल्ला पचघरा, मौलवीगंज, मुशीगंज, बेलहरा चौराहा होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा पर लोगों ने फूल बरसाए। इस मौके पर सुमित, अरविंद, विमल, राजन, अमित, राजकुमार, राकेश, अनिल कुमार, रतन आदि मौजूद रहे।

# भतीजे ने चाची को उतारा था मौत के घाट

अवैध संबंध

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** शादी के बाद भतीजे के चाची से अवैध सम्बंध खटाई में पड़ गए। इससे नाराज चाची भतीजे पर दबाव बनाते हुए झगड़ा करने लगी, इन संबंधों की वजह से अपना परिवार टूटता देख भतीजे ने चाची को रास्ते से हटाने की साजिश रची और एक साथी को साथ लेकर बुलाने पर खेत आई चाची की निर्मम हत्या कर दी। यह खुलासा आठ दिन पूर्व महिला के चर्चित हत्याकांड का है। स्वाट एवं सर्विलांस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया।

बताते चलें कि नौ अक्टूबर को असन्द्रा थाना क्षेत्र के नसीपुर गांव में रामसुमिरन की पत्नी संगीता की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इसी वजह से एसपी व अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे पर बनाई गईं टीमें भी कई दिन तक हवा में ही हाथ पैर मारती रहीं। हत्याकांड के खुलासे को लेकर दबाव बना रहा और आखिर पुलिस को कामयाबी मिल ही गई।

एसपी ने बताया कि इस हत्याकांड में स्वाट, सर्विलांस व थाना असन्द्रा पुलिस टीम ने श्रवण कुमार पुत्र छंगालाल रावत, राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व. वंशीलाल रावत निवासी नसीपुर मजरे मंसारा को नैपुरा घाट के पास से गिरफ्तार किया। इनकी निशांदेही पर आलाकत्ल एक चाकू बरामद किया गया। अभियोग में आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। एसपी ने बताया कि अभियुक्त श्रवण कुमार के उसके सगी चाची से लगभग 10 वर्षों से अवैध सम्बन्ध थे। श्रवण का विवाह लगभग 5 वर्ष पूर्व हुआ था, जिस कारण श्रवण का चाची से पूर्व की भांति मिलना-जुलना नहीं हो पाता था, जिस कारण चाची भतीजे श्रवण से नाराज रहने लगी। वह पूर्व की भांति सम्बन्ध बनाने एवं रुपये देने का दबाव बनाती रही और बात न मानने पर झगड़ा करने लगी। इसी बीच चाची ने परिवार में सारी बात बता देने की धमकी भी दी। चाची की इन हरकतों की वजह से श्रवण का परिवार टूटने की कगार पर आ गया था। इन्ही सब वजहों से श्रवण ने मृतका से पीछा छुड़ाने के लिए गांव के ही अपने दोस्त राजेन्द्र कुमार के साथ योजना बनाई। योजना के तहत 9 अक्टूबर की शाम को श्रवण ने अपनी चाची को घर के पीछे खेत में बुलाया तथा राजेन्द्र को खेत के बाहर निगरानी के लिए खड़ा कर दिया। मृतका घर से बहाना कर खेत में पहुंच गई। इसी बीच श्रवण ने चाची को बातों में उलझा कर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। इसके बाद श्रवण, राजेन्द्र को लेकर गांव में ही मजार के पास स्थित नल पर गया यहां पर हाथ पैर धोने के बाद बाइक से जाकर नहर के पास झाड़ी में चाकू छिपा दिया। दोनों ने नई सड़क पहुंचकर शराब पी वहीं हत्या करते समय चाकू से हाथ में आई चोट का श्रवण ने डाक्टर से उपचार कराया। हाथ में लगी चोट को दुर्घटना का रूप देने के लिए श्रवण ने अपनी बाइक का इण्डीकेटर तोड़ दिया एवं नम्बर प्लेट को क्षतिग्रस्त करते हुए बाइक पर स्क्रेच बना दिये थे।

# तीन संदिग्धों को पुलिस को सौंपा

**हैदरगढ़, अमृत विचार:** चोरी की घटनाओं से परेशान गांव में घूमकर पहरा दे रहे ग्रामीणों ने तीन युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। संदिग्धहाल में पकड़े गए युवकों से ड्रोन कैमरा बरामद हुआ है। घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सुम्भा में पकड़ने गए युवकों से जब पूछताछ की गई तो वे भागने लगे। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जब इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दोमित्र सेन रावत से बात की गई तो उन्होंने बताया गया कि ग्रामीणों द्वारा तीन युवकों को पुलिस के हवाले किया गया है। थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।

# आस्था से विसर्जित हुई प्रतिमाएं

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार:** कस्बा हैदरगढ़ व आस पास के गांवों में शारदीय नवरात्रि पर सजे पूंजा पंडालों में प्रतिष्ठित मां दुर्गा व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का गुरुवार को विसर्जन किया गया। विसर्जन जुलूस में अबीर गुलाल उड़ाकर भक्तों ने भजनों पर नृत्य भी किया।

गुरुवार की शाम कस्बे के सुबेहा तिराहा से भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ निकली विसर्जन यात्रा में महिलाएं, पुरूष, युवा व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे। गाजे बाजे ढोल नगाड़े एवं डीजे की धुनों पर अबीर गुलाल उड़ाते हुए माता के जयकारे लगाते नाचते झूमते व थिरकते हुए मां के भक्त तहसील मुख्यालय से लगभग छह किलोमीटर दूर गोमती नदी के औसानेश्वर घाट पर हजारों की संख्या में देर रात पहुंचे। कस्बा हैदरगढ़ के विजई हनुमान मंदिर, ठाकुरद्वारा, एलआइसी ऑफिस, सुबेहा तिराहा, सब्जी मंडी वार्ड की प्रतिमाएं एक साथ घाट पर नदी के बगल बनाए गए सरोवर पर पहुंची। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंची मूर्तियों को सरोवर में मंत्रोच्चारण करके विसर्जित किया गया। इससे पूर्व भव्य विसर्जन यात्रा निकालकर नगर के बछरावां चौराहा के अलावा लालपुर किल्ला, सिकन्दरपुर, रनापुर व दरियावसिंह पुरवा में सजे पूजा पंडाल की प्रतिमाओं को भी यहीं पर विसर्जित किया गया।


विसर्जन यात्रा में शामिल कलाकार। अमृत विचार

# हिंसक पत्नी से जान बचाने को पति ने लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। मोहल्ला लक्ष्मणपुरी कालोनी के अमर सिंह का दर्द यह कि उसका विवाह 2009 में दीपावली निवासी अमलोरा थाना मसौली से हुआ। दो बच्चे हैं। पत्नी दीपावली झगड़ालू है जो बिना किसी बात उसे व पुत्रों से अकसर मारपीट करती है।

11 अक्टूबर को पुत्र आरव सिंह को पीटने लगी मना करने पर पति को भी डंडे से पीटने लगी। विरोध करने के साथ ही जब उसने अपना बचाव किया तो दीपावली उसे जान से मारने की नियत से किचन से चाकू ले आई और हमला कर दिया जिससे उसका सिर फट गया। पत्नी इतने पर भी नहीं रुकी उसके बाद चाकू से चेहरे पर वार कर दिए जो उसकी आंख में घुस गया और उसकी एक आंख की रोशनी चली गयी। उसने जब पत्नी के हिंसक व्यवहार की खबर ससुराल में बताई तो उसके भाई राकेश व राम सिंह ने उल्टे उसे ही जान से मारने की धमकी दी। उधर, पत्नी धमकी दे रही कि अभी एक आंख फोड़ी है। अगली बार कुल्हाड़ी से पैर काट कर लंगड़ा करूंगी फिर अपाहिज बनाकर रोड पर भीख मंगवाऊंगी। इससे पहले भी 19 जून को पत्नी ने सिर पर डंडा मार दिया था।

# अखिलेश ने योगी सरकार पर उठाए सवाल

बहराइच हिंसा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी मालती देवी के निधन पर गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। यहां उन्होंने बेनी प्रसाद के पुत्र राकेश वर्मा समेत पूरे परिवार से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। इस दौरान अखिलेश यादव ने बहराइच में हुई हिंसा को लेकर योगी सरकार पर सवाल उठाए। कहा यह भाजपा सरकार की असफलता है। बहराइच हिंसा के आरोपियों के एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि योगी सरकार अंग्रेजों के नारे डिवाइड एंड रूल पर काम कर रही है। वह नफरत को बढ़ावा दे रही है।

योगी सरकार में एनकाउंटर नहीं हत्याएं हो रही हैं। बिना नाम बताये पता चल जाता है किस समुदाय से जुड़े लोगों का एनकाउंटर हुआ है। सरकार ने बैलेंस करने के लिये मंगेश यादव का एनकाउंटर किया था। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के पहले डीजीपी भी पुलिस के एनकाउंटर पर सवाल उठा चुके हैं। सपा की सरकार बनने पर हम सभी की जांच कराएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि बहराइच की घटना दुखद है। समाज में ऐसी घटनाओं की कोई जगह नहीं है। इस घटना को रोका जा सकता था, लेकिन सरकार की मशीनरी पूरी तरह से फेल हुई। उन्होंने कहा कि बहराइच के पीड़ित परिवार को समाजवादी पार्टी न्याय दिलवाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग पत्रकारों को मारपीट कर झूठे मुकदमे में जेल भिजवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2027 में सपा की सरकार आने पर हम जनता को बेहतर सुनिधाएं देंगे। हमारी सरकार में कानून व्यवस्था सुधरेगी। अखिलेश ने कहा कि यूपी पुलिस को बेहतर करने के लिए हमने डायल 100 जैसी तमाम सुविधाएं दी थीं। जो समाजवादियों ने काम किया था, 2027 में सपा जनता को उससे बेहतर सुविधाएं देने का काम करेगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा को समाज में नफरत फैलाने से फुर्सत नहीं है, अब इनके जाने का समय है।


मालती देवी को श्रद्धांजलि देते अखिलेश यादव। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### विजयी प्रत्याशियों का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया अभिनंदन


गन्ना समिति के चुनाव में विजयी प्रत्याशियों को सम्मानित करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार को गन्ना समिति का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें हैदरगढ़ गन्ना समिति के अध्यक्ष पद पर राज कुमार सिंह, दरियाबाद गन्ना समिति के अध्यक्ष पद कमला कांत द्विवेदी, रामनगर गन्ना समिति के अध्यक्ष पद पर सुधा सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई। नवाबगंज गन्ना समिति के अध्यक्ष पद पर वीरेंद्र वर्मा निर्वाचित घोषित हुए। विजयी प्रत्याशियों का भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने अभिनंदन किया। कमला कांत द्विवेदी चौथी बार इस पद पर निर्वाचित हुए हैं। इस मौके पर दरियाबाद के उप सभापति संतोष सिंह का भी अभिनंदन हुआ। समर्थकों ने एकदूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर कोऑपरेटिव चेयरमैन गुरु शरण लोधी, विजय आनंद बाजपेई, पवन सिंह रिंकू, रामेश्वरी त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह और डॉक्टर जुगुल किशोर मौर्य मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने किया पुस्तकों का विमोचन


पुस्तकों का विमोचन करते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** संत कवि बैजनाथ के 192वें जन्मोत्सव के अवसर पर जिले में कई कार्यक्रम हुए। शहर के छाया चौराहा स्थित संत कवि बैजनाथ उद्यान में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि समर्पण के साथ संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्र भाषा परिषद के द्वारा हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरख सुरेंद्र वर्मा रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्य समीक्षक डॉ. श्याम सुंदर दीक्षित ने किया। श्री दीक्षित ने कहा कि संत कवि बैजनाथ कृषि और ऋषि परंपरा के महान साधक साहित्यकार थे। लगभग 200 वर्ष पूर्व सृजित बाबा बैजनाथ की रचनाएं आज भी रामकथा और रामकथा साहित्य को न सिर्फ अनुप्राणित कर रही हैं बल्कि संपुष्ट करने का गौरव प्राप्त कर रही हैं। चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा ने 51 हजार रुपए की धनराशि देने का संकल्प लेते हुए कहा कि बाबा जी का साहित्य प्रकाशित होना चाहिए। समाजसेवी ओमप्रकाश, अजय सिंह, डॉ. अम्बरीष अम्बर, नागेंद्र, ओपी वर्मा, सुभाष समेत दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि दी। वहीं जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने संत कवि बैजनाथ द्वारा रचित दो पुस्तकों हनुमान बाहुक व षड्ऋतु वर्णन का लोकार्पण कलेक्ट्रेट कार्यालय में संत जी के वंशज प्रताप सिंह तथा ओम प्रकाश सिंह की उपस्थिति में किया। हरख जैदपुर मार्ग पर स्थित संत कवि बैजनाथ विद्यालय में सुभाष वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

# सोनेलाल की पुण्यतिथि पर निकाला मार्च

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** पिछड़ा, दलित और मुसलमान पर हो रहे जुल्म के खिलाफ अपना दल कमेरावादी ने पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ. सोनेलाल पटेल की पुण्यतिथि पर विरोध मार्च निकाला और योगी सरकार के नारेबाजी की।

सड़क पर उतरे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह पटेल ने कहा कि योगी सरकार में पीडीएम यानी पिछड़ा, दलित और मुसलमान वर्ग पर अत्याचार हो रहा है। पूर्व में सोनेलाल पटेल की हत्या की सीबीआई जांच न होने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। पिछड़ा वर्ग के विधायक योगेश वर्मा पर पड़े थप्पड़ से योगी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पीडीएम पर हो रहा अत्याचार जवाब दे योगी सरकार जैसे नारे लगाते हुए हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। मुख्य अतिथि हाफिज मोबीन ने कहा कि डॉ.सोनेलाल पटेल की हत्या पिछड़ों के ऊपर अपराध की पराकाष्ठा का सबसे बड़ा उदाहरण है। जिसकी सीबीआई जांच आज तक इन सरकारों ने नहीं किया। जिसके लिए सीधे तौर पर केंद्र व प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। इस प्रदर्शन में रमेश पटेल, अनुराग, रामपाल, लायकराम, अजय यादव, सुशील, जितेंद्र, फुरकान, गिरिजा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विरोध मार्च करते अपना दल के नेता। अमृत विचार

# ट्रैक्टर की टक्कर से घायल बहन की मौत, भाई जख्मी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कोटवा सड़क में साइकिल से जा रहे बहन भाई को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बहन की मौत हो गई, वही भाई का इलाज किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार यह हादसा कोतवाली क्षेत्र में कोटवा सड़क सर्विस लेन पर पुलिस बूथ के पास यह दर्दनाक हादसा हुआ। गुरुवार दोपहर को कोटवासड़क निवासी मनभावन के पुत्र अंश 12 और पुत्री आराध्या सैनी आठ एक साथ साइकिल से किसी काम के लिए पुलिस बूथ के पास मार्केट तक गए थे। दोनो भाई बहन अपने घर वापस जाने लगे तभी पुलिस बूथ के पास सर्विस लाइन पर सामने से आ रहे स्वराज ट्रैक्टर के चालक ने साइकिल मे जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में जमीन पर गिरकर दोनों बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। तत्काल सूचना पर पहुची एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


जांच-पड़ताल करते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

### खाद की दुकानों पर छापेमारी, एक लाइसेंस निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार को संयुक्त टीमों ने 53 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर छापेमारी कर 22 नमूने एकत्र किये। एक विक्रेता का लाइसेंस निलंबित करने के साथ ही पांच खाद विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी की गई। तहसील फतेहपुर में उप कृषि निदेशक ने छह दुकानों पर छापे मारे व तीन उर्वरक के नमूने एकत्र किए। एमबी राईस इण्डस्ट्रीज फतेहपुर का प्रतिष्ठान बन्द मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी की गई। नवाबगंज में जिला कृषि अधिकारी ने 14 दुकानों पर छापेमारी कर 11 नमूने बटोरे। तहसील हैदरगढ़ में जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने 11 छापे डाले तथा तीन नमूने लिए। दो उर्वरक विक्रता आजाद ट्रेडर्स कोठी, जीपी इण्टरप्राइजेज गंगापुर त्रिवेदीगंज की दुकान बंद मिलने पर नोटिस जारी की गई। राम कुमार राम मिलन हैदरगढ़ की ओर से कोई अभिलेख प्रस्तुत न करने पर उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र निलम्बित किया गया। रामनगर में भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती पांच दुकानों पर, तहसील रामसनेहीघाट में भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी छह दुकानों पर जांच की।


भाजपा की सदस्यता दिलाते ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी। अमृत विचार

### सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर करें प्रतिभाग

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सदस्यता अभियान संगठन की मजबूती के लिए चलाया जा रहा है। बगैर संगठन के न पार्टी मजबूत होगी और न ही देश मजबूत होगा। यह अभियान पार्टी ही नहीं बल्कि देश को भी मजबूती प्रदान करेगा। इसलिए आप सभी लोग इसमें बढ़ चढकर हिस्सा लें। उक्त बातें रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने रतनपुर में बूथ संख्या 71 पर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सर्वमान्य नेता बन चुके हैं। उनके नाम का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। देश और प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को सीधे मिल रहा है। प्रदेश की महिलाओं बालिकाओं किसानों गरीबों नौजवानों को उनका हक देने के साथ-साथ सम्मान देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बूथ पर कई लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई और लोगों से पार्टी से जुड़ने की अपील की। इस मौके पर पूर्व बीडीसी केवला देवी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पहली पत्नी के रहते रचाया दूसरा विवाह, रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार:** पहली पत्नी को तलाक दिए बिना पति ने दूसरी युवती से शादी कर ली। सौतन संग पकड़े गए पति ने पहली पत्नी को बुरा भला कहा और जान से मारने की धमकी दी। पति पर दहेज उत्पीड़न का केस पहले से दर्ज था अब एक और केस में उसका नाम शामिल हो गया है।

जेब्रा पार्क के पीछे दिव्यांशु वर्मा की पत्नी पूजा ने पुलिस को बताया कि पति व उसके घर वालों ने दहेज की मांग करते हुए घर से भगा दिया था। मामले में थाना कोतवाली नगर केस दर्ज है। आरोप है कि ससुर विनोद, सास कौशल्या व पति ने साजिश करके उसकी इच्छा के विरुद्ध बिना तलाक लिए अनीता नाम की लड़की से विवाह कर लिया। दिव्यांशु अनीता के साथ महुवारी पुरवा में रह रहा है। 15 अक्टूबर को जब वह महुवारी पुरवा गई तो दिव्यांशु अनीता एक साथ मिले। विरोध किया तो दिव्यांशु व अनीता ने गाली देते हुए बताया कि उन्होंने शादी कर ली है। हम लोगों के बीच रोड़ा बनी तो जान से मरवा देंगे।

# डीएम ने सुनीं व्यापारियों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागर में गुरुवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु समिति, जिला उद्योग बंधु व जिला श्रम बन्धु समिति संबधी बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत बिलों के भुगतान के लिये पर्याप्त संख्या में सीएससी संचालित करने और दुकानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिये पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही छाया, सतरिख नाका सहित शहर के प्रमुख चौराहों पर जाम की समस्या दूर करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को भी सुना। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय से निस्तारण करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति सम्बंधी बैठक आयोजित हुई। जिसमें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता सहित हेल्मेट व ओवर स्पीडिंग द्वारा किए गए चालान के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया।



अफसरों को निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर महासिंह वि0 ख0रामनगर बाराबंकी**

पत्रांक मेमो/मनरेगा नि का 0-निविदा /रामनगर /2024-25

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामपुर महा सिंह विकासखंड रामनगर जनपद बाराबंकी में मनरेगा एवं ग्राम निधि की धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराया जाना प्रस्तावित है उपरोक्त कार्यो में ईट, सरिया ,सीमेंट, मौरंग ,बालू, ईट गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट, इत्यादि सामग्री क्रय की जानी है इच्छुक फर्मधारक/ भट्ठा स्वामी/ ठेकेदार/निविदा प्रकाशित होने के 10 दिनों के अंदर अपनी अपनी निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में डाल सकते हैं अंतिम दिन 28.10.2024 को 3 बजे सभी निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। सबसे कम दर वाली निविदा ही स्वीकार्य होगी।

कार्यो का विवरण -

1 इंटरलाकिंग से सुरेश के बंगला तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य
2 अमित के घर से रामसरन के घर होते हुए रामफेर के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य
3 राम कैलाश के घर से नाला तक नाली निर्माण कार्य
4 लवलेश वर्मा के घर से खलिहान तक नाली निर्माण कार्य
5 पंचायत भवन से नाला तक नाली निर्माण कार्य।

**नियम व शर्तें -** निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी बिना कारण बताएं निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव का होगा।

सरस्वती
ग्राम प्रधान

अखिलेश्वर सिंह चौहान
सचिव
ग्राम पंचायत रामपुर महासिंह वि0 ख0रामनगर बाराबंकी

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# कथनी-करनी का अंतर

कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। गुरुवार को भारतीय अधिकारियों ने अपने राजनयिकों के खिलाफ झूठे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कनाडा ने भारतीय अपराधियों को शरण देने और उन पर कानूनी कार्यवाही के लिए प्रत्यर्पण के अनुरोधों को लटकाकर रखा। कनाडा के प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है, जो ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को प्रतिबिंबित करता है। गौरतलब है कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। वह भारत में वांछित था। कनाडा पुलिस ने अपने शक का ब्योरा दिया कि भारतीय राजनयिक किसी न किसी तरह एक भारतीय आपराधिक नेटवर्क के साथ संलिप्त थे, जिसे वे इस हत्या के लिए, साथ ही कुछ भारतीय आप्रवासियों को निशाना बनाने के लिए जिम्मेदार मानते हैं। यानी कनाडाई विदेश मंत्रालय ने मामले में भारतीय राजनयिकों पर राजनीतिक दखल अंदाजी का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा कि कनाडा की धरती पर किसी नागरिक की हत्या करवाने में विदेशी सरकार का शामिल होना, हमारे देश की संप्रभुता का उल्लंघन है। निज्जर की हत्या मामले में भारत ने कनाडा के आरोपों पर अपनी ओर से स्थिति स्पष्ट कर दी। इसके बावजूद कनाडा ने लगाए आरोपों को लेकर अभी तक कोई सबूत पेश नहीं किया है। इस मामले में कनाडा को सबूत पेश करने चाहिए थे या फिर राजनयिकों पर आरोप लगाना बंद करते। कनाडा के प्रधानमंत्री के बयानों के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा भारत 'वन इंडिया' यानी एक भारत की नीति में विश्वास करता है, लेकिन अभी तक भारत ने देश विरोधी तत्वों के खिलाफ जो कार्रवाई का अनुरोध किया है, उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

भारत ने अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारतीय राजनयिकों और समुदाय के नेताओं को डराने के लिए हिंसक चरमपंथियों व आतंकवादियों को जगह मुहैया कराने का आरोप कनाडाई सरकार पर भी लगाया। ऐसे में भारत ने कनाडा से राजनयिकों को निष्कासित कर सही कदम उठाया है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने आगे की कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखा है, जिसका मतलब वीजा में बड़ी कटौती और सीधे यात्रा संपर्कों में कमी आना हो सकता है। अब भारत को न सिर्फ कूटनीति बल्कि देश की छवि पर अपने अगले कदमों के असर के बारे में सावधानी से सोचना चाहिए। सबसे बढ़कर यह कि भारत को कनाडा की ओर से जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने का अंतर्राष्ट्रीय अभियान तेज करना चाहिए।

# उत्तर प्रदेश बनेगा 'जीरो पावर्टी स्टेट'



डा .रविशंकर पांडेय
सेवानिवृत्त पीसीएस, लखनऊ

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठवीं बार 15 अगस्त 2024 को यह घोषणा करते हुए देश और प्रदेश वासियों को चौंका दिया कि वे अपने प्रदेश को भारत का पहला गरीबी मुक्त राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपर्युक्त महत्वाकांक्षी संकल्प के संबंध में यदि हम देश और प्रदेश में गरीबी के प्रतिशत का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि वर्ष 2021 के अंत में उत्तर प्रदेश में 22.93 गरीब थे जबकि 2015-16 में यह आंकड़ा 37.63 प्रतिशत था। नीति आयोग द्वारा जारी की गई एक हालिया रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2015-2016 से 2019-2021 के मध्य देश में बहुआयामी गरीबी में जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या आशातीत रूप से कम हुई है जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य अव्वल है। 'यूएनडीपी' की जारी एक अध्ययन आख्या ने भी बताया कि विगत पंद्रह सालों में लगभग 41.5 करोड़ भारतवासियों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में भारत कामयाब रहा है, जो उल्लेखनीय है। बहुआयामी गरीबी और इसके संकेतक-इधर के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा बहुआयामी गरीबी की एक नई अवधारणा पर लगातार बल दिया जा रहा है। इसलिए बहुआयामी गरीबी के आशय को पहले समझना जरूरी है। विश्व के अधिकांश देश गरीबी को धन की कमी के रूप में परिभाषित करते हैं। किन्तु गरीबी का जीवन जी रहे लोग अपने अनुभवों को कुछ अधिक व्यापक रूप से व्यक्त करते हैं। जरुरत के समय धन की कमी से वह स्वास्थ्य, शिक्षा, समुचित पोषण और जीविका के साधनों से वंचित हो जाता है।

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है। इन्हीं कारकों के कारण किसी व्यक्ति के जीवन में जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति लगातार कई वर्षों तक बनी रहती है उसी को बहुआयामी गरीबी की संज्ञा दी जा सकती है। उपर्युक्त कारकों के आधार पर बहुआयामी गरीबी को मापने के लिए कुछ

> निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा।

संकेतकों का निर्माण किया गया है और इनके महत्व के आधार पर इन्हें अलग-अलग भारांक भी प्रदान किया गया है। इन कारकों में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर हैं। स्वास्थ्य का आकलन गरीब परिवार के पोषण, बच्चों की मृत्यु दर और मातृ-स्वास्थ्य के संकेतकों, शिक्षा का आकलन बच्चों की स्कूल अवधि व स्कूल में उपस्थिति से तथा जीवन स्तर का आकलन प्रयुक्त ईंधन, शौचालय, पेयजल आपूर्ति, विद्युत, आवास एवं बैंक खाते आदि संकेतकों से किया गया है।

गरीबी में कमी-उपर्युक्त कारकों, संकेतकों और निर्धारित मापदंडों के आधार पर नीति आयोग द्वारा बहुआयामी गरीबी और उसकी तीव्रता का सर्वेक्षण कराकर प्रदेशवार व जिलेवार गरीबी का सूचकांक तैयार कराया था। इस सर्वेक्षण के आधार पर वर्ष 2016 से 2021 तक पांच वर्षों के मध्य पूरे देश में बहुआयामी गरीबी में लगभग दस प्रतिशत की कमी आई है और 13.50 करोड़ लोग इस गरीबी से बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं। बात उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की करें तो अकेले यहां पर 3.43 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं जो सभी राज्यों से अधिक हैं। नीति आयोग की इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के बारे में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाओं में उत्साहवर्धक सुधार हुआ है। प्रदेश का एक और पिछड़ा क्षेत्र बुंदेलखंड भी है जहां चित्रकूट जिला गरीबी उन्मूलन में सबसे आगे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नजर डालें तो यहां पर गरीबों की संख्या कुछ धीमी गति से कम हुई है। नीति आयोग ने पांच वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से मुक्ति के जो आंकड़े पेश किए हैं उन्हें देखते हुए शेष आबादी को गरीबी से ऊपर उठाने में अब अधिक समय नहीं लगना चाहिए।

ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार-नीति आयोग की इस रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों में शहरी आबादी की तुलना में ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर में अधिक तेजी से सुधार हुआ है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गरीबों की आबादी में 18 प्रतिशत की गिरावट आई है वहीं शहरी इलाकों में इसका आंकड़ा महज 6 प्रतिशत ही है। इस दौरान पूर्वांचल के जिलों में लोगों का जीवन स्तर तेजी से सुधरा है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसकी रफ्तार कुछ धीमी है। पश्चिम में रामपुर जिले की आबादी में अन्य जिलों की अपेक्षा गरीबी में कमी आने के साथ वहां के निवासियों में जीवन स्तर को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चार जिलों रामपुर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और बरेली के लोगों का जीवन स्तर पहले से बेहतर हुआ है। प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के निवासियों का जीवन स्तर अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे अच्छा है।

जीडीपी में सुधार-एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में आमजन की सुख सुविधा में भी सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। यह तथ्य जिलों में खेती बाड़ी से लेकर उद्योग, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, परिवहन और शिक्षा समेत अठारह मानकों के आधार पर प्रदेश की जीडीपी के आकलन में सामने आया है।

मांग, व्यय और अर्थव्यवस्था में वृद्धि-तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ वृद्धि के स्तर और गति को बनाए रखने में सफल रही है। इसी कारण बहुआयामी गरीबी में सबसे तेज गिरावट उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई है। प्रदेश के लोगों की खरीद क्षमता में वृद्धि के साथ हर व्यावसायिक क्षेत्र में मांग बढ़ी है। उपभोग और मांग में वृद्धि के फलस्वरुप वस्तुओं व सेवाओं के क्रय में वसूले जाने वाले अप्रत्यक्ष कर संग्रह में भी प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ी है। यही नहीं आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में भी प्रदेश में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और यह देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अब शनैः शनैः कई आयाम जुड़ते चले जा रहे हैं। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2023 में वित्तीय संस्थानों से फंड आकर्षित करने के लिहाज से 16.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है।

कार्ययोजना-देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले प्रांत उत्तर प्रदेश को अगले एक साल के अंदर 'जीरो पावर्टी स्टेट' बनाने की यह योजना अति महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। सरकार ने इस महायोजना का एक विस्तृत रोड मैप जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत गरीबी का आकलन नए सिरे से अब दो स्तरों पर किया जाएगा। प्रत्येक चरण में शामिल कर्मचारी, अधिकारी और ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी इसके लिए पूरी तरह से जवाबदेह बनाए जाएंगे। इस चयन के आधार पर चिन्हित परिवारों को भोजन और वस्त्र के साथ साथ आवास, चिकित्सा सुविधा एवं अच्छी शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सुनिश्चित आय के उपयुक्त साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा। निर्धनतम परिवारों के अंतिम चयन में इस समिति के कम से कम तीन सदस्यों का एक मत होना आवश्यक होगा। इस संपूर्ण अभियान को एक साल के अंदर पूरा करने की योजना बनाई गई है। इस प्रकार गरीबी को प्रदेश में जड़ से समाप्त करने की योजना बनाने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सभी जिलाधिकारियों और आयुक्तों को पत्र लिखते हुए वीडियो कान्फ्रेंसिंग से भी निर्देश दिए गए हैं। समय समय पर विकासखंड वार प्रगति का अंकन करने के लिए इस हेतु पोर्टल भी लांच कर दिया गया है।

## प्रसंगवश

# मध्यवर्ग और तिकड़म की दुनिया



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस देश में नव मध्यवर्ग का उदय और विस्तार बहुत तेज़ी से हुआ है। उसमें भ्रष्टाचार का बहुत अहम योगदान रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती गई कि तिकड़म से ही धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। तिकड़म से ही सत्ता और प्रभाव हासिल किया जा सकया हैं, जिनके ज़रिए और आसानी से, और अधिक मात्रा में, धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। क्योंकि सत्ता से तिकड़म भिड़ाने के अवसरों में अचानक वृद्धि हो जाती है।

तिकड़म और सत्ता के गठजोड़ के एहसास से लोग सत्ता की ओर दौड़ पड़े। एमपी, एमएलए, कारपोरेटर, ग्राम-प्रधान, जहां भी, जो भी मिल जाय। मुख्य पार्टियों का टिकट पाने के लिए लोग आकाश-पाताल एक करने लगे। होते-होते ये टिकट नीलाम होने लगे- पहले लगाओ, फिर कमाओ (अपवाद तो हर जगह होते ही हैं)।

दूसरी दौड़ लगी सरकारी नौकरी पाने के लिए। पता नहीं कैसे लोगों में यह धारणा बन गई कि सरकार माने तिकड़म की जगह-सरकार में कहीं भी घुस जाओ, तिकड़म का कम-ज्यादा अवसर मिल ही जाएगा। कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश के थोड़े से चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए हज़ारों आवेदन-पत्र आए और उनमें एमए, पीएचडी तक के आवेदन थे। यह बेरोज़गारी का कम और सरकार में तिकड़म के अवसर के बारे में जन-भावना का प्रतिबिंब अधिक लगता है।]

सरकारी नौकरी के क्रेज़ का यह हाल है कि हर बाप अपने बेटों को कहीं भी, किसी भी स्तर की सरकारी नौकरी में 'फ़िट' कराने के लिए पैसे जोड़ रहा है और जुड़ गए तो लिए-लिए घूम रहा है। हर तरह की सरकारी नौकरी के लिए रेट क्वोट हो रहे हैं और दलाल घूम रहे हैं। जहां परीक्षा और इंटरव्यू दोनों होते हैं, वहां दोनों के अलग-अलग रेट हैं।

मेरे गांव में एक सज्जन ने बताया, फलां दलाल बहुत ईमानदार है, जिसका नहीं होता, उसे वापस कर देता है। अब उसका धंधा तो चलना ही है, चाहे भरती बिल्कुल ईमानदारी से हो। लोगों के दिमाग़ में जो यह भर गया है कि बिना लिए-दिए सरकारी नौकरी नहीं मिलती, उसी के सहारे, बिना उसके कुछ किए-धरे।]

सरकार में तिकड़म से धन कमाने के अवसर के बारे में जो जन-भावना है उसका बैरोमीटर दहेज के बाज़ार में साफ़ देखा जा सकता है। लड़का सरकारी नौकर हो गया तो रेट में एकाएक उछाल आ जायेगा। और रेट छोटी-बड़ी नौकरी के आधार पर कम, महकमे के आधार पर ज़्यादा घटता-बढ़ता है यानी तिकड़म से धन कमाने के अवसर की उपलब्धता के बारे में लोगों का जो आकलन है, उसके आधार पर।

यह नव मध्यवर्ग मनसा अब भी ग़रीब है। इसलिए धन आते ही शौक पूरा करने, तड़क-भड़क दिखाने पर ख़र्च करने लग जाता है। तरह-तरह के गैजेट्स, नए मॉडल की मोटर साइकिलें, फिर नए मॉडल की गाड़ियां, फ़र्नीचर, घर की साज-सज्जा

जो पीछे रह गए, यानी ग़रीब, उन पर दोहरी मार पड़ती है। ग़रीबी का भौतिक त्रास, और नव मध्यवर्ग की चमक-दमक देखकर मानसिक त्रास। आख़िर कुछ दिन पहले ये भी उन्हीं की तरह थे, उन्हीं के साथ थे। तो होता यह है कि तिकड़म न कर पाने या उसमें सफल न हो पाने से वे एकदम मायूस हो जाते हैं। और समुचित मात्रा में तिकड़म न कर पाने के लिए अपने को कोसने लगते हैं।

गांवों में इस नव मध्यवर्ग की एक झलक देखनी हो तो आप ब्लॉक प्रमुख की लड़की की शादी में हो आइए। एक नज़ारा ले लीजिए कि कौन-कौन मेहमान ऐसे हैं जिनका औरों से विशिष्ट स्वागत हो रहा है। बीडीओ, एडीओ, दारोगा, तहसीलदार, कुछ सरपंच, एमएलए, एमपी। और इनके दलाल जो प्रायः सबके सामान्य दलाल होते हैं। कुछ लाल बत्तीवाली गाड़ियां भी आ सकती हैं, जिनके आते ही स्वागत करने वाले सबको छोड़कर दौड़ पड़ेंगे। लाल बत्ती का यशोगान बहुत दिनों तक चलता रहेगा। आस-पास के लोग पूछेंगे- लाल बत्तीवाली कितनी गाड़ियां आई थीं, और उसी से ब्लॉक प्रमुख की हैसियत का अंदाज़ लगाएंगे। यह नव मध्यवर्ग ऐसे ही फलता-फूलता रहेगा। तिकड़म के अवसरों की तलाश और छीना-झपटी ऐसे ही चलती रहेगी। और इसी के साथ-साथ अख़बारों में, पत्रिकाओं में और फेसबुक पर भी बड़े विद्वत्तापूर्ण लेख लिखे जाते रहेंगे। भ्रष्टाचार पर, मंहगाई पर, बेरोज़गारी पर। प्रबुद्ध लोग आरामदेह ड्रॉइंग रूम में आरामदेह सोफों पर बैठकर बहसें करते रहेंगे कि देश का विकास क्यों नहीं हो रहा, ग़रीबी दूर क्यों नहीं हो रही, ग़रीब-अमीर के बीच की खाई कम क्यों नहीं हो रही, भ्रष्टाचार क्यों बढ़ रहा, महंगाई क्यों बढ़ रही, वगैरह-वगैरह। और हर चीज़ के लिए प्रांत या केंद्र या दोनों की सरकारों को दोष देते रहेंगे।

# मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए हम



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

> उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है।

रामकथा विश्व की प्राचीनतम (आदि) काव्यकृति है और वाल्मीकि आदि कवि। इस कथन पर आप संभव है विश्वास न कर पाएं। कारण हमें बताया जाता है कि ऋग्वेद विश्व की प्राचीनतम पुस्तक है और वह भी उन लोगों द्वारा जो ऋग्वेद को 3500 वर्ष अद्य पूर्व से बाद की रचना मानते हैं। ऐसी स्थिति में यदि कहें कि रामकथा ऋग्वेद से उतनी ही पुरानी है जितना आज से ऋग्वेद तो संभव है आप अपना आपा खो बैठें। एक वयोवृद्ध विद्वान ने आज से तीस पैंतीस साल पहले एक सेमिनार में सोम की पहचान पर मेरे वक्तव्य पर आह्लादित हो कर कहा था, 'तुम जिस भी विषय पर बोलते हो बिल्कुल नई बात कहते हो।'

उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है जिनकी ओर पहले किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसमें मौलिकता नहीं, तार्किकता, साक्ष्य और अंतःसंगति का ध्यान रखा जाता है। उपेक्षित क्षेत्र या आयाम संभावना के क्षेत्र हैं। जो दीखता है उसे प्रचलित मान्यताओं और मूर्धन्य विद्वानों की बहुज्ञता, वय और ख्याति की चिंता किए बिना कहने के लिए साहस की आवश्यकता होती है क्योंकि कई बार इसके कारण आत्मीय संबंधों में भी खटास पैदा हो जाती है, व्यक्तिगत क्षति भी उठानी पड़ती है। परंतु इससे बौद्धिक परिदृश्य बदलता है, और बदलता रहा है। रामकथा की ऐतिहासिकता के विषय में भी ऐसा ही होगा, इसका भरोसा है। हमने लगभग एक हजार साल आतंक और बौद्धिक विकलांगता में बिताए हैं जिसमें बौद्धिक संस्थानों को ध्वस्त और स्वाहा किया जाता रहा और जो किन्हीं कारणों से बचा रह गया उसे औपनिवेशिक, नस्लवादी और मजहबी तकाजों से नष्ट करने के प्रयत्न किए जाते रहे। नव उपनिवेशवादी आग्रहों से वह आज भी जारी है और सेक्युलरिज्म का चोला धारण करके औपनिवेशिक स्थापनाओं के समर्थन में खड़ा हो कर उनसे भी अधिक उग्रता से अपनी सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने में लगा रहा है और इसने उस मानसिकता को प्रबल किया है कि भारतवासियों के बूते का न कुछ है, न कभी था। उन्हें ज्ञान और ऊर्जा पश्चिमोत्तर के आक्रांताओं से मिलती रही है और आज भी मिल रही है। इसमें इन्होंने अपनी साख के लिए एक चोर दरवाजा निकाल रखा है कि जो थोड़ा बहुत संभव है वह उन भारतीयों से ही संभव है जो अंग्रेजी में लेखन करते हैं। भारतीय भाषाओं में न तो गंभीर विषयों पर लेखन हुआ है, न ही संभव है।

वे भारतीय भाषाओं में न लिख सकते हैं, न इनके आधुनिक और प्राचीन साहित्य से परिचित हैं। इस तरह ज्ञान और अनुसंधान पर एकाधिकार न सही विशेषाधिकार पाश्चात्य अध्येताओं का आज भी बना हुआ है। पराधीनता समाप्त हो गई परावलंबन हमारे बुद्धिजीवी वर्ग के कारण बना रहा। हम मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए। इसका दायित्व नेहरू के नेतृत्व को जाता है जिन्होंने औपनिवेशिक विरासत को उपलब्धि के रूप में जारी रखा और गुटनिरपेक्ष रहने के दावे की बावजूद परामर्श के लिए अमेरिकी सलाहकारों पर निर्भर करते रहे। उनके पूरे शासन काल में भारत भुखमरी के कगार पर जीवित रहा जब भी जनसंख्या आज से तिहाई थी। अमेरिकी परामर्शदाता उन्हें सलाह देते रहे कि भारत खाद्यान्न के मामले में कभी आत्मनिर्भर नहीं हो सकता, उसे अमेरिका के पी एल 480 की अनुकंपा पर निर्भर रहना पड़ेगा इसलिए उसे अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राजदूत गैल्ब्रेथ से गर्व से कहा था कि वह भारत पर राज करने वाले अंतिम अंग्रेज हैं। जिस देश की धातु विद्या का पूरा संसार लोहा मानता था और जिसका आश्चर्यजनक लौह स्तंभ उन्होंने अपनी आंखों से देखा और अपनी अंकवार में भरा होगा, उनको सिखाया गया था कि भारत तो इतना पिछड़ा था की सुईं तक नहीं बना सकता था।

अर्थात जो भी औद्योगिक प्रगति हुई वह अंग्रेजों के कारण हुई जब कि मैकाले ने स्वीकार किया था कि औद्योगिक क्रांति भारतीय पैसे के बल पर हुई। जो भी हो उनका मोहभंग होने के बाद उनकी जो दशा हुई उनके शासन काल में उससे मिलती-जुलती दशा पूरे देश की रही और उसके बाद एक ऐसे आदमी के हाथ में नेतृत्व आया जिसने जो रास्ता अपनाया उस पर चलते हुए भारत न कभी युद्ध में हारा न अन्न के अभाव से गुजरा और आज उस समय से तीन गुनी जनसंख्या का पेट ही नहीं भर रहा है अपितु कई देशों के अभाव की पूर्ति भी कर रहा है । यह अपनी जमीन, अपनी जबान और अपने दिमाग का चमत्कार है पर हमारा बुद्धिजीवी मानसिक रूप से नेहरू युग में ही जी रहा है। ऐसी अवस्था में अपनी भाषाओं के माध्यम से अनुसंधान और गहन विमर्श मात्र लेखन नहीं रह जाता, बौद्धिक स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बन जाता है।

## सोशल फोरम

# सोशल मीडिया को कैसे देखें



प्रो . जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

सोशल मीडिया में 'सोशल' पदबंध बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह सामाजिक से भिन्न है। समाज विज्ञान से लेकर लेकर परंपरागत विमर्श के विभिन्न क्षेत्रों में 18वीं शताब्दी के बाद से लेकर आज तक जिसे सामाजिक कहते रहे हैं, उससे इस 'सोशल' का कोई लेना-देना नहीं है।

दिलचस्प बात है कि हममें से कोई भीड़ का अंग बनना नहीं चाहता, 'भीड़' में बोलना नहीं चाहता। लेकिन सोशल मीडिया में तो सबकुछ 'मास' है, 'भीड़' है। सोशल मीडिया में ज्योंही दाखिल होते हैं 'भीड़' का अंग बन जाते हैं। सोशल मीडिया में 'मास' ही शक्ति है। भीड़ ही ताकतवर है। बीसवीं शताब्दी 'राजनीतिक केंद्रीकरण' और 'संचार केंद्रीकरण' की शताब्दी है। एकाधिकार, केंद्रीकरण और मुनाफा ये इस युग के तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहली बार अमेरिका में एनएसए, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, फेसबुक, एपल आदि के बीच समझौते हुए हैं। इसे 'प्रिज्म' कार्यक्रम के नाम से जानते हैं। इसका मकसद है विश्व निगरानी करना, बहुराष्ट्रीय निगमों और अमेरिका के राजनीतिक और सांस्कृतिक हितों का विस्तार करना। इंटरनेट का समस्त डाटा संकलित करना, उसका व्यापारिक और राजनीतिक इस्तेमाल करना। डिजिटल तकनीक के आने के बाद संचार क्रांति का पैराडाइम बदला है। अब हम ज्ञान मीमांसा से तत्व मीमांसा की ओर मुड़ गए हैं। यानी 'आप क्या जानते हो' से 'तुम क्या हो' की ओर मुड़ गए हैं। 'ज्ञान प्रबंधन' से 'अस्मिता प्रबंधन' की ओर मुड़ गए हैं। सोशल मीडिया ने इस पैराडाइम शिफ्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। नव्य-उदारीकरण के दौर में 1990-91 में जब संचार क्रांति आई तो वह मोबाइल-टेलीफोन और कंप्यूटर तक सीमित थी, उस दौर में तकनीकी उपयोग और सूचना या ज्ञान के संचय पर जोर दिया गया, सूचना से ज्ञान की ओर प्रयाण किया, लेकिन 2004 में जब फेसबुक का जन्म हुआ तो किसी ने नहीं सोचा था कि ज्ञान से छलांग लगाकर सीधे अस्मिता के क्षेत्र में समाज दाखिल होने जा रहा है।

– फेसबुक वॉल से

# कनाडा में तुष्टिकरण का बीज स्फुटित



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

जब नेता या सरकारें कमज़ोर होतीं हैं, तब अपना अस्तित बचाने के लिए तुष्टिकरण करने से परहेज़ नहीं करती, छोटे दलों की जायज़ नाजायज़ मांगों और अपेक्षाओं के आगे नतमस्तक हो जाती हैं। फिर वो चाहे देश, समाज के हित में हो या ना हो, इस पर ध्यान दिए बिना सिर्फ़ सत्ता में बना रहना ही उद्देश्य रह जाता है। आजकल कनाडा में आंतरिक और बाह्य द्वंद्व जो चल रहा है, उसे इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के शासन काल का दूसरा टर्म शुरुआत से ही बैसाखियों पर टिका हुआ है। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के मुखिया जगमीत सिंह जिनके 25 सांसद चुनकर आए थे। उन्हीं की मदद से ट्रूडो दूसरी बार प्रधानमंत्री बन सके थे। यहां यह बता दूं कि जगमीत सिंह खलिस्तान की मांग का खुला समर्थन करते है और ट्रूडो को सपोर्ट की एक शर्त यह भी थी कि कनाडा में ख़ालिस्तानी मूवमेंट पर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा। ट्रूडो के सारे कार्यकलापों से उजागर है कि उसने जगमीत सिंह को इसकी मौन स्वीकृति दी और इसके लिए भारत से रिश्ते ख़राब करने को भी तैयार हो गए। इधर कनाडा में घरेलू हालात लगातार बिगड़ने लगे, हर मोर्चे पर ट्रूडो सरकार की किरकिरी होने लगी, चाहे वह महंगाई हो, रोज़गार हो, घर हों, स्वास्थ्य व्यवस्था हो सब फ्रंट पर कनाडा में त्राहि त्राहि मची हुई है। ट्रूडो की लोकप्रियता इस समय निचले स्तर पर है और सर्वेक्षणों के अनुसार उनका अगले साल होने वाले चुनाव में जीतना बहुत मुश्किल है। यह भांपते हुए जगमीत सिंह ने ट्रूडो सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया और सरकार अल्पमत में आ गई। इसका फ़ायदा उठाते हुए विपक्ष के नेता पिएरे पॉलिवर ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव ला दिया। ट्रूडो ने अपनी सरकार बचाने के लिए सभी छोटे मोटे दलों और जगमीत सिंह के साथ क्या-क्या समझौते किए अब सामने आ रहा है। विएना संधि का उल्लंघन करते हुए कनाडा ने भारतीय उच्चायोग के शीर्षस्थ अधिकारियों की हरमीत सिंह निज्झर की हत्या के मामले में पुलिस जांच की मांग की, ऐसा लगता है ठंडे पड़ रहे मुद्दे को जगमीत सिंह के कहने पर ही पुनर्जीवित किया गया। कनाडा के इस कृत्य के चलते भारत ने कनाडा उच्चायोग में कार्यरत छः उच्चस्थ अधिकारियों को वापस बुला लिया और भारत स्थित कनाडा के उच्चाधिकारियों को 19 अक्तूबर तक भारत छोड़ने के निर्देश दे दिए हैं। यह राजनयिक संबंधों की न्यूनतम स्थिति कहलाती है।

आश्चर्य है कि अलगाववादियों ख़लिस्तानियों का समर्थन करने वालों के तुष्टिकरण करने के लिए ट्रूडो भारत के साथ संबंध ख़राब करने की हद तक जा सकते हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार दुबारा चुनकर आने की उम्मीद तो ट्रूडो को कम हैं, लेकिन जो बीज कनाडा-भारत संबंधों की कड़वाहट के बो रहें हैं, उससे दोनों देशों की जनता, छात्र, व्यापारियों को भुगतना पड़ेगा। सिद्धांतहीन तुष्टिकरण सदैव, हर भौगोलिक परिवेश में अंतोत्गत्वा हानिकारक होता है।

# उधार की न्याय देवी



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की पहल पर सर्वोच्च न्यायालय की न्यायधीशों की लाइब्रेरी में न्याय की देवी की प्रतिमा में बदलाव किया गया है। पहले इसके एक हाथ में तराजू दूसरे में तलवार थी, अब तराजू तो बरकरार है, किंतु तलवार की जगह संविधान की प्रति लिए है। पहले उसके नेत्रों में पट्टी बंधी थी, अब आंखें खुली रखी गई हैं। देखें कि इस देवी का वास्तविक स्वरूप क्या है? दरअसल हमारे शास्त्रों और प्राचीन धर्म ग्रंथों में न्याय की कोई अलग से देवी है ही नहीं। तीन महादेवियां सृष्टि का संचालन करती हैं। वे हैं महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली, जो क्रमशः चित्,सत और आनंद की अधिष्ठात्री हैं। इसके अलावा महा विद्याएं कही जाने वाली भी दस देवियां या शक्तियां हैं, जिनके अधिकारिता वाले विषय हैंः काली(काल शक्ति), तारा(क्षुधा शक्ति), षोडशी(पूर्ण/ मुक्ति शक्ति), भुवनेश्वरी(ज्ञान शक्ति),छिन्नमस्ता(त्याग शक्ति), भैरवी (भरणशक्ति),धूमावती(दरिद्रता शक्ति), बगला(क्रूर शक्ति), मातंगी(प्रभाव शक्ति), कमला(ऐश्वर्य शक्ति)। हालांकि न्याय के बड़े बड़े अनुपम उदाहरण हैं यहां। श्रीराम ने एक कुत्ते को जबरदस्त न्याय दिया था। कुत्ता, जो संभवतः 'कुकुर' गणगोत्र का समाज का निचले पायदान का व्यक्ति था, वह अभिजात्य मान्य ब्राह्मण द्वारा कष्टित किया गया था। राम ने उसकी प्रार्थना के मुताबिक ही ब्राह्मण को दंड दिया था। वन में पांडवों का उपहास करने गए दुर्योधन को एक गंधर्व उठाकर लिए जा रहा था। वह आर्त होकर चिल्लाया,तो धर्म के मूर्तिमान रूप युधिष्ठिर ने अर्जुन से कहा कि 'इसे बचाओ'। यद्यपि अनुज यह पसंद नहीं कर रहे थे, क्योंकि वह तो शत्रु था और पांडवों कि खिल्ली उड़ाने गया था। तथापि अर्जुन को अग्रज की आज्ञा माननी पड़ी और दुर्योधन की रक्षा की। महाराज युधिष्ठिर ने कहा था कि,आपस में हम पांच और कौरव 100 जरूर हैं, किंतु बाहरी दुनियां के लिए हम 105 हैं। रामायण व महाभारत दोनों कालों में आपराधिक और नागरिक दोनों प्रकार की न्याय व्यवस्थाएं थीं और राजा सर्वोच्च था। नीति के श्लोकों में कहा गया है, "न्यायात्पथःप्रविचलंति पदं न धीराः"। यानी न्याय के पथ पर चलने वाले लोग विचलित नहीं होते हैं। वैसे यह न्याय देवी, जिसकी मूर्ति अभी तक न्याय भवनों में लगी होती रही, वह यूनान की देवी 'जस्टिया'है; इसी से जस्टिस शब्द बना है। भारत में एक अंग्रेज़ अफसर इसे 17 वीं शताब्दी में लाया था। यह अभारतीय और उधार की देवी है।

## एक नजर

### साकार होगी विकसित हरियाणा, विकसित भारत की संकल्पना

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। कहा कि विकसित हरियाणा-विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर अभिवादन किया। अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्री समेत गणमान्य लोगों से भी मुलाकात की। आमजन का भी हाथ हिलाकर अभिवादन किया। मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

### 19 को कानपुर में सारंग हेलीकॉप्टर शो

**अमृत विचार, लखनऊ :** 19 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ पर कानपुर वायु सेना स्टेशन में ''सारंग एरोबेटिक डिस्पले टीम'' आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एयर कमोडोर एमके प्रवीण वीएम एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन कानपुर के साथ भारतीय वायुसेना के प्रतिष्ठित अधिकारी और रक्षा बलों के अन्य अधिकारी और दिग्गज शामिल होंगे। टीम दर्शकों के लिए वायु सेना स्टेशन कानपुर के हवाई क्षेत्र में प्रदर्शन करेगी।

### वानिकी विवि के लिए 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर वन प्रभाग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद दुनिया के पहले राजगिद्ध (जटायु) संरक्षण केंद्र के समीप ही देश का दूसरा वानिकी विश्वविद्यालय बनाने के लिए 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित कर ली है। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर वन प्रभाग में वानिकी महाविद्यालय बनाने की घोषणा की थी। बाद में उन्होंने वानिकी विश्वविद्यालय की मंशा जाहिर की। गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी विकास यादव का कहना है कि पाठ्यक्रमों का खाका भी तैयार कराया जा रहा है।

# मीरापुर से सुंबुल राणा को उतार कांग्रेस को दिया झटका

## हरियाणा में कांग्रेस की हार के बाद हावी सपा ने मनमाना उम्मीदवार दिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा के टिकट पर मीरापुर सीट में उतारी गईं सुंबुल राणा पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधू हैं और बसपा नेता एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली की बेटी हैं। सुंबुल को टिकट मिलने से जहां कांग्रेस के इस सीट पर लड़ने की उम्मीद खत्म हो गई वहीं, उनके सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद के लिए भी इसे झटका माना जा रहा है। बतौर पर्यवेक्षक इमरान ने इस सीट को कांग्रेस के लिए मजबूत बताया था।

दरअसल, कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए पश्चिमी उप्र. की सीट मीरापुर का होमवर्क करते हुए दावा ठोका था। कांग्रेस ने इस दावे के साथ सहारनपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद को मीरापुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया। ऐसे में समाजवादी पार्टी के सामने नई परेशानी खड़ी हो गई थी, क्योंकि सपा इस सीट को कांग्रेस के खाते में नहीं देना चाहती थी। इतना ही नहीं, कांग्रेस सांसद ने दावा किया था कि इस सीट पर माहौल कांग्रेस के पक्ष में है और हम इस सीट पर रिकॉर्ड भी बना सकते हैं। इमरान मसूद ने पर्यवेक्षक के तौर पर उन्होंने ग्राउंड रिपोर्ट कर वो डाटा भी जुटा लिया था।

हालांकि, बाद में हरियाणा में कांग्रेस की पराजय के बाद सपा हावी हो गई। गुरुवार को सपा ने अपने टिकट पर सुंबुल राणा के मैदान में उतार कर कांग्रेस के दावे को अब खारिज भी कर दिया। सुंबुल का नाम घोषित करते हुए सपा ने एक बार फिर पीडीए का नारा एक्स पर लिखा है। भले ही सभी प्रत्याशी पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज से हैं लेकिन सात में से छह प्रत्याशियों के नामों से साफ है कि अखिलेश यादव को ज्यादा भरोसा परिवार पर ही है।

### 25 दावेदारों में मुस्लिम महिला को दी प्राथमिकता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े बड़े नेताओं से लगभग तीन घंटे मंत्रणा की जिसके बाद सुंबुल राणा के नाम पर सहमति बनी। सपा सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट, वसी अंसारी एडवोकेट समेत अन्य नेता लखनऊ पहुंचे थे। टिकट के लिए 25 दावेदार थे। इनमें पूर्व सांसद कादिर राणा के बेटे शाह मोहम्मद का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा था। अखिलेश ने एक-एक कर 25 दावेदारों के नाम पर चर्चा की। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, तय पूर्व में ही हो गया था कि मुस्लिम प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया जाएगा।

### फिलहाल नौ सीट के लिए होंगे चुनाव

उप्र. में रिक्त दस में से नौ सीटों पर चुनाव होने जा रहा है। 18 अक्टूबर से नामांकन का दौर शुरू होगा। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना कराई जाएगी। अयोध्या की मिल्कीपुर का मामला हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण अभी वहां चुनाव नहीं हो रहा है।

**मिल्कीपुर उप चुनाव**

# तय प्रक्रिया का पालन करने के बाद ही निर्वाचन याचिका पर विचार सम्भव

## याचिका वापसी की नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन बाद ही सुनवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का उप चुनाव फंसता नजर आ रहा है। गुरूवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व विधायक और भाजपा नेता गोरखनाथ की ओर से दाखिल निर्वाचन याचिका को वापस लिए जाने की उनकी अर्जी पर सुनवाई करते हुए कहा कि याची द्वारा तय प्रक्रिया का पालन करने के उपरांत ही याचिका वापसी पर विचार किया जा सकता है।

कोर्ट ने इस संबंध में याची को आदेश दिया है कि वह एक सप्ताह के भीतर याचिका वापस लिए जाने संबंधी नोटिस के ऑफिशियल गजट में प्रकाशन के लिए कार्यवाही करे। कोर्ट ने उक्त प्रकाशन के 15 दिन के उपरांत मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने गोरखनाथ की याचिका पर पारित किया।

### यह है मामला

वर्ष 2022 के प्रदेश के विधान सभा चुनावों में मिल्कीपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ सपा के अवधेश प्रसाद से चुनाव हार गए थे। हालांकि नामांकन के दौरान अवधेश प्रसाद द्वारा दाखिल नोटरी को डिफेक्टिव बताते हुए, उनके चुनाव को गोरखनाथ ने चुनौती दी थी। वहीं 26 अप्रैल 2022 को उक्त याचिका पर सुनवाई के उपरान्त न्यायालय ने याची के अंतरिम राहत सम्बन्धी प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने टिप्पणी भी की थी कि याचिका में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं है कि चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप किया जाय। इसी चुनाव को लेकर एक अन्य निर्वाचन याचिका भी शिव मूर्ति की ओर से दाखिल की गई है। उक्त याचिका के वापसी की अर्जी पर भी न्यायालय ने प्रकाशन का आदेश पारित किया है।

# दीपावली से पहले मिलेगा आशा व संगिनियों को बकाया भुगतान और इस माह का वेतन

## एनएचएम निदेशक ने सभी जिलाधिकारियों और सीएमओ को जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**1.7** लाख आशा कार्यकत्रियों को मिलेगा लाभ

**12** हजार आशा संगिनियों को भी होगा भुगतान

**अमृत विचार:** दीपावली से पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत कार्यरत आशा एवं आशा संगिनियों को 25 अक्टूबर तक प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाएगा। साथ ही कार्यरत कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) को भी इस अक्टूबर माह का मानदेय 25 अक्टूबर तक मिलेगा। इसके लिए मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियो व मुख्य चिकित्साधिकारियों को गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए गये हैं।

मिशन निदेशक ने सभी जिलों में सीएमओ को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी 1,70000 आशा एवं 12000 आशा संगिनियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों के सापेक्ष मिलने वाले वाउचर का भुगतान कराया जाए। इसके लिए आशाओं से अतिशीघ्र ब्लाक स्तर पर सभी वाउचर जमा कराए जाएं। माह सितंबर तक बकाया व वर्तमान अक्टूबर का भुगतान 25 अक्टूबर तक कराने के साथ ही फैम्स पोर्टल पर अपलोड किया जाये।

इसके अलावा पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियों एवं सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि एनएचएम कार्यरत कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) को दीपावली के पहले माह अक्टूबर 2024 के मानदेय का भुगतान 20 अक्टूबर तक की उपस्थिति के आधार पर 25 अक्टूबर तक कर दिया जाए। आदेश पर तत्काल क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं।

### वर्दी के लिए रोडवेज के 37 हजार चालकों और परिचालकों को मिलेंगे 1800 रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सड़क परिवहन निगम के 37 हजार चालक, परिचालक दीपावली त्योहार पर नई वर्दी में नजर आएंगे। हर चालक परिचालक को वर्दी के लिए 1800 रुपये मिलेंगे। परिवहन निगम ने गुरुवार को छह करोड़ 70 लाख रुपये की राशि वर्दी भत्ते के लिए अनुमोदित किया। एक से दो दिन के अंदर ड्राइवर कंडक्टरों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने सितंबर माह में आदेश दिया था कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में ही चालक परिचालकों को नई वर्दी के पैसे मिल जाएंगे, लेकिन अभी तक उन्हें वर्दी के पैसे नहीं मिल पाए हैं। दो दिन पहले संविदा चालक परिचालक कर्मचारी संघर्ष यूनियन के महामंत्री कन्हैया पांडेय ने एमडी से सभी चालक परिचालकों को वर्दी भत्ता देने की मांग की थी। नियमानुसार दो साल पर चालक, परिचालक को वर्दी का पैसा उपलब्ध कराया जाता है।

**6.7** करोड़ की राशि अनुमोदित

# खाद्यान्न घोटाले में एडीओ पंचायत बलिया से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया में 18 वर्ष पूर्व हुए खाद्यान्न घोटाले के आरोपी एडीओ पंचायत को ईओडब्ल्यू की वाराणसी टीम ने बुधवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। एडीओ को मनियर ब्लॉक के गेट से गिरफ्तार किया। आरोपी एडीओ के खिलाफ 2006 में हुए खाद्यान्न घोटाले के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

ईओडब्ल्यू वाराणसी यूनिट के इंस्पेक्टर सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अरुण कुमार सिंह है। वह बलिया के सिकंदरपुर स्थित खटंगी गांव का रहने वाला है। उसकी तैनाती वर्तमान समय में बलिया के मनियर ब्लॉक में है। अरुण सिंह 2006 में नवानगर ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी था। उस समय खाद्यान्न घोटाला हुआ था। इस मामले में अरुण सिंह समेत सात आरोपियों पर घोटाले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# साईं कंस्ट्रक्शन का संचालक गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ईडी ने लखनऊ जोनल कार्यालय से गिरफ्तारी की, कोर्ट से मिली 24 तक की कस्टडी

**22** करोड़ रुपये हड़पने का चल रहा है मामला

**अमृत विचार :** जांच में सहयोग न करने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साईं कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स के संचालक राजीव त्यागी को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। उनको लखनऊ जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

राजीव को गुरुवार को गाजियाबाद के विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने 24 अक्टूबर तक ईडी की कस्टडी में दे दिया है। साईं कंस्ट्रक्शन नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और उत्तराखंड पावर कारपोरेशन समेत कई सरकारी विभागों में कार्य करती थी। कंपनी ने बैंक से अलग-अलग मद में 22.20 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। इसके बदले उन्होंने कई संपत्तियां बंधक रखी थीं। बाद में जांच में सामने आया कि ये संपत्तियां पहले दूसरे बैंकों के पास बंधक रखी जा चुकी थीं। कंपनी और उसकी सहयोगी फर्मों के खिलाफ वर्ष 2022 में केस दर्ज किया था। ईडी ने भी मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### ईडी ने 23 सितंबर को 14.89 करोड़ की संपत्ति की थी जब्त

ईडी ने 23 सितंबर को राजीव त्यागी की 14.89 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त किया था इनमें संपत्तियां राजीव त्यागी, उनके बेटे अमर्त्य राज त्यागी, कनिष्क राज त्यागी, मेसर्स एसकेटी गारमेंट प्राइवेट लिमिटेड और एसएस इंटरप्राइजेस के नाम पर खरीदे गए फ्लैट, दुकान, आवासीय एवं औद्योगिक भूखंड शामिल थीं।

# 84 लाख योनियों की यात्रा दर्शाएंगे 84 स्तंभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**महाकुंभ 2025**

▸▸ 21.30 करोड़ से सहस्त्र शिव नाम से अंकित 84 दीप्तिमान स्तंभों का निर्माण

**अमृत विचार :** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने 84 लाख योनियों की यात्रा को दर्शाने वाले 84 पौराणिक स्तंभ सजाएगी। इस पर 21.30 करोड़ रुपये खर्च होगा।

जल निगम की कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन इकाई कार्यदाई संस्था है। परियोजना प्रबंधक रोहित कुमार राना के अनुसार प्रयागराज एयरपोर्ट के बाहर सड़क के दोनों तरफ इन स्तंभों की स्थापना की जा रही है। 10 करोड़ की पहली किश्त जारी की जा चुकी है। नवंबर तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। हर स्तंभ की लंबाई 6 मीटर होगी और यह खास स्टोन से बनाया जा रहा है। लगभग 525 मीटर की लंबाई में सीधी रेखा में स्थापित होने वाले इन स्तंभों में जीव के 84 लाख योनियों का संकेत होगा, जिससे सृष्टि का सार होगा। एक स्तंभ से दूसरे स्तंभ की दूरी 12 मीटर रखी गई है। हर स्तंभ में भगवान शिव के सहस्त्र नाम भी लिखे जाएंगे।

**चुस्त-दुरुस्त होगी बिजली व्यवस्था :** महाकुंभ में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चुस्त और दुरुस्त होगी। इसके लिए दो नए सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। वहीं सब स्टेशनों की क्षमता वृद्धि, इंटरलिंक लाइन के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। विद्युत लाइन को भूमिगत भी किया जा रहा है।

# मुठभेड़ में लारेंस विश्नोई गिरोह का शूटर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ दिल्ली के नादिरशाह हत्याकांड का मुख्य आरोपी है घायल

**अमृत विचार :** मथुरा के रिफाइनरी थानाक्षेत्र में गुरुवार सुबह यूपी और दिल्ली पुलिस की लारेंस विश्नोई गिरोह के शूटर से मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग शूटर योगेश उर्फ राजू घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस अधिकारी के मुताबिक योगेश दिल्ली के चर्चित जिम मालिक नादिरशाह हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। आरोपी के पास से एक पिस्टल 32 बोर, सात जिंदा कारतूस और तीन खोखा बरामद किया गया।

एसपी सिटी मथुरा डॉ. अरविंद कुमार के मुताबिक राजू मूलतः बदायूं के राज चौक कटटा बहरामपुरा का रहने वाला है। वह लारेंस विश्नोई गिरोह में शामिल होकर यूपी में कई वारदात को अंजाम दिया।

# उप्र. में बढ़ा पराली जलाने का ग्राफ, एक माह में 528 घटनाएं

## 39 जिलों में सेटेलाइट से 15 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच ट्रेस हुई घटनाएं, 193 में पराली जलाने की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

| वर्ष | घटना |
|---|---|
| 2021 | 460 |
| 2022 | 85 |
| 2023 | 312 |
| 2024 | 528 |

**6.37** लाख रुपये वसूला गया ढाई व पांच हजार रुपये के हिसाब से कुल जुर्माना

**24** कंबाई मशीन सीज की गई बिना एसएमएस ब्लेड के कटाई करने पर

**अमृत विचार :** तमाम कवायद के बावजूद प्रदेश में फसल अवशेष (पराली) जलाने की घटनाएं इस वर्ष धान की कटाई के शुरुआती दौर में तेजी से बढ़ गईं। 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक 39 जिलों में सेटेलाइट रिमोट सेंसिंग से कुल 528 पराली जलाने की घटनाएं ट्रेस की गईं हैं। लोकेशन के आधार पर कृषि विभाग ने मौके पर जांच कराई तो 193 की पुष्टि हुई।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक पराली जलने की घटना अलीगढ़ में 114, सम्भल 79, मथुरा 46, बाराबंकी 41, शाहजहांपुर 28, सीतापुर 27, बुलंदशहर 23, गौतमबुद्ध नगर 17, मुरादाबाद 16, पीलीभीत 14, बदायूं व रामपुर में 12-12 ट्रेस हुई हैं। पिछले चार वर्ष की अपेक्षा इस बार अधिक घटनाएं हुई हैं। इधर, कृषि विभाग का दावा है कि सूचना और लोकेशन मिलते ही फौरन टीमें मौके पर पहुंचीं तो पराली जलाने की 193 घटनाएं ही मिलीं। जबकि 164 घटनाओं में कूड़ा व अन्य चीजें जलती मिलीं। जिसका धुआं सेटेलाइट में ट्रेस हुआ। मिर्जापुर में आग की लोकेशन वाली जगह पर सोलर पैनल लगे मिले। जिनका सेटेलाइट से तापमान ट्रेस हुआ था। जबकि 146 घटनाओं की लोकेशन में खेतों पर धान में आग नहीं मिली तो कुछ जगह खेत ही ढूंढे नहीं मिले।

> प्रदेश में सेटेलाइट से कुल 528 घटनाएं ट्रेस हुई थी। सभी जगह लोकेशन के आधार पर मौके पर टीमें भेजी गईं। लेकिन 193 घटनाएं ही पराली की मौके पर मिलीं। 146 घटनाओं की पुष्टि नहीं हुई। जबकि शेष में कूड़ा आदि जलता मिला।
>
> –जेपी चौधरी, युक्त निदेशक, कृषि अभियंत्रण, कृषि निदेशालय

## वर्ग पहेली-225

**बाएं से दाएं**

1. 1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।
3. 1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।
4. 1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।
6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।
8. 1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।
3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना, कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।
5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।
7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| ■ | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 5 |
| 6 | | 7 | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 8 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली-224 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 मँ | ■ | ■ | ■ | 2 ढि |
| 3 ष | ड | रि | 4 पु | ■ | ला |
| ■ | वा | ■ | रो | ■ | ना |
| ■ | ■ | 5 सं | हि | ति | ■ |
| 6 ट | ढ़ी | भू | त | ■ | 7 श |
| ■ | ■ | त | ■ | ■ | फ़ी |
| 8 शि | फा | ■ | 9 त | पा | क |

## सुडोकू-138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 6 | | | | | 8 |
| | 7 | | | 1 | | | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | 4 | 2 |
| | 2 | | 3 | | 5 | 6 | | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| | | 1 | 4 | | 7 | | 2 | |
| 7 | 4 | 5 | | | 6 | | 1 | |
| | 3 | | | 2 | | | 5 | |
| 6 | | | | | 9 | 4 | | |

### सुडोकू - 137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.15 तक तत्पश्चात द्वितीया।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-अश्विनी 1.26 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। किन्तु आज अपने चरित्र को अच्छा रखें। बिना जांच-पड़ताल के निवेश करने से आर्थिक हानि हो सकती है। आप गूढ़ विद्याओं की तरफ आकर्षित हो सकते हैं।

**वृष:** आज दिन की शुरुआत में आपको काफी दौड़धूप करनी पड़ सकती है। गैस और पित्त की समस्या हो सकती है। स्वयं द्वारा बनाये हुए नियमों की स्वत: अवहेलना न करें। बड़े भाई-बहन को लेकर थोड़े तनाव में आ सकते हैं। धन संबंधी परेशानियों में घिरे रहेंगे।

**मिथुन:** आज प्रेम संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है। घर के बड़े-बुजुर्ग आपके काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रहे विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**कर्क:** आज पाचन तंत्र में कुछ परेशानी हो सकती है। मार्केटिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे आर्डर मिल सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए परिश्रम करेंगे। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा।

**सिंह:** आज जीवनसाथी आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। व्यर्थ के प्रपंचों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा। शेयर और जोखिम भरे निवेशों में थोड़ी परेशानी होगी। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।

**कन्या:** आज सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में नए विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम संबंधों में शंका की भावना न पनपने दें। गुप्त विद्याओं के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें। जिस काम में मन न लग रहा हो तो उसे बिल्कुल न करें।

**तुला:** आज संतान की उपलब्धि से प्रसन्न होंगे। साहस और बुद्धिमत्ता युक्त निर्णय लेने से आपको व्यवसाय में शानदार सफलता मिलेगी। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कुंवारे व्यक्तियों को विवाह के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** आज आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त जॉब करने की योजना बनायेंगे। निसन्तान दम्पतियों को शुभ समाचार मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ायेंगे।

**धनु:** आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। सम्पत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने में सफलता मिलेगी। अपनी वाणी में संयम भाव रखें।

**मकर:** आज युवा जातक प्रेमी जन से प्रणय निवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में सुधार होने की संभावना है। आप सिनेमा में रुचि ले सकते हैं। नए दोस्त बनने के योग बन रहे हैं। अपने काम से काम रखें दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें।

**कुंभ:** आज आप कहीं दूर की यात्रा कर सकते हैं। व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। प्रत्येक समस्या का व्यवहार कुशलता से समाधान निकाल लेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुरानी यादें दोबारा ताजा होंगी।

**मीन:** आज यदि पार्टनरशिप में कोई व्यापार कर रहे हैं, तो उसमें पारदर्शिता अवश्य रखें। आईटी से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आपकी कोई गोपनीय बात बाहर आ सकती है। कुछ लोग आपकी निश्छलता का गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
स्पोर्ट — सुबह : 11.15
चाचा भतीजा — रात : 07.03

**&pictures**
अपरिचित — सुबह : 10.56
मडगांव एक्सप्रेस — रात : 08.00

**Sony Pix**
वाइट हाउस डाउन — सुबह : 08.14
जस्टिस लीग — शाम : 06.51

**Zee Cinema**
शागिर्द — सुबह : 10.30
सोचा न था — रात : 07.30

**Zee Action**
प्लेयर्स — सुबह : 10.28
खुदा कसम — शाम : 05.04

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

करवा चौथ के एक-दो दिन पहले बाजार में एक महिला को दोनों हाथों में भर-भर के मेहंदी लगवाने के बाद याद आया कि वो स्कूटी पर अकेले ही आई है,

वो परेशान खड़ी थी कि तभी उसके एक पड़ोसी सज्जन ने उसे पहचान लिया और फिर उसी की स्कूटी में उसे घर तक छोड़ दिया।

घर पहुंचने के बाद पड़ोसी को याद आया कि वह अपनी बाइक और बीवी दोनों को तो बाजार में ही छोड़ आया है।

हैप्पी करवा चौथ।

# राम के अग्निबाण से धू-धूकर जल उठा रावण

## बछरावां में 90 साल से शरद पूर्णिमा पर हो रहा रावण दहन, रामलीला मंचन देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

संवाददाता,बछरांवा, रायबरेली


बछरावां में जलता रावण।


रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रावण दहन पूरे देश में नवमी के बाद दशमी के दिन बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। वहीं बछरावां में शरद पूर्णिमा के दिन रावण दहन का आयोजन किया जाता आ रहा है। उसी कड़ी में रामलीला मंचन के बाद बुधवार को रावण दहन किया गया। राम के अग्निबाण से रावण का पुतला धू-धूकर जलने लगा।

रामलीला का मंचन दोपहर के बाद कमेटी द्वारा आयोजित किया गया। इसमें कलाकारों ने अपनी कला से सभी दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। रावण का लोकेश शुक्ला और लक्ष्मण की भूमिका में पार्थ मिश्र ने अपने अभिनय से लोगों से जमकर वाहवाही लूटी। मंच पर रावण वध के बाद राम और लक्ष्मण का अभिनय कर रहे कलाकारों ने रावण के पुतलों का दहन किया। इसके बाद सभी पात्रों को कमेटी द्वारा पूरे कस्बे का भ्रमण कराया गया, जिससे पूरे कस्बे के माहौल राममय हो गया। पूरे कस्बे से जहां-जहां से यात्रा निकली लोगों ने पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया। भरत मिलाप का कार्यक्रम रात आठ बजे कस्बे शिवगढ़ रोड पर सम्पन्न हुआ। मनोज मिश्रा, सतीश टाइगर, शशिकांत मिश्र, शिवम मिश्र ने भगवान राम की आरती उतारकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर मेला कमेटी के प्रबंधक शशिकांत मिश्रा, शिवम मिश्र, रामकुमार सोनी, सतीश सिंह, नीरज साहू चेयरमैन रामजी आदि मौजूद रहे।

**मेले के तीसरे दिन हुआ शोले ड्रामे का मंचन :** मेला के तीसरे दिन रात्रि में शोले ड्रामे का मंचन हिन्दू मुस्लिम रामलीला कमेटी के कलाकारों द्वारा किया गया। यह देर रात एक बजे तक चलता रहा। कलाकारों द्वारा शोले फ़िल्म से प्रेरित होकर बनाये गये ड्रामे के प्रसंगों को बड़े खूबसूरत अंदाज़ में मंच पर प्रस्तुत किया गया। कलाकार सुनील वर्मा, बृजेश गुप्ता, पार्थ मिश्रा, सचिन सहित स्वयं चेयरमैन रामजी ने दीनानाथ का रोल कर दर्शकों का मनोरंजन किया।


बछरावां कस्बे में निकाली गई राम,लक्ष्मण, सीता की झांकी। अमृत विचार

## बछरावां कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा

संवाददाता, बछरांवा,रायबरेली

**अमृत विचार:** कस्बे के किदवई पार्क में बुधवार शाम रावण दहन के बाद पार्क से शोभायात्रा निकाली गई। झांकी में राम, लक्ष्मण, सीता, भगवान भोलेनाथ, पार्वती, श्री कृष्ण, राधा, हनुमान, अंगद सहित अन्य कई देवी देवताओं के साथ घोड़े हाथी ऊंट ढोल नगाड़े के साथ कस्बे में शोभा यात्रा ने भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। सचिन सिंह, शशिकांत मिश्रा सहित मेला कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलाकारों ने जीवंत मंचन से दर्शकों की बटोरीं तालियां

परशदेपुर, रायबरेली


रामलीला में मूर्छित लक्ष्मण के पास बैठे श्री राम व हनुमान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पंचायत की ऐतिहासिक रामलीला में गुरुवार शाम प्रभु श्री राम द्वारा रावण का वध करते ही बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। रामलीला में राम और रावण की सेनाओं के बीच हुए भीषण संग्राम का मंचन देखने के लिए लोगों को भारी भीड़ उमड़ी। मेघनाथ पराक्रम, लक्ष्मण शक्ति, हनुमान जी का संजीवनी बूटी लाने व कुंभकरण वध आदि लीलाओं का मंचन किया गया। लक्ष्मण व मेघनाथ के बीच हुए भीषण युद्ध में मेघनाथ ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर लक्ष्मण को मूर्छित कर देता है। हनुमानजी की लाई संजीवनी से लक्ष्मण की मूर्छा भंग होने पर प्रभु श्रीराम व वानर सेना में हर्ष की लहर दौड़ पड़ती है। मेघनाद और कुंभकरण के मारे जाने के बाद रावण स्वयं युद्ध क्षेत्र में पहुंचता है। अंत में राम और रावण के बीच युद्ध होता है। भगवान राम ने रावण की नाभि में तीर मारकर उसका वध कर बुराई का अंत किया। इस दौरान लगे विशाल मेले का भी लोगों ने आनंद लिया। चेयरमैन विनोद कौशल, घनश्याम मिश्रा, महेश विश्वकर्मा, रिंकू मिश्रा, रामप्रकाश सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**मेघनाथ का कटा सिर रहा आकर्षण का केंद्र :** लक्ष्मण द्वारा मेघनाथ का वध कर दिया गया। उसके बाद मेघनाथ का कटा सिर दर्शकों के बीच घुमाया गया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा।

# डलमऊ में पारंपरिक तरीके से हुआ रावण दहन

संवाददाता,डलमऊ, रायबरेली


मेला महोत्सव में रावण से युद्ध करते राम-लक्ष्मण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जय मां तपेश्वरी सेवा समिति द्वारा संचालित मखदूमपुर मेला महोत्सव दशहरा के पांच दिन बाद यानी पूर्णिमा के दिन रावण दहन व मेला का आयोजन किया जाता हैं। जिसमे बड़ी ही संख्या में क्षेत्रीय लोग दुकान लेकर व मेला देखने पहुंचते हैं। वही असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा के पांच दिन बाद रावण दहन पारंपरिक तरीके एवं हर्षोल्लास के साथ मखदूमपुर गाव में मनाया जाता है।

वही मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची श्री फाउंडेशन की सुधा द्विवेदी का मेला कमेटी कार्यकर्ताओ के द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस बार डलमऊ क्षेत्र के मखदूमपुर गाव में 17 अक्दूबर दिन ब्रहस्पतिवार को रामलीला का आयोजन किया गया था, जहां पर श्रीराम-लक्ष्मण ने वानर सेना के साथ मिलकर भव्य झांकी व शोभा यात्रा निकाली गई इसके बाद राम रावण युद्ध का मंचन दिखाया गया, जिसमें श्रीराम ने रावण की नाभि में बाण मारते ही दशानन का अहंकार धू-धूकर जल गया। भगवान राम और रावण के युद्ध को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। वही रावण दहन के साथ ही पूरे परिसर में जय श्रीराम के नारो से गुंजायमान हो गया।

मेले में विभिन्न प्रकार की दुकाने सजाई गई थी बच्चों ने झूले का लुप्त उठाया तो महिलाओं ने जरूरतमंद की चीज भी खरीदी और जलेबी, चाऊमीन,बर्गर, चाट-पानी के बतासे खाकर खूब आनंद लिया। मेला कमेटी द्वारा बताया गया हैं प्रतिवर्ष दशहरा के पांच दिन बाद मेले का आयोजन होता हैं जिसमे बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग पहुचते है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

**आक्शन कैटलाग नं: BSB 27 PARKING 24**

**(1) कार्य का विवरण:** वाराणसी सिटी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। **अवधि:** 03 वर्ष, **ई-नीलामी की तिथि:** 31-10-2024, **ई-नीलामी का समय** 11:00 बजे से 11:30 बजे तक
**(2) कार्य का विवरण:** देवरिया सदर स्टेशन स्थित (3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। **अवधि:** 03 वर्ष, **ई-नीलामी की तिथि:** 31-10-2024, **ई-नीलामी का समय** 11:00 बजे से 11:40 बजे तक
**नोट:** ♦ ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। ♦ ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन रू. 10,000/- (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD कांट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 5% (अर्नेस्ट मनी पांच प्रतिशत) होगी, जिसका भुगतान/कटौती उसी खाते से होगी। ♦ ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल *(www.ireps.gov.in)* के *E-Auction Leasing Section* मे उपलब्ध है।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,**
मुजाधि/वाणिज्य-161 **वाराणसी**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।**

# नगर पंचायत कार्यालय में मनी महर्षि वाल्मीकि जयंती

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली


ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** महर्षि बाल्मीकि की जयंती पर अध्यक्ष सरिता गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर दीपेंद्र कुमार गुप्ता व कार्यालय कर्मचारियों द्वारा महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गयी। तत्पश्चात नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डोर टू डोर कचरा संग्रहण हेतु खरीदे गए पांच नये ई रिक्शा वाहन को अध्यक्ष सरिता गुप्ता व स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर दीपेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि जिन मार्गो तक डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंच पा रहे थे। उन सभी मार्गो मे डोर टू डोर कचरा संग्रहण ई रिक्शा पहुंचेंगे और कचरे का संग्रहण करेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी से अनुरोध किया है कि नगर के सभी निवासी कचरे को घर तक कचरे के संग्रहण हेतु पहुंचने वाले वाहन और ई रिक्शा मे कचरा डाले। सार्वजानिक मार्गो, खाली पड़े प्लाटो, नाले-नालियो में कचरा ना डाले जिससे की कचरे का सही तरह से प्रबंधन व निपटान हो सके। नगर कचरा मुक्त शहर बनने की ओर आगे बढ़ सके। कार्यक्रम के दौरान प्रधान लिखित शिव शंकर मिश्रा, वीरेंद्र यादव, मनोज दीक्षित सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**▸▸ कचरा संग्रहण के लिए ई-रिक्शा को नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिखायी हरी झंडी**

# न्यू स्टैंडर्ड स्कूल में मनाई गई वाल्मीकि जयंती


न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में महर्षि वाल्मीकि की पूजा-अर्चना करते बच्चे।

**रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। स्कूल के कक्षा पांच के छात्र सत्यव्रत को वाल्मीकि का जीवंत रूप दिया गया। स्कूल की टीचर अंजली शुक्ला ने वाल्मीकि जयंती पर डाकू रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बनने तक की पूरी कहानी से बच्चों को अवगत कराया। विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने बच्चों के प्रति अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में ऋषियों-मुनियों तथा गुरुओं के सम्मान की सदैव से ही परंपरा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/ हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना संख्या :** टीआरडी-18-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-24 |
| 2. | **कार्य का नाम :** ओएचई संशोधन कार्य के सम्बन्ध में : (i) अमेठी-लखनऊ खंड में एलसी गेट संख्या 182/सी और 188/सी के बदले आरयूबी के प्रावधान के संबंध, (ii) राय बरेली-उतरेटिया खंड में एलसी गेट संख्या 175/बी (किमी 1025.059) के बदले आरयूबी के प्रावधान के संबंध में |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 43,50,052.49 |
| 4. | **बयाना राशि :** रु. 87,000.00/- |
| 5. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह |
| 6. | **निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 14.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7. | **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | **पात्रता मापदंड :** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोट:** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं.: टीआरडी-18-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-24 दिनांक: 15.10.2024** **3204/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## शिवगढ़ में निकाली गई शोभायात्रा

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार:** क्षेत्र में हर्षोल्लास पूर्वक महर्षि वाल्मीकि जयन्ती मनाई गई। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा शिक्षक रमेश कुमार के घर से गाजे-बाजे के साथ बस स्टॉप शिवगढ़ कस्बा होते हुए राम जानकी मन्दिर पहुंची, जहां नगर पंचायत के लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर रमेश कुमार सहगल, शिक्षक प्रदीप कुमार त्रिवेदी ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह, जीबी सिंह, रमेश कुमार, गयेन्दु सिंह, रामनरेश मेहता, संतोष श्रीवास्तव, विकास पाठक, अमर सिंह राठौर, शालू गुप्ता, रामेश्वर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर पूजा करते लोग। अमृत विचार

## घर में घुसकर की चोरी

**लालगंज, रायबरेली,अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सेखवापुर मजरे गोविंदपुर वलौली गांव में घर के अंदर घुसकर चोरी की वारदात हुई है। चोरी की घटना लालगंज-रायबरेली मुख्य मार्ग पर स्थित बैंक ऑफ बड़ोदा सेखवा पुर के सामने कल्पना देवी पत्नी लाला लोधी के घर में हुई है। कल्पना देवी ने बताया है कि चोर ने घर में घुस कर सोने की झुमकी, एक मोबाइल सहित 1500 रुपए नगदी चोरी कर ले गए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की वारदात की तहकीकात की है और शीघ्र चोरी की घटना के खुलासे की बात कही है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
Office of Executive Engineer
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती
Provincial Division, P.W.D., Shrawasti

उत्तर प्रदेश सरकार
लोक निर्माण विभाग

पुलिस लाइन, भिनगा-श्रावस्ती-271831
Police Line, Bhinga-Shrawasti
Phone No. 05250-222961
E-Mail: pdpwdswt2012@gmail.com

पत्रांक: 2 3 6 2/ई-टेण्डर/2024-25 दिनांक : 10-10-2024

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधान सभा भिनगा | | | | | | |
| 1 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2024-25 में ककरदरी- चैधरीडीह (अन्य जिला मार्ग) के किमी0-23 एवं 28 में निर्मित सेतु का सुरक्षात्मक कार्य। | 33.00 | 3.30 | 945.00 | 02 माह |
| 2 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2024-25 में बहराइच-भिनगा-सिरसिया-तुलसीपुर-गुलरिहा (राज्य मार्ग-158) के किमी0-18 में निर्मित सेतु का सुरक्षात्मक कार्य। | 33.50 | 3.35 | 945.00 | 02 माह |

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :- दिनांक 19-10-2024 से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन-लाइन दिनांक 19-10-2024 से 26-10-2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 26-10-2024 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 26-10-2024 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।
(ड़) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस-7-2020-176 (सा0)/06 दिनांक 25-08-2020 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

**(कीर्ति प्रभाकर मिश्र)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,**
**श्रावस्ती**

UP-220825, DATE- 16-10-2024
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

# ...घर के आंगन का फूल है बेटी

संवाददाता,महराजगंज, रायबरेली


कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करते कवि।

**अमृत विचार:** कौन कहता है शूल है बेटी, घर के आंगन का फूल है बेटी शिवम हब्गामी द्वारा उक्त पंक्तियों के साथ जहां पूरा पंडाल तालियों की गड़गाहट से गूंज उठा। वहीं माताओं की आंखों में भी चमक आ गई। कस्बे के आर्य नगर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में वृंदावन धाम से आए देवकी नंदन ठाकुर के परम शिष्य कथावाचक पवन देव ने प्रवचन के दौरान कहा। उन्होंने द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनकी बाल लीलाओं, उनके बाल रूप को देखने के लिए देवताओं का पृथ्वी पर आगमन, कंस द्वारा उनको मरने के लिए तरह तरह के राक्षसों को भेजना और उनका बाल रूपी कान्हा द्वारा मर्दन सभी लीलाओं का भव्य वर्णन कर भक्तों को भक्ति रसपान कराया। कथा के समापन पर आयोजक विनोद सिंह एवं उनके सहयोगियों द्वारा कन्या भोज और बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। इसी के साथ आयोजकों द्वारा बुधवार को कवि सम्मेलन कराया गया, जिसमे दूर दराज से आए कवियों ने अपने गीतों व छंदों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे अभिजीत मिश्र ने कवियों का स्वागत किया। इस दौरान कवि आशुतोष ओझा, लवलेश यदुवंशी, शिवम हब्गामी, सुभम अवस्थी , नरकंकाल एवं पल्लवी ने अपनी कविताओं के माध्यम से लोगो का मनोरंजन किया।

# वाल्मीकि का जीवन सबके लिए प्रेरणादाई

महराजगंज, रायबरेली


महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अतिथि, मौजूद अन्य।

**अमृत विचार:** महावीर स्टडी स्टेट और विकास खण्ड में हर्षोल्लास से महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। ब्लॉक सभागार में खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह व महावीर स्टडी स्टेट के प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने आदिकवि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित करते हुए प्रार्थना सभा में महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महर्षि कश्यप और अदिति के नवम् पुत्र वरूण और उनकी पत्नी चर्षणी के घर में बाल्मीकि का जन्म हुआ था। इनका नाम रत्नाकर रखा गया। बाल्यावस्था में इन्हें जंगल में रहने वाले भील उठा ले गए, जिससे इनका पालन पोषण कबीले के संस्कारों पर हुआ। एक बार नारद जी के साथ सप्त ऋषि जंगल के रास्ते जा रहे थे। उन्हे रोककर उनसे कीमती वस्तुएँ देने को कहा नारद जी ने कहा कि मेरे पास जो बहुत कीमती चीज है क्या आप उसे ले सकते हैं? रत्नाकर ने इन्हे पेड़ से बांध दिया, तब नारद जी ने कहा कि आपके पाप कर्म के परिणाम स्वरूप जो मिलेगा क्या उसमें आपका परिवार भी भागीदार होगा। नारद जी ने उपाय बताते हुए कहा कि मेरे पास अमूल्य वस्तु रामनाम है। रत्नाकर से रामनाम जप करने को कहा। इन्होने घोर तपस्या की दीमक ने इनके शरीर पर बांबी बना लिया। ईश्वर की प्रेरणा से इन्होने महाकाव्य रामायण की रचना की। सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र से परिचित कराया।

# शरद पूर्णिमा पर गंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजायमान रहे घाट, दूर इलाकों से आकर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली


शरद पूर्णिमा पर गोकना गंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरुवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर गंगा घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा। हर हर गंगे के जयकारों से घाट गूंजायमान हो गए। दूर दराज इलाकों से आकर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गरीबों, ब्राह्मणों को दान-पुण्य किया।

शरद पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन स्नान करने से भगवान शिव और भगवान श्रीकृष्ण की विशेष कृपा बरसती है। इस मान्यता के चलते पर्व के अवसर पर क्षेत्र के गोकना, बादशाहपुर, पूरे तीर आदि गंगा घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। कई जगह भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मनौतियां मांगी। सुबह से ही श्रद्धालु गोकना गंगाघाट पर श्रद्धालु स्नान को पहुंचने लगे। हर हर गंगे के जयकारों के बीच श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगा रहे थे। गंगास्नान कर श्रद्धालुओं ने मां गंगा का दूध से अभिषेक किया। गंगा मईया की पैरावनी की गई। तमाम श्रद्धालुओं ने भंडारे आयोजित कर लोगों को भोजन कराया। स्नान दान का सिलसिला गुरुवार प्रातःकाल से शुरू होकर अपराह्न बाद तक चलता रहा।

**यह है धार्मिक महत्व :** गोकना गंगा घाट के वरिष्ठ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी ने बताया कि इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के अत्यधिक नजदीक होता है। मां लक्ष्मी खिले कमल पर पद्मासन मुद्रा में बैठती हैं। वेद विद्वान के मुताबिक मां लक्ष्मी के साथ कुबेर भी होते हैं। शरद पूर्णिमा की रात में मां लक्ष्मी के मंत्र का उच्चारण करने से धन की दिक्कत दूर होती है। वहीं शरद पूर्णिमा की रात को दूध की खीर बनाकर खुले आसमान के नीचे रखने का विशेष महत्व है। खीर पर चंद्रमा से अमृत बरसता है। मान्यता है रातभर चांदनी पडने के बाद इस खीर का सेवन करने से शरीर को आरोग्य मिलता है। शरद पूर्णिमा की रात में रखी हुई खीर का सेवन दमा के रोगियों को काफी लाभकारी माना जाता है।

### जाम की समस्या से जूझे श्रद्धालु

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए डलमऊ के स्नान घाटों पर पहुंचे। सुबह से ही बड़ी संख्या में वाहनों के आने से जाम की समस्या बन गई। घंटों श्रद्धालु जाम की समस्या से जूझते रहे। मुराई बाग चौराहे से डलमऊ रोड पर भयंकर जाम की स्थिति बनी रही। प्रशासन द्वारा यातायात उचित प्रबंध न होने की वजह से श्रद्धालुओं को जाम से निकलने में घंटों लग गए।

**डलमऊ के घाट पर भी रही श्रद्धालु की भीड़ :** पूर्णिमा पर गुरुवार को श्रद्धालु ने डलमऊ के स्नान घाटों पर पहुंचकर हर हर गंगे की जयकारों के साथ स्नान किया। घाटों के किनारे स्थित मंदिरों व शिवालयों में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। डलमऊ के लगभग एक दर्जन से अधिक घाटों पर गुरुवार सुबह से ही बड़ी संख्या में रायबरेली समेत आसपास के जनपदों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही गंगा स्नान का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जो दोपहर तक चलता रहा। डलमऊ की सड़क घाट, वीआईपी घाट, रानी शिवाला घाट, संकट मोचन घाट, छोटा मठ, बड़ा मठ सहित लगभग एक दर्जन घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।


डलमऊ कस्बे में लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

# जेके जायसवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष निर्वाचित


व्यापार मंडल अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद प्रमाण-पत्र प्राप्त करते जेके जायसवाल।

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार:** गुरुवार को नगर व्यापार मंडल बंसल गुट के हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर जेके जायसवाल एकतरफा मुकाबले में 143 मतों के अंतर से निर्वाचित घोषित किए गए है। अन्य पदों पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है।

ऊंचाहार व्यापार मंडल के विभाजन के बाद बंसल गुट ने नया चुनाव कराने की घोषणा की थी। जिसमें मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। प्रथम दिन अध्यक्ष पद को छोड़कर सभी पदों पर एक एक नामांकन ही हुआ था। जिससे सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया था। अध्यक्ष पद पर जेके जायसवाल और मो शाबेद दावेदार थे। जिनके लिए गुरुवार को नगर के कुशल भवन में मतदान कराया गया। इसमें कुल पंजीकृत 540 व्यापारियों में 308 व्यापारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 3 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने पर मतों को गिनती की गई। जिसमें तीन मत अवैध मिले। सर्वाधिक 224 मत पाकर जेके जायसवाल143 मतों के अंतर से जीते। उनके प्रतिद्वंदी मो शावेद को मात्र 81 मत मिले। मतगणना के बाद ही सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर नगर के व्यापारियों ने अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नाजिर हैदर, अरविंद मौर्य, सुधीर गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, मो अनवर, शाहिद उर्फ राजू, मुन्नू सिंह प्रधान, नागेश सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### रोटावेटर की चपेट में आने से किशोर की मौत

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मझिया नारी निवासी जगदीश प्रसाद ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे। ट्रैक्टर पर उनका 11 वर्षीय बेटा गौरव भी चालक के साइड वाले पायदान पर बैठा था। तभी अचानक जोर से धक्का लगने से गौरव ट्रैक्टर से नीचे आ गिरा और रोटावेटर की चपेट में आ गया। इससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही नरपतगंज चौकी इंचार्ज विवेक तिवारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। चौकी इंचार्ज ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा। वही गौरव की मौत से परिवार में मातम छा गया है।

### बाइक सवार बदमाशों ने महिला से छीना बैग

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बदमाशों ने लालगंज पुलिस को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े एक महिला से रुपयों से भरा बैग छीन कर भाग गये। पूरे मतुआ मजरे बरस गांव की महिला बबिता पत्नी अमरपाल ने लालगंज भारतीय स्टेट बैंक से एक लाख रुपये निकाला था। रास्ते में गंगापुर के पास बाइक सवार बदमाशों ने महिला से बैग छीन लिया। महिला ने लालगंज पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस बदमाशों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकी। हालांकि पुलिस ने महिला को शीघ्र ही बदमाशों को पकड़ने की बात कही है।

### चोरों ने श्रमिक के घर से चुराए लाखों के जेवरात

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव खानपुरखुश्टी से बीती रात अज्ञात चोरों ने एक श्रमिक के घर से डेढ़ लाख से अधिक कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पार कर दिया। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस घटना की जांच कर रही है। खानपुरखुश्टी निवासी मोहित कुमार पुत्र राम आधार ने बताया कि उसका बड़ा भाई रोहित मुम्बई में मजदूरी करता है। बुधवार को सुबह लगभग पांच बजे देखा तो अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसकर लगभग डेढ़ लाख से अधिक कीमत के सोने चांदी के आभूषण और 700 रुपये चुरा ले गए। जानकारी होने पर उसने पीआरबी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना की पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक बालेन्दु गौतम ने बताया कि पीड़ित द्वारा चोरी की घटना की लिखित सूचना दी गई है। जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर शीघ्र ही घटना का अनावरण करने का प्रयास किया जाएगा।

# कीटनाशक दवा खाने से अधेड़ की मौत, हड़कंप

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार:** बुधवार की रात को अधेड़ ने कीटनाशक दवा खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा रात में उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने उसका इलाज कर घर भेज दिया। गुरुवार को फिर उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर सीएचसी लालगंज पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के सराय बैरिया खेड़ा गांव के रहने वाले शत्रोहन (40) पुत्र रामलाल ने बीती रात कीटनाशक दवा खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसका इलाज कर छुट्टी दे दी। गुरूवार की सुबह फिर उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचे। यहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर तस्वीर साफ हो जाएगी।

# जिला कारागार में जागरूकता शिविर आयोजित

संवाददाता, रायबरेली


जिला कारागार के अस्पताल का निरीक्षण करते अपर जिला जज अनुपम शौर्य।

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में सचिव व अपर जिला जज अनुपम शौर्य द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज व सचिव द्वारा जिला कारागार की बैरकों, अस्पताल, पाकशाला व लीगल एंड क्लीनिक का अवलोकन किया गया। कारागार के चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान बन्दी रोगियों की समस्याओं को सुना गया। बदलते मौसम को दृष्टिगत रखते हुए बन्दियों की अधिक देखभाल किये जाने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर हिमाशुं रौतेला, डिप्टी जेलर सुमैया परवीन, डिप्टी जेलर धर्मपाल सिंह, अंकित गौतम जेल चिकित्साधिकारी सुनील अग्रवाल, डिप्टी लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव उपस्थित रहे।

# देश पर सबसे बड़ा ऋण वीर सैंनिकों का : केएल शर्मा

## सीएपीएफ सैनिक परिवार रायबरेली के तत्वावधान में आयोजित हुआ सैनिक सम्मान समारोह

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली


ऊंचाहार के पूरे चक मजरे खरौली गांव में सैनिकों का सम्मान करते अमेठी सांसद केएल शर्मा व पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारत मां के वीर सपूतों की स्मृतियां हमेशा हमें प्रेरणा देती रहेगी और उनकी यादें हमारी अमूल्य धरोहर बनी रहेगी। यह विचार अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने शहीदों के परिवारों को सम्मानित करते हुए व्यक्त किया।

क्षेत्र के गांव पूरे चक मजरे खरौली में सीएपीएफ सैनिक परिवार रायबरेली द्वारा आयोजित सैनिक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अमेठी से लोकसभा सदस्य ने कहा कि देश पर सबसे बड़ा ऋण उन वीर सैनिकों का है, जिन्होंने इसकी रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि इसके साथ मैं उन वीर जवानों को भी नमन करता हूं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन भारतीय सेना में राष्ट्र को समर्पित किया है। आज जब हम उनका सम्मान कर रहे हैं, तो खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कुमार अजय पाल सिंह ने कहा कि हमारे सैनिक हमारा गौरव है। आज भाजपा सरकार अग्नि वीर योजना लाकर हमारे सैनिकों को अपमानित करने का काम कर रही है।

समारोह को हरचंदपुर के विधायक राहुल लोधी, कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल सिंह और सलोन के ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह कुशवाहा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कांग्रेस के विधान सभा प्रभारी महेश शर्मा, शिवकरन तिवारी, शैलेंद्र सिंह, डीएन पाठक, मौलाना मेंहदी, शाजू नकवी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### घर में घुसकर की तोड़फोड़, परिजनों को पीटा

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव सलीमापुर मजरे दुकनहा में युवक से अपना उधारी पैसा वापस मांगना भारी पड़ गया। आरोपी युवक ने पैसे मांगने से नाराज होकर उसके घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए परिजनों की जमकर पिटाई की। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर घटना के तीसरे दिन नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। सलीमापुर मजरे दुकनहा निवासी तोताराम ने आरोप लगाया कि उसने अपने गांव के महेन्द्र पुत्र शिवनरायन को उधार रुपये दिए थे। मंगलवार की रात लगभग आठ बजे उसने अपने रुपये वापस मांगे तो महेन्द्र ने नाराज होते हुए गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए घर में घुसकर तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर परिजनों को लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बालेन्दु गौतम ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्मी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला को अपनी हवश का शिकार बनाने वाले युवक को पुलिस ने गुरुवार की दोपहर दबोच लिया। जब वह अपना ठिकाना बदलने की कोशिश में था। पुलिस ने पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में एक वहशी युवक ने बीते अगस्त माह में सौच के लिए गई एक महिला को दबोच लिया था और सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ जबरन दुराचार किया था। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था, लेकिन अभियुक्त घटना के दिन से ही फरार चल रहा था। पुलिस से बचते हुए आए दिन वह अपना ठिकाना बदलता रहा। गुरुवार की दोपहर पुलिस को खबर मिली कि आरोपी युवक भानु पुत्र गणेशी अपने निवास मैनूपुर गांव आया है, जहां से वह सरकने की तैयारी में है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे दबोच लिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर राजीव ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध दुराचार का मुकदमा पंजीकृत है। आरोपी कई महीनो से फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी तलाश थी। आज दोपहर उसे मैनूपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### जीवन को सफल बनाने के लिए प्रभु को मन में बसाएं : बसंत


बृहस्पतिवार को टांय में संत्संग सुनते लोग। अमृत विचार

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** संत निरंकारी मिशन द्वारा जगतपुर के टाय में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महात्मा बसंत लाल ने की। बृहस्पतिवार को टाय में निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को सफल बनाने के लिए प्रभु परमात्मा निरंकार को ही मन में बसाना है। इसी का आधार लेकर जीवन के सफर को तय करना एक समर्पण वाला जीवन जीना है, दुनिया में रहना है, लेकिन दुनिया का तलबगार नहीं बनना इस शब्द को तो हम सभी जानते हैं कि संसार से सभी को एक न एक दिन जाना है। फिर हम संसार में एक होकर ही बने रहे। निरंकारी सतगुरु इसी वास्तविकता का साक्षात्कार करा कर हमें निज स्वरूप की पहचान करा रहे हैं। संसार में तो रहे लेकिन सांसारिकता हमारे मन में ना बसने पाए और हमारे मन में परमात्मा का ही आधार बन जाए। इस मौके पर सुंदरलाल अनूप कुमार, शिवकुमार शुक्ला, हीरालाल, राम सुमेर, रामनरेश, शत्रोहन पटेल, शिवहरि, मनीष कुमार, शुभम कुमार, अखिलेश, वंदना, उषा, कर्मावती, अंजू, नीलम, सुमन आदि लोग मौजूद रहे।

### राहगीरों ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल, रेफर

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड महराजगंज जिहवा मोड़ के पास रोड के किनारे पड़े युवक घायल अवस्था में राहगीरों ने देखा सूचना एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना बुधवार रात की बताई जा रही हैं। युवक प्रदीप कुमार पुत्र विशेषण (25) निवासी कोटवा मदानिया एवं दुर्गेश पुत्र रामसेवक (28) दोनों घायल अवस्था में रोड के किनारे खाई में पड़े राहगीरों ने देखकर एंबुलेंस की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### रेल कोच प्रबंधन ने चौपाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** आरेडिका ने ऐहार गांव में ग्राम चौपाल लगाकर विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत आरेडिका के आस-पास के गांवों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने चौपाल के माध्यम से जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। आरेडिका के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया। आरेडिका की विशेष खेल-कूद अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन आवाड़ी सुधा सिंह ने लोगों को खेल क्षेत्र में आरेडिका द्वारा कि जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों, एवं किसानों ने भाग लिया।

# टेबल टेनिस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में टेबल टेनिस बालक/बालिका जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। एकल बालक वर्ग में एलपीएस के दिव्य सिंह प्रथम, देवांश सिंह द्वितीय, रायन के शिखर गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। युगल बालक वर्ग में एलपीएस के देवांश और दिव्य सिंह जोड़ी प्रथम, रायन के शिखर गुप्ता और अपूर्व द्वितीय, श्रेयांश और उत्कृष्ट अवस्थी तृतीय स्थान पर रहे।एकल बालिका वर्ग में रायन की सादिय फातिमा प्रथम, संजना सोनकर द्वितीय, कोमल तृतीय, युगल बालिका वर्ग में सादिया फातिमा, वर्तिका प्रथम, संजना सोनकर, पलक सोनकर द्वितीय, पलक और महक की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। इस तरह जिला स्तरीय क्रिकेट बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में आठ टीमों के बीच मुकाबला हुआ। पहले मैच में स्टेडियम ने एशिया क्लब को सात विकेट से हराया। श्रीशारदा स्पोर्टस ने नदीम सिद्दीकी क्रिकेट अकादमी को 78 रन, स्टेडियम रायबरेली ने केंद्रीय विद्यालय को 11 रन से हराया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राजेश सिंह अवैतनिक सचिव टेबल-टेनिस के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का संचालन धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम जिला क्रीडाधिकारी ने किया।

# गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष बने रवि चौधरी

संवाददाता, रायबरेली


निर्विरोध निर्वाचित रवि चौधरी का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड दरियापुर के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार रवि चौधरी निर्विरोध निर्वाचित हुए। सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड दरियापुर रायबरेली के लिए नामित डायरेक्टर भारतीय जनता पार्टी के नेता उमेश मिश्रा प्रस्तावित हुए।

गुरुवार चुनाव के नामांकन के समय जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी सहित भाजपा के निर्विरोध निर्वाचित 11 डायरेक्टर व सहकारी से जुड़े सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चुनाव के पश्चात निर्वाचित अध्यक्ष रवि चौधरी को कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भाजपा रायबरेली जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने बताया कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा व अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक व क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप के मार्गदर्शन में पहले डायरेक्टर के चुनाव में सभी समितियों पर भाजपा के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके बाद गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए पार्टी के प्रत्याशी रवि सिंह चौधरी निर्विरोध चुने गए। उपाध्यक्ष के पद पर भाजपा नेता लक्ष्मी शंकर सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभी डायरेक्टर्स और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित कर रायबरेली में गन्ना समिति व पार्टी के गतिविधियों में मजबूत करने का आश्वासन दिया।

# सपा कार्यालय में मनी महर्षि वाल्मीकि की जयंती

संवाददाता, रायबरेली


महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय में महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनायी गई। इस दौरान एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव नें कहा कि वाल्मीकि संस्कृत रामायण के प्रसिद्ध रचयिता है, जो आदि कवि के नाम से प्रसिद्ध है।

रामायण एक महाकाव्य है जो राम के चरित्र का आईना है। राम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से परिचित करवाता है, जिससे उन्हें महर्षि और भगवान भी कहा जाता है। भगवान वाल्मीकि को श्रीराम के जीवन में घटित प्रत्येक घटना का पूर्ण ज्ञान था।

सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि एक सारस पक्षी के जोड़े द्वारा प्रेमालाय की अवस्था में एक बहेलिये द्वारा नरपक्षी की हत्या के बाद मादा पक्षी के विलाप महर्षि वाल्मीकि को अन्दर से झकझोर दिया। उस पक्षी की विलाप की करूणा ने उन्हें लेखन की प्रेरणा दी। उसके बाद रामायण की रचना की। वरिष्ठ नेता रंजीत यादव ने कहा कि वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण में सूर्य, चंद्र और अन्य नक्षत्र की स्थितियों का वर्णन किया है। जिला सचिव सुरजीत सिंह ने कहा कि महर्षि वालमीकि ज्योतिष एवं खगोल विद्या के प्रकांड विद्वान थे। व्यापार सभा अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा कि द्रोपदी के यज्ञ में कृष्णा की प्रार्थना पर वाल्मीकि की उपस्थिति के बाद शंख बजता है। रामनेवाज यादव नें कहा कि सतयुग, त्रेता और द्वापर तीनों कालों में वाल्मीकि की का उल्लेख मिलता है। गोष्ठी का संचालन महासचिव मो. अरशद खान ने किया।

इस मौके पर रज्जू खान, शिवनारायण सोनकर, जिला सचिव मो. मुशीर अहमद, सतगुरू पासी, गंगा सागर यादव, विनय यादव, मनीष कुमार, शिक्षक नेता राजेन्द्र बहादुर, आशुतोष यादव, रामस्वरूप पासी, राकेश यादव, धर्मेन्द्र बहादुर, आदि लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए 17 खिलाड़ी चयनित

संवाददाता, रायबरेली

**प्रतियोगिता का आयोजन गोरखपुर में 21 से 22 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा**

**अमृत विचार:** जिला क्रीडाधिकारी धीरेन्द्र पुरुषोत्तम ने बताया कि खेल निदेशालय के अनुपालन में राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग पुरुष/महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय स्पोर्टर्स स्टेडियम गोरखपुर में 21 से 22 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। इसमें 17 खिलाड़ियों का चयन किया गया। एथलेटिक्स बालक सीनियर वर्ग में मोहित, राज, युवराज सिंह, अभिषेक, शिवम, राम सनेही, अभिषेक शाहू, अनूप कुमार, विवेक सिंह चुना गया। इसी प्रकार चयन ट्रायल्स में एथलेटिक्स बालिका सीनियर वर्ग में लब्ली, ऊषा सिंह, शालिनी, शुभांगनी, ममता मौर्या, सीमा, लक्ष्मी, अंकिता को चयनित किया गया। जिला क्रीडाधिकारी ने बताया कि उपरोक्त खिलाडियों को मण्डलीय चयन ट्रायल्स के लिए भेजा जा रहा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

## 18 मंडल की टीमें कर रही प्रतिभाग, आठ दिवसीय लीग कम नॉक आउट पद्धति पर हो रही प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** उप्र खेल निदेशालय व उप्र फुटबॉल संघ के समन्वय से डाभासेमर के डॉ. भीमराव आंम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में गुरुवार को आठ दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक आगाज हुआ। मुख्य अतिथि रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने प्रतिभागी टीमों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की।

आरएसओ चंचल मिश्रा ने मुख्य अतिथि को प्रतियोगिता की जानकारी दी। प्रतियोगिता में सभी 18 मंडल की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। लीग कम नॉक आउट पद्धति पर प्रतियोगिता चयनकर्ता उपक्रीड़ा अधिकारी उन्नाव मुकेश सब्बरवाल व पर्यवेक्षक आरिफ नजमी की निगरानी में हो रही है। समारोह का संचालन जिला बैडमिन्टन संघ के सचिव अनूप दुबे ने किया। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद अंसारी, विवेक कुमार, अनुपम शुक्ल, बबलू कुमार, बिन्दु, सोनिका शुक्ला आदि मौजूद रहे।



डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते रुदौली विधायक राम चंद्र यादव।



प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में खेलते खिलाड़ी।

### बरेली, मेरठ, कानपुर व मुरादाबाद का विजय अभियान शुरू

प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन हुए लीग मुकाबलों में बरेली, मेरठ, कानपुर व मुरादाबाद मंडल टीमों ने जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान शुरू किया। लीग कम नॉक आउट प्रतियोगिता में चार पूल बनाए गए हैं। पहले दिन हुए बरेली व बस्ती मंडल के बीच हुए मुकाबले में बरेली ने 4-1 से विजय हासिल की। बरेली के युगांक ने अकेले तीन गोल मारकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। बस्ती के आदित्य ने एक गोल किया। मेरठ मंडल व देवीपाटन मंडल के मैच में मेरठ टीम ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। मेरठ की ओर से रुद्राक्ष ने दो, अंशुल, आदित्य व समीर ने एक-एक गोल किया। तीसरे मैच में कानपुर ने आजमगढ़ मंडल पर 3-0 से जीत हासिल की। कानपुर के आदर्श, प्रथम, शिवसागर एक-एक गोल करने में सफल रहे। चौथे मैच में मेरठ मंडल ने सहारनपुर मंडल को 3-0 से पराजित कर विजय अभियान की शुरुआत की। फरमान, मोरिस व शादाब ने एक-एक गोल किया।

### खिलाड़ियों को हर संभव संसाधन दे रही सरकार : रामचंद्र

उप्र के खिलाड़ी अब किसी अन्य प्रदेश के मोहताज नहीं रहे। अपनी योग्यता के बल पर उप्र के खिलाड़ी प्रदेश व देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। ये बातें रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव ने गुरुवार को कही। वह प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध करा रही है। सरकार की ओर से प्रतिभावान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही उन्हे विभिन्न संस्थानों में खेल योग्यता के आधार पर नौकरी भी मिल रही है।

# दीपोत्सव पर ऑनलाइन करें दान, घर पहुंचेगा प्रसाद

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण दीपोत्सव-2024 के लिए एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ करेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि 30 अक्टूबर को दीपोत्सव का अयोजन होगा। देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस महोत्सव में सम्मलित होने की इच्छा रखते हैं। बहुत से श्रद्धालु हैं महापर्व पर नहीं आ सकते, लेकिन ऑनलाइन माध्यम से दीये का दान कर के दीपों के इस महापर्व में अपना सहयोग प्रदान करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के ऐसे भक्ति-भाव को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी दीपोत्सव महापर्व के अवसर पर 'एक दीया राम के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम के द्वारा देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से अपने स्वेच्छानुसार राशि दान स्वरुप दे सकेंगे। देश-विदेश के श्रद्धालु अयोध्या में होने वाले, इस महान दीपोत्सव का हिस्सा बन सकते हैं, जिसके प्रतिफल में उन्हें प्रसाद भी भेजा जायेगा। इस प्रसाद को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा निर्मित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि http://www.divyaayodhya.com/bookdiyaprashad सीधे लिंक पर जा दान कर सकते हैं।



▸▸ अयोध्या विकास प्राधिकरण शुरू करेगा एक दीया राम के नाम का कार्यक्रम

# निदेशालय के नाम पर आए कॉल पर साझा न करें ओटीपी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** पेंशनधारकों को ठगने के लिए साइबर अपराधियों ने नया फंडा अख्तियार किया है। अब वह बैंक, विभाग के बाद पेंशन निदेशालय के नाम पर फोन कॉल कर ठगी कर रहे हैं। इसको लेकर लखनऊ से पेंशनधारकों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

पुलिस कमिश्नरेट साइबर क्राइम सेल लखनऊ की ओर से जारी अलर्ट में कहा गया है कि साइबर अपराधियों की ओर से पेंशनधारकों को जीवन प्रमाण पत्र को ऑनलाइन अपडेट किए जाने के लिए फोन किया जा रहा है। अपराधियों के पास पेंशन धारकों का पूरा डेटा होता है। वह पेंशनधारकों को उनकी नियुक्ति व सेवानिवृत्ति की दिनांक, पीपीओ नंबर, आधार कार्ड संख्या, स्थायी पता, ई-मेल आईडी, सेवा निवृत्ति पर प्राप्त राशि, मासिक पेंशन और नॉमिनी जैसी जानकारी देकर विश्वास जीतते हैं। बताते हैं कि वह पेंशन निदेशालय से बोल रहे हैं। आपका जीवन प्रमाण पत्र अपडेट किया जा रहा है। फोन पर आया ओटीपी बताएं। पेंशनधारक जब ओटीपी साझा कर देता है तो साइबर अपराधियों को पेंशनधारक के बैंक खाते को सीधे एक्सेस करने का मार्ग मिल जाता है। वह पेंशनधारक का पैसा दूसरे बैंक खाते या फिर वालेट में स्थानांतरित कर देते हैं। स्थानीय कर्मचारी संगठनों से मिली जानकारी के अनुसार जारी अलर्ट बताया गया है कि पेंशन निदेशालय कभी भी किसी पेंशनधारक का जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए फोन नहीं करता है।

# 8वां दीपोत्सव : 22 समितियों का गठन, घाटों की 80 प्रतिशत मार्किंग

अयोध्या कार्यालय

▸▸ 24 अक्टूबर को घाटों पर पहुंचेगी सामग्री, 25 से बिछाए जाएंगे दिए

▸▸ 29 को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम करेगी दियों की गणना

**अमृत विचार:** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के कुशल प्रबंधन में रामनगरी का आठवां दीपोत्सव भव्य होगा। स्वयंसेवकों की मदद से इस बार 25 लाख से अधिक दीपक जलाकर सातवीं बार विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारी में जुटा हुआ है।

घाट चिन्हांकन समिति के संयोजक डॉ. रंजन सिंह की देखरेख में गुरूवार को दूसरे दिन राम की पैड़ी के दोनों ओर घाटों पर मार्किंग का कार्य किया गया। जिसमें 80 प्रतिशत मार्किंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति के निर्देशन में दीपोत्सव की भव्यता के लिए 22 समितियां गठित की है। जिनमें समन्वय समिति में कुलपति पदेन अध्यक्ष है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र सहित 20 सदस्य हर समिति में शामिल हैं। इसके अलावा अनुशासन समिति, सुरक्षा समिति, सामग्री वितरण समिति, दीप गणना समिति, भोजन समिति, यातायात समिति आदि भी बन गईं हैं।

दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि सरयू के 55 घाटों पर मार्किंग कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इन्हीं चिन्हित स्थलों पर घाट समन्यक घाट प्रभारी की देखरेख में 25 लाख दीपों को प्रज्ज्वलित कराने के लिए 28 लाख दीए लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर तक वेडर्स से दीया, तेल व अन्य सामग्री प्राप्त हो जायेगी। 24 अक्टूबर से घाटों पर सामग्री पहुंचाने का कार्य प्रारम्भ होगा। 25 अक्टूबर से घाटों पर 30 हजार स्वयंसेवकों द्वारा दीयों को लगाने का कार्य शुरू होगा। जिसे 28 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जायेगा। 29 अक्टूबर को दीयों की गणना गिनीज बुक आफ रिकॉर्ड टीम द्वारा की जायेगी। 30 अक्टूबर को स्वयंसेवकों द्वारा घाटों पर लगे दीयों में बाती, तेल डाला जाएगा। इसके बाद सभी 28 लाख दीपक जलाए जाएंगे।

# जयकारों के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाएं विसर्जित, उमड़े श्रद्धालु

▸▸ सुरक्षा व्यवस्था में जगह-जगह तैनात रहे पुलिसकर्मी

▸▸ रास्ते भर में उड़ाया अबीर गुलाल, बाटा प्रसाद, हर्षोल्लास के साथ निकाली गई झांकियां

संवाददाता, शुकुल बाज़ार, अमेठी







गोमती घाट पर निरीक्षण करने पहुंचे डीएम निशा अनंत, एसपी अनूप कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र सप्तमी के दिन पूजा पांडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार को थाना बाजार शुकुल क्षेत्र की स्थापित 68 देवी प्रतिमा जिसमे रीछ घाट पर 39, राजघाट पर 2, सत्थिन में 19, पाली घाट पर 3 उरेरमऊ पर 5 कुल 68 देवी प्रतिमा व कमरौली थाना से क्षेत्र से 11 मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और हर्षोल्लाह के साथ भक्तों द्वारा नम आंखों के साथ किया गया। जहां जगह-जगह विसर्जन जुलूस निकाले गए।

जुलूस में भक्तगण मां दुर्गा की भक्ति गीतों पर उत्साह से थिरकते हुए नजर आए। शुकुल बाजार आदि में कटरा चौराहे पर दुर्गा प्रतिमाओं को इकट्ठा किया गया। केंद्रीय दुर्गा पूजा समन्वय समिति के पदाधिकारी तथा अन्य भक्तों ने विधिवत पूजा पाठ हवन पूजन के पश्चात परंपरागत मार्गो से होते हुए विसर्जन जुलूस गोमती नदी रीछ घाट पर पहुंचा और विसर्जन किया गया। वहीं, जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह संयुक्त रूप से दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर रीछ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, घाट पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से हो रहा है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के तहत क्षेत्राधिकार अतुल सिंह आम घाट पर पहुंचे।

गोमती तट पर थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र व शैलेंद्र कुमार आजाद बाबा बाजार थाना अध्यक्ष की देखरेख में प्रतिमाओं का विसर्जन शांति पूर्वक नदी में किया गया। इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी जुलूस निकालकर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के उपरांत देर शाम शुकुल बाजार में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक विसर्जन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी जिसमें जगह जगह भव्य झाकियों के साथ विसर्जन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला इस मौके दिनेश कौशल प्रेम गुप्ता जय सिंह चंदेल नव दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला अज्जू सिंह रजनू कौशल सोनू कौशल जयशंकर गुप्ता रमेश गुप्ता दीपांशु गुप्ता सर्वेश गुप्ता विजय गुप्ता शिव कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### जेडी ग्रुप आप इंस्टीट्यूट समितियां को किया सम्मानित



**संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार :** नगर पंचायत मुसाफिरखाना के दुर्गा पूजा महोत्सव को भव्य बनाने के लिए जेडी ग्रुप ऑफ इस्टिट्यूट के प्रबंधक समाजसेवी अभिषेक प्रताप सिंह द्वारा समितियों को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरुस्कार की घोषणा की। देर रात्रि अभिषेक प्रताप सिंह तय मानक के मुताबिक प्रथम पुरुस्कार के तहत 11000, द्वितीय पुरुस्कार के तहत 5100 एवं तृतीय पुरुस्कार के रूप 2100 रु नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया। इसके साथ ही अन्य समितियों को भी सम्मानित किया गया। जहाँ उनको समितियों द्वारा भरपूर सम्मान मिला। इस कार्यक्रम में उनके साथ रवि तिवारी, आशुतोष, दिलीप सिंह, रणजीत यादव, मंगल, मुकेश निषाद, हर्ष यादव, शिवभान, सतनाम, अरुण सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का समान जलकर राख

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** अमेठी चौक के गुड़ मंडी के पास स्थित कपड़े की दुकान दुल्हा घर में विद्युत शार्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई। भीषण आग लगने से लाखों रुपए की कीमत के कपड़े एवं वैवाहिक सामान जलकर रख हो गये। चौक का मामला होने से तत्काल अमेठी पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम को भी सूचना दी गई फायर ब्रिगेड की टीम और अमेठी कोतवाली पुलिस आज बुझाने में लगी हुई है। फिलहाल फायर ब्रिगेड टीम और अमेठी कोतवाली पुलिस ने कड़े प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया है। आग की लपटे देखकर स्थानीय कस्बे वासियों ने स्वयं नल चलाकर आग बुझाने का भर्षक प्रयास किया था। वही आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया। शाम को दुर्गा पूजा विसर्जन के अवसर पर दुकान मालिक दुकान बंद कर कार्यक्रम में गया हुआ था। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार शार्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी थी आग। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के गुड़ मंडी चौक के पास स्थित हैं कपड़े दुकान दुल्हा घर।

### एसडीआरएफ टीम ने 15 घंटे से शुरू की अधेड़ की तलाश

**संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पाली स्थित गोमती नदी में डूबे अधेड़ की तलाश के लिए राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) अयोध्या की टीम बाजार शुकुल के पाली पहुंची। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ नदी में खोजबीन शुरू कर दी है। थानाक्षेत्र के पाली निवासी हरिशरण पाल (55) पुत्र रामसुमिरन ने मंगलवार की दोपहर 11 बजे निर्माणाधीन पुल के नीचे अपने चप्पल उतार कर नदी में नहाने के लिए कूद गया। वहां पुल निर्माण में लगे लोगों ने उसे नदी में कूदते देख इसकी सूचना बाजार शुकुल थाना पुलिस को दी। फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष दया शंकर मिश्रा मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों से नदी में जाल डलवाकर खोजबीन करने का प्रयास किया था। तीसरे दिन गुरुवार को अधेड़ की तलाश के लिए राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) अयोध्या की टीम बाजार शुकुल के पाली पहुंची। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ नदी में खोजबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र व परिजन ने भी काफी देर तक स्टीमर में बैठ कर कांटा आदि के जरिए तलाश की। अधेड़ को ढूंढने के लिए जहां पुलिस की कवायद जारी है।

# 4 दिवसीय मेले का किया गया उद्घाटन

संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी

**अमृत विचार:** बृहस्पतिवार को सैकड़ों वर्षों पुराने शरद पूर्णिमा के अवसर पर फुरसतगंज कस्बे में लगने वाले 4 दिवसीय मेले का मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह उप जिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी डॉ. अंशुमान सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ कर मेले का भ्रमण किया। मेले में आए अतिथियों का मेला कमेटी के अध्यक्ष पंकज सिंह द्वारा फूलों का गुलदस्ता व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी ने मेले के सकुशल सम्पन्न होने की कामना की।

मेला कमेटी अध्यक्ष पंकज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की जनता जनार्दन के मनोरंजन नौटंकी की व्यवस्थ मेला कमेटी द्वारा किया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में 20 सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन कैमरे से हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। वहीं, मेले में सुरक्षा व्यवस्था पुलिस प्रशासन द्वारा की गई है। इस मौके पर मौजूद रहे क्षेत्राधिकारी तिलोई डॉ. अजय कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी बृजेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह प्रधान मुखेतिया, अनिल सिंह, आदित्य पांडेय, थाना प्रभारी राम पांडेय, फुरसतगंज सीएससी अधीक्षक डॉ. अभिषेक शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) बहादुरपुर अनिल कुमार सिंह, ब्राह्मणी प्रधान संत लाल, पीढ़ी प्रधान मनोज मौर्य, खालिसपुर प्रधान प्रतिनिधि पवन शुक्ला, कोटवारमऊ प्रधान राजू गुर्जर, खैहरना प्रधान आजाद आदि मौजूद रहे।



फीता काटते पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश सिंह। अमृत विचार

# कौशल कला प्रदर्शन अद्भुत चिंतन

संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी

**अमृत विचार:** 'घड़ियाल आंसू' प्रचलित एवं प्रख्यात वाक्य मुहावरा है। जिसका भावार्थ लोगों को ठगने, बहकाने एवं धोखा देने में प्रयोग किया जाता है। प्रदर्शित झांकी में मछुआरा मछली एवं मगरमच्छ के माध्यम से बनावटी दर्द एवं मोहब्बत को दर्शाया गया है। मूल समस्या क्या है जिसका निदान भी समस्या को जन्म दे, ऐसे दृश्य को वृद्धि एवं वृद्ध (बूढ़ा-बुढऊ) को झोपड़ी में दयनीय स्थिति में दर्शाया गया है, जी कला या उपक्रम के माध्यम से जीवन का अधिकतम समय व्यतीत हुआ हो यदि उसे कर का औचित्य/उपयोग समाप्त हो जाए तो ऐसे असहाय स्थिति को मूल समस्या से संबोधित किया गया है।

आज हम चांद तक पहुंच चुके हैं, जिनका समय निकल गया हो उनका बड़ा आश्चर्य हो रहा है इस भाव को एक वृद्ध के माध्यम से "अरे वह" शिक्षक द्वारा दर्शाया गया है वहीं पास में एक छोटा ग्रामीण बच्चा सर खुजलाते हुए संकल्प ले रहा है कि हमें भी अपने देश के लिए कुछ करना है। चित्रण में चंद्रयान चंद्रमा राष्ट्रीय ध्वज का सहारा लिया गया है। बुद्धिमानी और चतुराई में अंतर को एक कौआ एवं सूखी हड्डी के माध्यम से दर्शाया गया है। 90 फीट में सजी झांकी में मनोरंजन, आस्था एवं चिंतन जैसे विषयों पर आकर्षक दृश्य दर्शाया गया है। मूर्तियां राजेंद्र प्रसाद कौशल मुसाफिरखाना द्वारा स्वनिर्मित है।




# नम आंखों से किया गया प्रतिमा का विसर्जन

संवाददाता, अमेठी





**अमृत विचार :** दुर्गा पूजा प्रतिमा का गुरुवार और शुक्रवार यानी आज दो दिनों तक देवी प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गापूजा महोत्सव मनाया गया। दुर्गापूजा महोत्सव के आखिरी दिन देर रात्रि तक मां भगवती के दर्शन के लिए रहेगी। जिले के 11 घाटों पर 864 स्थापित देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

विसर्जन से पहले मां भगवती के अंतिम दिन भक्तों द्वारा हवन पूजन और भंडारा कर निकाली जाती है। भव्य शोभायात्रा, विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए। जिले में मूर्ति विसर्जन का सिलसिला दो दिनों तक चलेगा। वहीं, संग्रामपुर स्थित रामघाट ठेंगहा में गुरुवार को भव्य मेला का आयोजन किया गया। लोगों की ऐसी मान्यता है कि प्रभु श्री राम वन जाते समय यहां पर स्नान किए थे और इधर से ही वन को गए थे। रामघाट में क्षेत्र से दूर दराज से मां की झांकियां विसर्जन के लिए आती हैं यहां पर। रामघाट सेवा समिति के द्वारा उन झांकियां को प्रथम, द्वितीय, तृतीय को पुरस्कृत किया जाता है। क्षेत्र से लोग अपनी-अपनी मूर्तियों को सजाकर विसर्जन के लिए रामघाट ठेंगहा लेकर आते हैं यहां पर आज पूर्णिमा के दिन बहुत भारी मेला लगता है। इस समिति के द्वारा कई वर्षों से यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस समिति के प्रबंधक करुणेश मिश्रा ने बताया कि पिछले 40 वर्षों से निरंतर विसर्जन कार्यक्रम यहां पर किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने बताया कि समिति का अध्यक्ष होने के नाते यहां पर सदैव साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था सांस्कृतिक कार्यक्रम अतिथि के बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ मूर्ति विसर्जन के प्रवेश द्वार और बाहर निकालने हेतु दूसरे रास्ते की व्यवस्था की गई है।

# उर्वरक विक्रेताओं की गोदामों पर छापेमारी

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार:** शासन के निर्देश के पर जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि जनपद में रबी फसलों की बुआई प्रारंभ होने के दृष्टिगत कृषकों को फास्फेटिक व अन्य प्रकार के गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता निर्धारित दर पर सुनिश्चित कराने हेतु उर्वरकों की बिक्री की जांच के संदर्भ में शीर्ष संस्थाओं तथा निजी क्षेत्र के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं व विनिर्माताओं के गोदामों/बिक्री केंद्रों पर सघन निरीक्षण के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों एवं उप जिला मजिस्ट्रेटों की संयुक्त टीम गठित करते हुए जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में उर्वरक बिक्री केन्द्र थोक/फुटकर की सघन छापेमारी व उनके अभिलेख तथा स्टॉक की जाँच कर अधिक मूल्य पर बिक्री/कालाबाजारी/जमाखोरी अथवा अन्य प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जाय।

उन्होंने बताया कि इस क्रम में तहसील तिलोई में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार एवं उप जिला मजिस्ट्रेट अमित सिंह, तहसील अमेठी में जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार एवं उप जिला मजिस्ट्रेट आशीष सिंह एवं तहसील गौरीगंज में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी हरि ओम मिश्र एवं उप जिला मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह तथा तहसील मुसाफिरखाना में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए शुभम पाण्डेय एवं उप जिला मजिस्ट्रेट प्रीति तिवारी के द्वारा उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों एवं गोदामों में सघन छापेमारी की गई तथा जांच के समय रेट बोर्ड, मेमो, पीओएस मशीन से उर्वरकों की बिक्री की जांच की गई तथा सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से बिक्री करें एवं कैशमेमो अवश्य दें। उन्होंने बताया कि जनपद में सघन निरीक्षण किए जाने के दौरान संयुक्त टीमों द्वारा कुल 24 उर्वरक बिक्री केंद्रों/गोदामों का निरीक्षण किया गया जिसमें 6 संदिग्ध नमूनों को संकलित कर प्रयोगशाला में प्रशिक्षण हेतु भेजा गया।



## एक नजर

### दवा लेने निकला अधेड़ लापता

**बाबागंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** महेशगंज थाना क्षेत्र के गौरी का पुरवा रायगढ़ गांव निवासी 50 वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद पुत्र वंशीलाल 15 अक्तूबर की सुबह 10 बजे बाइक से घर से दवा लाने कुंडा गए लेकिन वापस नहीं लौटे। देर शाम तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो गए। अनहोनी की आशंका को लेकर परिजन परेशान हो गए। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लगने पर लापता राजेंद्र के बेटे अरुण कुमार यादव ने पुलिस को तहरीर दी है।

### पंद्रह दिन बाद भी नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर

**लहगंपुर (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** क्षेत्र के फुचईपुर गांव में लगा 10 केवीए का ट्रान्सफार्मर 15 दिन से जला है। इसकी बार बार शिकायत के बाद भी अभी तक बदला नहीं गया। इससे गांव के लोगों को अंधेरे में रात गुजारना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने फुंके ट्रांसफार्मर को तत्काल बदले जाने की मांग की है।

### पूनम ने सीएसआईआर में हासिल की शानदार सफलता

**लहंगपुर (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के बेलहा गांव की बेटी पूनम पटेल ने सीएसआईआर (काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। पूनम ऑल इंडिया रैंकिंग में 213 वीं रैंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। पूनम अपना दल के पूर्व जिलाध्यक्ष रमाकांत पटेल की बेटी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्रीय विधायक रिंकी कोल ने पूनम को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। पूनम ने बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज से पढ़ाई की है। प्रधानाचार्य डॉ. धर्मजीत सिंह ने कहा कि पूनम की सफलता को कॉलेज और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

# परिषदीय स्कूलों में चलेगी स्मार्ट क्लास

**संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शिक्षा को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। इस अथक प्रयास से प्रयागराज अछूता नही है। परिषदीय विद्यालयों में निजी स्कूलों की तरह बेहतर शिक्षा शुरु कराने से अभिभावकों को भी मिलने वाली शिक्षा और अनुभव का एहसास होगा। ऐसे में करछना विधायक पीयूष रंजन ने अपने विधायक निधि की धनराशि से अपने विधानसभा क्षेत्र में शामिल परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास शुरु कराने की तैयारी की है।



उनकी इस पहल को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और सीडीओ ने भी अपनी तरफ से लिखित कार्रवाई शुरु करा दी है।

करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद ने अपने विधान सभा में आने वाले परिषदीय विद्यालयों में अपने निधि से स्मार्ट कला शुरु कराने का निर्णय लिया है। इस निर्णय पर शासन ने भी मुहर लगाई है। इसकी तैयारी के लिए पूरी जिम्मेदारी उप्र लघु उद्योग निगम, प्रयागराज को सौंपी गयी है। विद्यायक करछना ने कुल 32 स्कूलों को चयनित किया है। जिसमें विकास खंड चाका में पांच और करछना में 27 विद्यालयों को शामिल किया गया है। प्रत्येक विद्यालयों में लगभग 5.53 लाख रुपये का खर्च आएगा।

**▸▸ विधायक निधि से 5.53 लाख रुपये स्वीकृत, 32 विद्यालयों का किया गया चयन**

बीएसए प्रदीप कुमार तिवारी के मुताबिक इसका प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी शासन को भेजा है। शासन की अनुमति मिलते ही चयनित स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनवाने का कार्य शुरु कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया की जिले में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर शिक्षा विभाग की तरफ से कार्रवाई भी की जा रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की तरफ से इस साल 215 गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर जुर्माना लगाया गया है। कई ऐसे विद्यालय भी है जिन्हें चिन्हित किया जा रहा है।



## मिर्जापुर चौहारी के मेले में जुटी भीड़

**संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मिर्जापुर चौहारी का प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला गुरुवार को सकुशल संपन्न हुआ। मेले में जुटी भीड़ ने जमकर खरीदारी की और मेला का लुफ्त उठाया। रानीगंज क्षेत्र में यह मेला चर्चा का विषय बना रहता है। समिति के लोग मेला की तैयारी कई दिनों पहले करने लगते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला यह मेला रानीगंज क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला होता है। 15 वर्ष पूर्व दो गांवो के लोगों के विवाद के चलते प्रशासन के अधीन मेला आयोजित किया जाने लगा था। कई वर्षों तक यहाँ रावण का पुतला नही जला सके थे। गुरुवार को आयोजित मेला में रावण के पुतला की सुरक्षा में कई पुलिस कर्मी लगे रहें। रानीगंज के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्र ने प्रभु श्री राम की आरती की और मेला में आए हुए लोगों के प्रति आभार जताया।

# महाकुंभ 2025: कार्यों में लापरवाही, जेई-ऐई सस्पेंड

## सीवर लाइन बिछाने के कार्यों में पाई गई अनियमितता

**संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार:** महाकुंभ को लेकर प्रयागराज में चारों तरफ कार्य तेजी से चल रहा है। इन्हीं कार्यों में लापरवाही पाए जाने के बाद जल निगम के सहायक अभियंता (एई) और अवर अभियंता (जेई) को निलंबित कर दिया गया।

दोनों अधिकारियों पर सीवर लाइन परियोजना कराये जा रहे कार्यों में बड़ी गड़बड़ी पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। इस लापरवाही की जांच की जा रही थी। जिसके बाद मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने दो अक्टूबर को निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी पर यह कार्रवाई की है। इसके बाद उन्होंने दोनों मालूम हो कि प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर अरबों रुपये की परियोजनाओं का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कार्य में मंडलायुक्त ने दो अक्टूबर को चौफटका, मुंडेरा, विष्णुपुरी और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने के कार्यों का संपूर्ण निरीक्षण किया था। उस दौरान चौफटका पुल के पास पाइप लाइन के नीचे बिछाई जाने वाली बेड कंक्रीट एवं बैकफिलिंग के कार्य में बड़ी गड़बड़ी पाई गई थी। उस दौरान बिछाई गई सीवर लाइन के आस-पास खोदाई कराते ही पानी की बाहर निकल आया। मंडलायुक्त के पूछे जाने पर कोई जवाब नहीं दे सका। वहीं मुंडेरा चुंगी के पास बिछाई गई सीवर लाइन के काम में जीएसबी काम्पैक्श का कार्य अधूरा पड़ा मिला। वहीं कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए निर्देश दिया गया। मंडलायुक्त के निर्देश पर दोनों अधिकारियों को महाकुंभ के कार्यों से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। दोनों को कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया। वहीं मामले में अधिशासी अभियंता जल निगम, नगरीय खंड आशुतोष यादव ने बताया कि मंडलायुक्त के निरीक्षण में यह गड़बड़ी पकड़ी गई थी। जिसके आधार पर एई और जेई को निलंबित किया गया है।

## एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** एसटीएफ प्रयागराज और जेठवारा पुलिस ने जानलेवा हमले के मुकदमे में फरार 50 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उक्त मुकदमे के पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है। जेठवारा के जदवापुर भट्ठे के पास 21 जून 2024 को पीड़ित की मारपीट कर हत्या का प्रयास किया गया था। इसमें पुलिस ने आले हसन, महफूज, रुस्तम, मेराज, सोहेल व रिजवान के खिलाफ जानलेवा हमले सहित कई धाराओं में एफआईआर दर्ज किया था। आले हसन, रुस्तम, मेराज, सोहेल व रिजवान गिरफ्तार हो चुके थे लेकिन महफूज फरार था। आईजी रेंज की ओर से उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गुरुवार को एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट के एसआई रणेंद्र कुमार और साजिद आदि की टीम ने जेठवारा एसओ धर्मेंद्र सिंह की मदद से महफूज निवासी गोकुला को उसी के गांव के मोड़ के करीब स्थित ईदगाह के पास गिरफ्तार कर लिया। महफूज के खिलाफ जेठवारा में तीन और नगर कोतवाली थाने में एक मुकदमा पहले से ही दर्ज है।

# कुएं में गिरकर युवक की मौत

**संवाददाता, प्रयागराज**

**▸▸ कपड़ा धोते समय हुआ हादसा, पुलिस को नहीं दी सूचना, किया अंतिम संस्कार**

**अमृत विचार:** घर के बाहर कुएं पर बैठकर कपड़ा धो रहा युवक गुरुवार को कुएं में गिर गया। युवक के गिरते ही शोर शराबा शुरु हो गया। सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। लोग युवक को बचाने के लिए कुएं में कूद गये और उसे बाहर निकाला लेकिन युवक की मौत हो चुकी थी। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा गया। घरवालों के मुताबिक युवक की अगले महीने शादी होनी थी। पूरा मामला बहरिया के रैनी गांव का मामला है।

जानकारी के मुताबिक बहरिया थाना के रैनी गांव के रहमे वाले अरुण कुमार गुरुवार को घट के पास कुएं के चबूतरे पर बैठकर कपड़ा धूल रहा था। उस दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गया। उसने बचाव के लिए शोर मचाया तो आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीण पहुंचे तब उसे रस्सी के सहारे कुएं से कुएं में उतर गए लेकिन अरुण का कोई सुराग नहीं मिला। काफी देर तक ग्रामीणों में कटिया मारकर युवक की तलाश शुरु कर दी। कुछ देर बाद अरुण का शव कटिया में फंस और शव को बाहर निकाल लिया गया। घरवालों ने बताया कि अगले माह अरुण की शादी होनी थी। वह वह चार भाईयो और एक बहन में बीच का था। घरवालों ने पुलिस को घटना की जानकारी नहीं दी और बेटे का अंतिम संस्कार कर दिया।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पड़री (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** परसनपुर गांव के पास सड़क पार करते समय किसी वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग गया। परसनपुर गांव निवासी राकेश कोल (34) देर रात घर से निकल कर सड़क पार कर रहे था। सड़क पार करते समय किसी वाहन की चपेट में आ गया। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने उन्हें इलाज के लिए पीएचसी पड़री भेजवाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पड़री पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत होने पर पत्नी तारा रो-रोकर बेहाल हैं। थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने बताया कि हादसे में युवक की मौत होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# दोहरा के खिलाफ हो कार्रवाई : डीएम

**संवाददाता, जौनपुर**

**▸▸ जिलाधिकारी ने की खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक बुधवार देर सायं संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी, उप जिलाधिकारी और बाट माप विभाग की उपस्थिति में सैंपल की जांच करने जाएंगे।

जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से जानकारी ली कि एक अप्रैल से अब तक कितने सैंपल लिए गए हैं और उसमें कितने सैंपल पास और कितने फेल हुए है। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभियान चलाकर दोहरा के संबंध में प्रभावी कार्रवाई करें और दोहरा खाने से होने वाले नुकसान के संबंध में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने स्ट्रीट वेंडरों को जागरूक करने हेतु कार्यशाला अयोजित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने व्यापारियों की भी कार्यशाला अयोजित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि धान खरीद की तैयारी कर लें। जिलाधिकारी ने डीजी शक्ति, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना, आय प्रमाण पत्र, निर्विवाद उत्तराधिकार की माह अगस्त 2024 की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी उपजिलाधिकारी अभियान चलाकर पुराने मुकदमों का निस्तारण कराएं और अच्छा कार्य करने वाले लेखपालों को बुलाकर उनको सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन करें। सबसे अधिक विवाद वाले गांवों में जाकर मामले का निस्तारण कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कृषक दुर्घटना सहायता योजना में प्रगति लाई जाए। आइजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह ,समस्त उप जिलाधिकारी तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 94 किशोरियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकासखंड के महुगढ़ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य कर्मियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व स्वस्थ्य रहने के गुण बताए गए। डॉक्टर रीना सिंह की मौजूदगी में विद्यालय की 94 किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें वजन, हीमोग्लोबिन सहित आंख की जांच किया गया। इसके बाद स्वास्थ्य पोषण चार्ट के माध्यम से किशोरियों को समझाया गया। मेहंदी कार्यक्रम के तहत बच्चियों को गुर सिखाया। टीम के लोगों ने स्वस्थ्य रहने के लिये चिकित्सक ने कहा कि साफ, सफाई तथा स्वास्थ्य का ध्यान रखना अति आवश्यक है। इस उम्र के बच्चों को शिक्षा तथा आगे बढ़ने के लिए शरीर स्वस्थ्य होना आवश्यक है। स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है।

# नैनी जेल में बंद अतीक के बेटे का पोस्ट वायरल

**संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार:** नैनी सेंट्रल जेल में बंद माफिया अतीक अहमद के बेटे अली का इंस्टाग्राम से एक पोस्ट वायरल होने के बाद खलबली मच गयी है। पोस्ट में लिखा गया है कि, "चिरागों को नाखून में महफूज रखना, बड़ी दूर तक राज किया तुमने" "मुसाफ़िर हो तुम भी, मुसाफ़िर है हम भी किसी मोड़ पर मुलाक़ात फिर होगी" इस पोस्ट में वायरल की अली अहमद की फोटो उस वक्त की है जब वह सेंट जोसेफ में पढ़ता था। अली ने नाम पर बनाई गई इंस्टाग्राम की आईडी से तमाम पोस्ट वायरल किए जा रहे है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

माफिया अतीक अहमद का बेटा नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। उसके पिता और चाचा की मौत हो चुकी है। दोनों की मौत पर भी वह किसी तरह का कोई बयान देने के बदले आज तक चुप रहा। जेल में बंद अली के नाम पर इंस्टाग्राम की आईडी बनाकर कई पोस्ट वायरल किए जा रहे है। इस आईडी से वायरल होने वाले पोस्ट में अतीक-अशरफ गैंग के साथ साथ ही मुख्तार अंसारी और शहाबुद्दीन जा कुछ तस्वीरें वायरल की जा रही है। जो काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। माफिया अतीक अहमद के बेटे अली जुलाई 2022 से नैनी जेल में बंद है।

## सार-संक्षेप

### सपा ने मनाई महर्षि वाल्मिकी जयन्ती



**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सपा कार्यालय लोहिया ट्रस्ट परिसर में महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर सपा के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का प्राचीन काल के महान ऋषियों में प्रमुख स्थान है। इनके द्वारा रचित रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाता है। हिंदू धर्म की महान कृति रामायण महाकाव्य श्रीराम के जीवन और उनसे संबंधित घटनाओं पर आधारित है। इस अवसर पर पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, सुरेन्द्र पटेल, दामोदर मौर्य, आदर्श यादव, अभय यादव, अखिलेश सिंह, अरशद अली, रामजी चैहान, दुर्गाप्रसाद सिंह, राहुल यादव, मनोज चैहान आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता ने सर्कस किया उद्घाटन



**संवाददाता, शाहगंज, जौनपुर। अमृत विचार :** नगर के एराकियाना मोहल्ला में लगे ग्रेट राज सर्कस का भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन शो में ही भारी संख्या में लोग कला का प्रदर्शन देखने पहुंचे रहे। उद्घाटन के पश्चात सर्कस के कलाकारों ने झूले, मौत के कुएं आदि में अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों को रोमांचित किया, वहीं मणिपुर के कलाकारों ने चाकू को गले में उतारने के अलावा तलवार समेत धारदार हथियारों का प्रदर्शन कर खूब तालियां बटोरी। सर्कस प्रबंधक वकील अहमद ने बताया कि अभी कुछ कलाकार आएंगे। एक महीने के लिए प्रशासन ने स्वीकृति दी है। रोजाना तीन शो चलाया जाएगा इस मौके पर शाहिद एराकी, मुस्तकीम खान, शेखर साहू, मकसूद हसन, सभासद फैजान अहमद, आलोक चौधरी, सोनू विश्वकर्मा, विनोद गुप्ता, रिंकू गुप्ता, गुलाम जाकिर आदि रहे।

### नशीले इंजेक्शन बेचने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**संवाददाता, नैनी, अमृत विचार :** यमुना नगर और एसओजी यमुना नगर की संयुक्त टीम ने नशीले इंजेक्शन को बेचने वाले तीन कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 224 इंजेक्शन, डिस्पोजल सिरिंज एवं स्कूटी बरामद किया गया। पुलिस ने सभी अभियुक्तों का चालान कर जेल भेज दिया। थाना नैनी पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम द्वारा गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर इंदलपुर कब्रिस्तान के पास दबिश देकर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त प्रीतम नगर थाना धूमनगंज प्रयागराज निवासी दीपचन्द्र पुत्र स्व कन्हैया लाल तथा मछली गेट, चाका, थाना नैनी प्रयागराज निवासी आमिर खान पुत्र स्व सगीर खान एवं शाहरूख खान पुत्र स्व सगीर खान हैं।

### कार्यकर्ताओं ने मनाया डॉ. सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस



**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन दक्षिणी प्रवेश द्वार के सामने पथरहिया स्थित जिला कार्यालय में अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष ई. राम लौटन बिंद के अध्यक्षता में अपना दल के संस्थापक यश: कायी डॉ. सोनेलाल पटेल जी का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. सोने लाल पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक डॉ सुनील पटेल ने कहा कि आप लोगों ने देखा होगा कि 2014 से लगातार 2027 तक के लिए मां विंध्यवासिनी ने हम सब की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को प्रदेश का नेतृत्व करने के लिए उन्हें तीसरी बार अपना आशीर्वाद देकर एक इतिहास कायम किया है। श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय सचिव किसान मंच रमाकांत पटेल, राष्ट्रीय सचिव चिकित्सा मंच डॉक्टर एसपी पटेल, वंश नारायण सिंह पटेल, डॉ अनिल सिंह पटेल, आनंद सिंह, अरुणेश पटेल, सूर्य प्रकाश सिंह पूर्व पप्पू पटेल, मुन्नर सिंह पटेल, रामबली सिंह पटेल, दुखरन सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

### सीएसआईआर में दो छात्रों का चयन

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) संस्थान के रसायन विज्ञान विषय में डॉ. प्रमोद कुमार के मार्गदर्शन में शोध कर रहे सतीश यादव व डॉ. दिनेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में शोध कर रही मुस्कान साहू तथा सत्र 2023 के एमएससी रसायन विज्ञान से उत्तीर्ण विनय कुमार बिन्द ने सीएसआईआर जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण किए।

# एम्बुलेंस में आग से फटा सिलेंडर, एक घायल

**संवाददाता, प्रतापगढ़**

**अमृत विचार :** फ्लाईओवर के पास खड़ी एम्बुलेंस में आग लगने से तेज धमाका हुआ। जिससे उसके परखच्चे उड़ गए। एम्बुलेंस के उपकरण दूर जाकर गिरे। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया विस्फोट से आसपास खड़े वाहन और दुकान के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू किया। संयोग रहा कि कोई अनहोनी नहीं हुई।

नगर कोतवाली के रंजीतपुर चिलबिला में प्रयागराज-अयोध्या हाइवे पर फ्लाईओवर के पास बुधवार की देर रात दो पेट्रोल पंपों के बीच खड़ी एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। उसके अंदर सो रहा चालक सूरज भाग निकला। आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया। इस बीच एंबुलेंस में रखी सीएनजी किट फट गई। इसके बाद तेज धमाका हो गया और एम्बुलेंस के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान सड़क से जा रहा स्कूटी सवार घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज में उपचार के बाद घर भेज दिया गया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक डा.अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली।

# उपचुनाव को लेकर डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**संवाददाता, मिर्जापुर**

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने 397-मझवा विधानसभा उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस अधिकारियों के बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक केन्द्र एवं मतदेय स्थलो के नाम व मोबाइल नम्बर एवं बीएलओ के नाम मतदेय पर अंकित कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित करते हुए कहा कि दो दिन के अन्दर मतदेय स्थलों का निरीक्षण



कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि आप सभी के द्वारा रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट के अनुसार मतदेय स्थलों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान कोई कमी पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलो पर पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरा, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ले तथा कमियों को दुरूस्त कराएं। उन्होंने कहा कि यह भी देख ले कि मतदेय स्थलो पर भारी वाहनो के आने व जाने में कोई समस्या हो तो उसकी सूची बनाकर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अपने जोन अथवा सेक्टर में पड़ने वाले सभी थानो व पुलिस चैकियों के टेलीफोन नम्बर अपने जानकारी हेतु नोट रख ले। पूरे निर्वाचन के दौरान कभी भी इनकी आवश्यकता पड़ने नी प्रयोग किया जा सकें। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट इस प्रकार के गांव/मजरे/आबादी क्षेत्र के स्थानीय लोगों से सम्पर्क किया जाएगा। ऐसे लोगों को चिन्हित कर लिया जाए जो लोगों को डराने धमकाने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। ऐसे व्यक्तियों को सूची रिटर्निंग अधिकारी को उपलब्ध करा दें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कानून व्यवस्था सम्बन्धी कोई भी समस्या आने पर थाना प्रभारी को अवगत कराकर सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र की आवश्यकतानुसार समस्याओं की लिखित रिपोर्ट समीक्षा जोनल मजिस्ट्रेट को प्रस्तुत करें।

# यूपी बोर्ड कर्णिक संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**संवाददाता, प्रयागराज**

**▸▸ चयन आयोग के सदस्य, विधायक, यूपी बोर्ड के सचिव सहित अन्य अधिकारी शामिल**

**▸▸ वरिष्ठ शिक्षक नेता डॉ. हरिप्रकाश यादव ने पदाधिकारियों को दी बधाई**

**अमृत विचार:** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के कर्णिक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बोर्ड मुख्यालय में आज हुआ। अध्यक्षता यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने किया जबकि मुख्य अतिथि उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य पूर्व न्यायाधीश रामसुचित थे। मुख्य अतिथि ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।कर्णिक संघ के निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष मान सिंह,प्रांतीय महामंत्री जंग बहादुर सहित अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया।

कार्यक्रम में संरक्षक यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह, विशिष्ट अतिथि एमएलसी डा मान सिंह यादव, विधायक बारा वाचस्पति, पूर्व प्रांतीय महामंत्री माध्यमिक शिक्षा परिषद कर्णिक संघ राजू पासी, यूपी बोर्ड के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय की अपर सचिव विभा मिश्रा, अपर सचिव प्रशासन सरदार सिंह, अपर सचिव पाठ्य पुस्तक सत्येन्द्र नाथ, उप सचिव देवव्रत सिंह सहित अन्य लोग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवती सिंह सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज ने की।





कार्यक्रम में प्रान्तीय अध्यक्ष के पद पर मान सिंह, प्रान्तीय महामंत्री जंगबहादुर, उपाध्यक्ष राजेश पाल, अभिषेक त्रिपाठी, मंत्री अरविन्द पटेल, संयुक्त मंत्री हरिओम मौर्य एवं प्रदीप पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष आदेश पाल व कार्यकारिणी सदस्य राममिलन भारतीय, ओम कुमार, कुमारी मधु कपड़िया, धीरेन्द्र कुमार, योगेन्द्र कुमार पाल, अमरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार, रमेश चन्द्र, शालिनी जायसवाल, ब्रह्मप्रकाश सिंह, विवेक कुमार चौहान, आत्म प्रकाश, सुदीप चौधरी, शिव प्रसाद, विजय कुमार पाल,सत्यम अग्रवाल, शरजील अहमद, नीरज भारती, शिवम त्रिपाठी ने शपथ ग्रहण किया। संचालन राहुल देव शर्मा ने किया गया। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के संरक्षक डा हरिप्रकाश यादव ने शपथ ग्रहण करने वाले सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचित पदाधिकारी कर्मचारियों के हित में सदैव काम करें और सभी को लेकर साथ चले जिससे संगठन मजबूत हो।

### दबंगों ने घर में घुसकर कुनबे पर बरपाया कहर ,केस दर्ज

**बाबागंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में घर में घुसकर आधा दर्जन दबंगों ने वृद्ध समेत उसकी बहू को पीट दिया और घर में रखा सामान भी तोड़ डाला। दबंगों द्वारा पिटाई से घायल से वृद्ध की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महेशगंज थाना क्षेत्र के मिश्रन का पुरवा मजरे मसवन गांव के रहने वाले राजेश मिश्र पुत्र कालीचरण ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एक सप्ताह पूर्व उसके घर में जिगर, सागर पुत्रगण प्रदीप मिश्र, कुलदीप गुप्ता, वैभव सिंह, प्रदीप मिश्र निवासीगण पींग तथा चार अज्ञात व्यक्ति उनके घर में शाम को घुस कर उनके भतीजे इंद्रजीत को जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। हल्ला गुहार सुनकर जब उसकी बहू राधा और वह बचाने दौड़े तो हमलावरों ने उसकी बहू और उसको भी जमकर पीट दिया। हमलावरों ने घर में रखा सामान भी तोड़ दिया।

## खेल डायरी

### यूटीटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे देश के शीर्ष खिलाड़ी

**मडगांव।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सत्र की दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें मानव ठक्कर, जी साथियान, अहयिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। सीनियर पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीय ठक्कर, साथियान (पीएसपीबी) और मानुष शाह के साथ मिलकर अगुआई करेंगे। ठक्कर ने हाल में अस्ताना एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं अचिंता शरत कमल और हरमीत देसाई दोनों ने प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। महिला वर्ग में अयहिका और सुतिर्था भी जीत की लय जारी रखना चाहेंगी जिन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप में महिला युगल पदक जीतकर इतिहास रचा और टीम स्पर्धाओं में भारत को कांस्य पदक दिलाने में योगदान दिया। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी जिससे दीया चिताले जैसी खिलाड़ी को मौका मिलेगा।

### हैदराबाद में आज से शुरू होगी प्रो कबड्डी लीग

**हैदराबाद।** प्रो कबड्डी लीग 2024 (पीकेएल) का आगाज शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु बुल्स और तेलुगु टाइटन्स के बीच मुकाबले से होगा। पीकेएल 11वें सीजन का आयोजन तीन शहरों में होगा जिसमें हैदराबाद के साथ नोएडा और पुणे भी शामिल होंगे। हैदराबाद 18 अक्टूबर से नौ नवंबर तक कबड्डी मैचों के पहले चरण की मेजबानी करेगा वहीं नोएडा इंडोर स्टेडियम 10 नवंबर से दो दिसंबर तक निर्धारित दूसरे चरण का आयोजन स्थल होगा। पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन से 24 दिसंबर के बीच अंतिम चरण का आयोजन होगा। पीकेएल सीजन 11 के प्लेऑफ की तारीखों और स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। पुणेरी पलटन, तेलुगु टाइटन्स, बेंगलुरु बुल्स, बंगाल वॉरियर्स, यू मुंबा, हरियाणा स्टीलर्स, तमिल थलाइवाज, दबंग दिल्ली, गुजरात जायंट्स, जयपुर पिंक पैंथर्स, पटना पाइरेट्स और यूपी योद्धा समेत सभी 12 पीकेएल टीमें लीग चरण में एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी। सीजन तीन से पांच के बीच तीन खिताब हासिल करने वाली पटना पाइरेट्स टीम, पीकेएल इतिहास की सबसे सफल टीम है उसके बाद जयपुर पिंक पैंथर्स है जिसने 2014 में उद्घाटन संस्करण जीतने के बाद सीजन 9 में अपना दूसरा खिताब जीता था।

### एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला आज

**नई दिल्ली।** एसीसी टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 में भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए से शुक्रवार को होगा। ओमान में 18 से 27 अक्टूबर तक खेली जानी वाली इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले अल अमारात में ओमान क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेले जायेंगे। भारतीय टीम कल पाकिस्तान ए के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया गया है और टीमें राउंड रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। एशिया कप 2024 की टीमें और ग्रुप ए में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, हांगकांग चीन, ग्रुप बी में भारत ए, पाकिस्तान ए (पाकिस्तान शाहीन्स), ओमान, संयुक्त आराम अमीरात (यूएई), एशियाई क्रिकेट टूर्नामेंट का यह छठा संस्करण है लेकिन यह पहली बार होगा कि एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा।

### डीसी के निदेशक बने राव, बदानी मुख्य कोच नियुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने गुरुवार को 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से पहले अपने नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्षेत्ररक्षण कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया। बदानी ने कहा दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मुझ पर भरोसा करने के लिए टीम के मालिकों का आभारी हूं। भारत के लिए 16 वनडे खेलने वाले राव 2009 में आईपीएल जीतने वाली डेक्कन चार्जर्स टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए तीन आईपीएल सत्र में भी खेले और दुबई कैपिटल्स से जुड़े रहे। राव ने कहा फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है और मैं इस भूमिका की पेशकश करने के लिए टीम के मालिकों द्वारा दिखाये भरोसे के लिए आभारी हूं।

## पहले टेस्ट के दूसरे दिन 46 रनों पर सिमटी भारतीय टीम, 37 साल बाद बनाया न्यूनतम स्कोर, न्यूजीलैंड ने बनाई 134 रनों की बढ़त

# हेनरी के आगे बिखरे भारतीय धुरंधर



मैट हेनरी

5 विकेट

15 रन

13 ओवर



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शून्य पर आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली, सरफराज खान, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा और आर अश्विन (बाएं से दाएं) निराशा के मैदान से बाहर गए। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

मैट हेनरी (पांच विकेट) और विलियम ओरूर्के (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे के (91) अर्द्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 180 बनाकर भारत पर पहली पारी के आधार पर 134 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

- मैट हेनरी ने पांच और विलियम ओरूर्के ने लिए चार विकेट डेविड कॉन्वे शतक से चूके
- ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए रविंद्र जडेजा कुलदीप और अश्विन को एक-एक विकेट

भारत को पहली पारी में मात्र 46 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने मैदान पर आयी न्यूजीलैंड टीम के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। 18वें ओवर में कुलदीप ने टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई। दूसरे विकेट की साझेदारी में कॉन्वे और विल यंग ने टीम के स्कोर को 142 रनों तक पहुंचाया जहां जाडेजा ने विल यंग (33) को कुलदीप के हाथों कैच आउट करा न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिराया। इसके बाद अपने शतक की तरफ बढ़ रहे डेवन कॉन्वे (91) को अश्विन ने बोल्ड कर टीम के लिए तीसरा विकेट लिया। खेल समाप्ति के समय रचिन रविंद्र (22) तथा डैरिल मिचेल 14 रनों पर नाबाद रहे। भारत की ओर से आर अश्विन, कुलदीप यादव तथा रवीन्द्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और सातवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विराट कोहली और सरफराज खान (शून्य) पर पवेलियन लौट गए इस दौरान बारिश शुरु होने से कुछ देर खेल रूका रहा। विराट को विलियम ओरूर्के और सरफराज को मैट हेनरी ने आउट किया। बारिश रुकने के बाद बल्लेबाजी करने आये यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 21 ओवर में विलियम ओरूर्के ने यशस्वी जायसवाल (13) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत के लगातार विकेट गिरते गए। ऋषभ पंत ने टीम के लिए सर्वाधिक (20) रन बनाए।

आलम यह था कि भारत के नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 31.2 ओवर में 46 के स्कोर पर सिमट गई। इसी के साथ घरेलू पिच पर सबसे कम स्कोर बनाने का 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इससे पहले भारतीय टीम 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 75 रन पर ऑलआउट हुई थी। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 15 रन देकर पांच विकेट लिये। विलियम ओरूर्के को 22 रन देकर चार विकेट मिले। टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 46/10** (31.2 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पटेल बो ओरूर्के | 13 | 63 | 1/0 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 2 | 16 | 0/0 |
| विराट कोहली का फिलिप्स बो ओरूर्के | 0 | 9 | 0/0 |
| सरफराज खान का कोंवे बो हेनरी | 0 | 3 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का लाथम बो हेनरी | 20 | 49 | 2/0 |
| केएल राहुल का ब्लंडेल बो ओरूर्के | 0 | 6 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा का पटेल बो हेनरी | 0 | 6 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का फिलिप्स बो हेनरी | 0 | 1 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का ब्रासवेल बो हेनरी | 2 | 17 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का हेनरी बो ओरूर्के | 1 | 3 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 4 | 16 | 1/0 |

**अतिरिक्त** : 4, **गेंदबाजी** : साउदी 6-4-8-1, हेनरी 13.2-3-15-5, ओरूर्के 12-6-22-4

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 180/3** (50 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3/0 |
| डेवोन कोंवे बो अश्विन | 91 | 105 | 11/3 |
| विल यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5/0 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 22 | 34 | 2/0 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 14 | 39 | 1/0 |

**अतिरिक्त** : 5, **गेंदबाजी** : बुमराह 10-4-23-0, सिराज 7-1-21-0, अश्चिन 11-1-46-1, कुलदीप 12-1-57-1, जडेजा 10-0-28-1

### टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत का सबसे न्यूनतम स्कोर

**बेंगलुरू।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई जो स्वदेश में खेले गए 293 टेस्ट में उसका न्यूनतम स्कोर है। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यह पहली बार है कि घरेलू टेस्ट की पारी में भारतीय टीम 50 रन भी नहीं बना सकी। इसके अलावा यह दूसरी बार है कि घरेलू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच भारतीय बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इससे पहले 1999 में मोहाली टेस्ट में ऐसा हुआ था। घरेलू मैदान पर भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 37 साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 1987 में दिल्ली में दर्ज हुआ था। भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर चार साल पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में बना जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी।

**स्वदेश में भारत के न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| रन | स्थान | वर्ष | टीम |
|---|---|---|---|
| 46 | बेंगलुरू | 2024 | न्यूजीलैंड |
| 75 | दिल्ली | 1987 | वेस्टइंडीज |
| 76 | अहमदाबाद | 2008 | दक्षिण अफ्रीका |
| 83 | मोहाली | 1999 | न्यूजीलैंड |
| 88 | मुंबई | 1965 | न्यूजीलैंड |

**विदेश में न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| रन | स्थान | वर्ष | टीम |
|---|---|---|---|
| 36 | एडीलेड | 2020 | ऑस्ट्रेलिया |
| 42 | लॉडर्स | 1974 | इंग्लैंड |
| 58 | ब्रिसबेन | 1947 | ऑस्ट्रेलिया |
| 58 | मैनचेस्टर | 1952 | इंग्लैंड |
| 66 | डरबन | 1996 | दक्षिण अफ्रीका |



मैच खत्म होने के बाद पवेलियन लौटती भारतीय टीम। ● एजेंसी

### 46 रन पर टीम को आउट होते देखकर दुखी हूं : रोहित

बेंगलुरू। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह दुखी हैं। बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पारी 31.2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या दो खराब फैसले चलते हैं। इससे पहले भारत में टीम का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था।

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को मिला रजत, नरूका ने जीता कांस्य पदक

नई दिल्ली, एजेंसी

अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई।

विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया।



अनंतजीत सिंह नरूका। ● एजेंसी

नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

## महिला क्रिकेटरों को उनका दर्जा मिलते देख खुश हूं : नीतू

**नई दिल्ली।** पूर्व स्पिनर नीतू डेविड जब आईसीसी हाल आफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला बनी तो क्रिकेट का उनका पूरा सफर उनकी आंखों के सामने फ्लैशबैक की तरह घूम गया। डायना एडुल्जी के बाद वह यह सम्मान पाने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। डेविड इस समय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मुख्य चयनकर्ता हैं।

डेविड ने कहा मैं हैरान होने के साथ रोमांचित भी थी। मुझे नहीं पता था कि हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली मैं दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हूं। मुझे अपने करियर का वह दौर याद आ गया जब हमारे पास सुविधाएं नहीं होती थी लेकिन हम साथी खिलाड़ियों और परिवार के सहयोग से खेलते रहते थे। जब मैंने भारत के लिए खेलना शुरू किया तो कोई सुविधाएं नहीं थी। मुझे अपने साथी खिलाड़ियों से काफी सहयोग मिला।

## डेनमार्क ओपन : क्वार्टरफाइनल में सिंधु

कोपेनहेगन, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन 2024 के राउंड ऑफ 16 में चीन की हान यू को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 63 मिनट तक चले मैच में चीनी खिलाड़ी पर 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की। चीन की हान यू पर पीवी सिंधु की यह सातवीं जीत है।

भारतीय शटलर पीवी सिंधु को पहले गेम में 18-21 से हारने के बाद वापसी की और दूसरे गेम में शानदार शुरुआत करते हुए बढ़त हासिल की और चीन की शटलर के खिलाफ ब्रेक से पहले तक 11-6 की बढ़त बनाते हुए गेम पर अपनी पकड़ मजूबत कर ली। ब्रेक के बाद भी सिंधु ने अपनी लय जारी रखते हुए विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी को 21-12 से स्कोर से हराकर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। तीसरा और निर्णायक गेम बेहद रोमांचक रहा। सिंधु ने 2-1 की बढ़त के साथ गेम का आगाज किया। इसके बाद चीन की शटलर ने भी वापसी करते हुए कुछ अंक जुटाए और गेम में 7-7 की बराबरी कर ली। यहां से भारतीय शटलर पर दबाव साफ दिख रहा था क्योंकि चीन की हान यू ने दो अंकों की अहम बढ़त हासिल कर ली थी। सिंधु को यह मैच जीतने के लिए गेम में बढ़त बनाने की दरकार थी और उन्होंने पहले 11-11 से बराबरी की और फिर लय हासिल करते हुए 19-16 की बढ़त लेकर चीन की शटलर को बैकफूट पर धकेला। इसके बाद सिंधु ने लगातार दो अंक हासिल करते हुए मैच को 2-1 से अपने नाम कर लिया।



## बॉलीवुड हलचल



### है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करते नजर आ सकते हैं। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल हनी बन्नी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस सीरीज के अलावा वरुण इन दिनों एक और फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम ' 'है जवानी तो इश्क होना है' ' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है रमेश तौरानी के प्रोडक्शन की इस फिल्म को वरूण के पिता डेविड धवन निर्देशित करेंगे। डेविड धवन इससे पूर्व वरूण धवन को लेकर मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 बना चुके हैं। चर्चा है कि वरुण धवन नवंबर में गोवा में है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग शुरू करेंगे ।अगले साल की शुरुआत में इस फिल्म के कुछ सींस की शूटिंग विदेश में की जा सकती है।

### 20 को होगा चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलिविजन प्रीमियर जी सिनेमा पर 20 अक्टूबर को होगा। जी सिनेमा इस वीकेंड चंदू चैंपियन के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के साथ मुरलीकांत पेटकर का बेमिसाल सफर लेकर आ रहा है ।कबीर खान द्वारा निर्देशित और कार्तिक आर्यन के दमदार अभिनय से सजी यह फिल्म न सिर्फ इंसानी जज्बे की जीत दर्शाती है बल्कि हौसले की सच्ची कहानियों को भी सलाम करती है। कार्तिक आर्यन ने बताया, मुरलीकांत पेटकर का रोल निभाने की तैयारी के लिए मैंने अपनी डाइट और लाइफस्टाइल पूरी तरह बदल दी। मुझे ऐसी डाइट लेनी पड़ी जो मेरे लिए अनजान थी और जिनका स्वाद हमेशा अच्छा नहीं होता था। यह मेरे जैसे खाने के शौकीन इंसान के लिए एक चैलेंज था। इसने न सिर्फ मेरे शरीर को बदला, बल्कि मुझे और ज्यादा ध्यानशील और सकारात्मक इंसान भी बनाया। मैंने लगभग 18 महीनों तक एक सख्त दिनचर्या का पालन किया, जिसमें मैंने पूरी लगन से मेहनत की और अपने कैलोरी इनटेक को एडजस्ट किया। शुरुआत में मुझे संघर्ष करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद मैंने अंततः इस अनुशासित जीवनशैली को अपनाया- समय पर खाना, समय पर सोना और नियमित रूप से जिम जाना। अपनी पिछली खाने की आदतों को छोड़ना कठिन था, लेकिन अब मैं इस नई दिनचर्या का आदी हो गया हूं, जो हमेशा स्वाद में अच्छी नहीं होती लेकिन मेरी पूरी सेहत पर सकारात्मक असर करती है।

### शर्वरी बनीं मिराजियो के नए क्लेक्शन की मॉडल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी हैंडबैग ब्रांड मिराजियो के नये क्लेकशन की मॉडल बनायी गयी है। मशहूर हैंडबैग ब्रांड मिराजियो ने बॉलीवुड स्टार शर्वरी के साथ अपने ए/डब्लू 24 क्लेक्शन का अनावरण किया है। #मेडफॉरमोर कैंपेन सिर्फ एक लॉन्च नहीं है, बल्कि उन महिलाओं का उत्सव है जो सीमाओं से परे जाकर उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर रहती हैं। मिराजियो का यह नया कलेक्शन उन साहसी, आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऊंचाइयों को छूने और सीमाओं से परे जाने की चाह रखती हैं। शर्वरी ने कहा, मैं मिराजियो के #मेडफॉरमोर कैंपेन का चेहरा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस कैंपेन के पीछे का संदेश मेरे दिल के बेहद करीब है ।यह महिलाओं को बड़ा सपना देखने और साधारण से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। मैंने हमेशा यह माना है कि हमें वही पाना चाहिए जो हमारे दिल को जोश से भर देता है, और मिराजियो उसी साहसी भावना को दर्शाता है। इसीलिए यह सहयोग मेरे लिए एक स्वाभाविक फिट की तरह है। हम मिलकर उन महिलाओं का उत्सव मना रहे हैं जो उत्कृष्टता की खोज में निडर हैं।

## दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 297 रनों का लक्ष्य

मुल्तान, एजेंसी

पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट में फंस गया है।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती पाकिस्तान की टीम। ● एजेंसी

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही साजिद खान ने बेन डकेट को शून्य पर रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को पहली सफलता दिला दी। चौथे ओवर में नौमन अली ने जैक क्रॉली (तीन) को रिजवान के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र 11 रन था। तीसरे दिन का खेल समाप्ति पर ऑली पोप (21) तथा जो रुट (12) रनों पर नाबाद रहे। इससे पहले दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और छठें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (चार) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान शान मसूद (11) भी बशीर का शिकार बने। सईम अयूब (22) के रूप में तीसरा विकेट पर भी बशीर को मिला। कामरान गुलाम (26) को जैक लीच ने पगबाधा आउट किया। मोहम्मद रिजवान (23) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। चायकाल के बाद लीच ने 43वें ओवर में पाकिस्तान को छठा झटका दिया और सऊद शकील (31) को पगबाधा आउट कर दिया। दो ओवर बाद ही लीच ने फिर नये बल्लेबाज आमेर जमाल को एक रन पर बोल्ड आउट कर टीम को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद नौमन अली (1) को बशीर ने स्टोक्स के हाथों के कैच आउट कराया। पाकिस्तान का नौवां विकेट आगा सलमान के रुप में गिरा। इस तरह उसकी कुल बढ़त 296 रन की हो गयी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

